ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com ● रांची ● कार्तिक कृष्ण पक्ष 06 ● विक्रम संवत 2080 ● शुक्रवार, 03 नवम्बर 2023 ● वर्ष-24 ● अंक- 269 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 2.00

'झलक दिखला जा' में जज के रूप में ... पेज 10 पर



## रोहित सेना ने मुंबई में किया 'लंका दहन'

### भारत ने सेमीफाइनल में मारी एंट्री



**एजेंसी। मुंबई**

भारत ने क्रिकेट वर्ल्ड कप में श्रीलंका को जीत के लिए 358 रन का लक्ष्य दिया था। जवाब में श्रीलंका की पूरी टीम 19.4 ओवर में 55 रन पर सिमट गई और भारत ने 302 रन से यह मुकाबला अपने नाम किया। यह भारत की वर्ल्ड कप इतिहास में सबसे बड़ी जीत है। साथ ही वर्ल्ड कप 2023 में टीम इंडिया सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली टीम भी बन गई है। मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में टीम इंडिया की बादशाहत श्रीलंका के खिलाफ कायम रही। पहले भारतीय बल्लेबाजों ने श्रीलंकाई गेंदबाजों की जमकर धुनाई की। फिर, भारतीय गेंदबाजों ने भी अपना जादू बिखेरा। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 विकेट पर 357 रन बनाए। जवाब में भारतीय गेंदबाजों ने श्रीलंका को 19.4 ओवर में 55 रन पर ऑलआउट कर दिया। भारत के लिए मोहम्मद शमी ने सबसे ज्यादा 5 विकेट लिए और अपना दमदार प्रदर्शन जारी रखा। मोहम्मद सिराज ने भी 3 विकेट चटकाए। जबकि, जसप्रीत बुमराह और जडेजा को 1-1 विकेट मिला। इससे पहले सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल (92), स्टार बल्लेबाज विराट कोहली (88) और मध्य क्रम के श्रेयस अय्यर (82) शानदार प्रदर्शन करने के बावजूद अपने-अपने शतक से चूक गए। लेकिन, भारत ने उनकी बेहतरीन पारियों से श्रीलंका के खिलाफ विश्व कप मुकाबले में गुरुवार को 50 ओवर में 8 विकेट पर 357 रन का मजबूत स्कोर बनाया।

### झारखंड महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी

## भारत ने कोरिया को 5-0 से रौंदा

### थाईलैंड को पांच मैचों में एक में भी जीत नसीब नहीं

### मलेशिया चार अंक लेकर पांचवें नंबर पर



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भारतीय महिला हॉकी टीम ने रांची के मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में जारी झारखंड महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में गुरुवार को कोरिया को 5-0 से हरा दिया और अपनी लगातार पांचवीं जीत दर्ज कर ली। मेजबान भारत के लिए सलीमा टेटे ने छठे और 36वें मिनट में जबकि नवनीत कौर ने भी 36वें मिनट में गोल किए। उनके अलावा वंदना कटारिया ने 49वें मिनट में टीम का चौथा गोल किया, वहीं नेहा ने 60वें मिनट में पांचवां गोल दागा। भारत ने पांच मैचों में लगातार पांच जीत के साथ 15 अंक लेकर अंकतालिका में नंबर वन पर रहकर ग्रुप चरण में अपने अभियान को समाप्त किया। आपको बता दें कि गुरुवार को झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन हॉकी स्टेडियम पहुंचे और भारत-कोरिया मैच का आनंद लिया।

भारत के अलावा चीन, जापान और कोरिया की टीमें भी सेमीफाइनल में जगह बनाने में सफल रही। सेमीफाइनल में अब भारत का सामना कोरिया से जबकि जापान के सामने चीन की चुनौती होगी। इससे पहले दिन के पहले मैच में मलेशिया ने थाईलैंड को 2-0 से हरा दिया। मलेशिया के लिए नूर मोहम्मद ने 25वें और नूर यूसैनी ने 52वें मिनट में गोल दागे। दूसरे मैच में चीन ने जापान को 1-0 से मात दे दी। चीन के लिए एकमात्र गोल बिंगफेंग जियू के स्टिक के आठवें मिनट में आया। चीन ने पांच मैचों में तीन जीत और दो ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### आईसीसी वर्ल्ड कप 2023

भारत vs श्रीलंका

भारत - 357/8 (50 ओवर)

श्रीलंका - 55/10 (19.4 ओवर)

**आज का मैच**

नीदरलैंड बनाम अफगानिस्तान से, लखनऊ में (2 बजे से)

## गागर में सागर

### झारखंड कैबिनेट की बैठक आज

**रांची।** झारखंड कैबिनेट की बैठक तीन नवंबर को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में होगी। बैठक शामचार बजे प्रोजेक्ट भवन में होनेवाली इस बैठक में कई अहम प्रस्तावों पर मुहर लगने की संभावना है। बैठक में राज्य कर्मियों को चार प्रतिशत महंगाई भत्ता देने की घोषणा की जा सकती है।साथ ही पेसा नियमावली की भी मंजूरी मिल सकती है। कैबिनेट में हरमू फ्लाईओवर निर्माण की भी स्वीकृति देने की तैयारी हो रही है। मंत्रिमंडल सचिवालय एवं सम्बन्ध में विभाग में सभी विभागों को पत्र लिखा है और कैबिनेट से जुड़े संलेख मांगे हैं। इसके अलावे बैठक में उर्दू और संस्कृत विद्यालय के शिक्षकों को ओल्ड पेंशन, विनोद बिहारी विश्वविद्यालय के भवन निर्माण संबंधी प्रस्तावों पर निर्णय होने की संभावना है।

### उग्रवादी दस्ता के लिए पूरी-कचौड़ी ले जा रहा युवक चढ़ा पुलिस के हत्थे

**पलामू।** जिले की नावाजयपुर थाना पुलिस ने उग्रवादी संगठन टीएसपीसी के नगीनाजी एवं नेपालीजी के लिए कचौड़ी एवं जलेबी पैक कराकर ले जा रहे युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक नावाजयपुर के टुइयां गांव निवासी प्रेमचन्द यादव (25) है। पुलिस ने उसके पास से स्क्रीन टच मोबाईल, मोटरसाइकिल (जेएच03एस 5508.), प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन टीएसपीसी का लिखा हुआ पर्चा 04 पीस समेत अन्य सामान बरामद किये हैं। गिरफ्तार व्यक्ति नक्सली दस्ता के लिए 60 पीस कचौड़ी, एक किलो जलेबी, छह पैकेट गुड डे बिस्कुट और चार पैकेट सत्तू ले जा रहा था। विश्रामपुर के एसडीपीओ सुरजीत कुमार ने जानकारी दी कि पलामू एसपी को मिली सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस टीम ने बाजार में गहन निगरानी की। इस दौरान पाया कि एक व्यक्ति जल्दबाजी में अधिक मात्रा में कचौड़ी एवं जलेबी पैक कराने के बाद उसे अपनी मोटरसईकिल के हैंडल में टांगकर जा रहा था। वह दीपौवा गांव होते हुए रोल पहाड़ी की ओर जाने लगा। पुलिस टीम भी उसका पीछा करते हुए रोल पहाड़ी के समीप पहुंच गई। वह पहाड़ी के समीप अपनी मोटरसाईकिल खड़ा कर अपने साथ लाये खाने-पीने एवं अन्य समाग्री से भरा झोला को लेकर पैदल पहाड़ी की ओर चढ़ने लगा। वहीं, पुलिस को अपनी ओर आता देख वह पहाड़ी की ओर भागने लगा। उसे भागता देख पुलिस ने उसको दौड़ाकर पकड़ लिया।

### झारखंड मंत्रालय में नियुक्ति पत्र वितरण समारोह का आयोजन

# 66 पशु चिकित्सकों को मिला नियुक्ति पत्र

### पूरी ईमानदारी और निष्ठा से अपनी सेवा दें : मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सीएम हेमंत सोरेन ने गुरुवार को झारखंड मंत्रालय में कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग द्वारा आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में नवनियुक्त 66 पशु चिकित्सकों को नियुक्ति पत्र सौंपा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड में लगातार नियुक्तियां हो रही हैं। युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। झारखंड गठन के वक्त जो कार्य होना चाहिए था, वे आज उन कार्यों को कर रहे हैं। पूर्व की सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि जब से उनकी सरकार बनी है, तब से उनकी प्राथमिकता में युवा हैं। उन्हें रोजगार देने में सरकार जुटी हुई है। पिछले दिनों पलामू में आयोजित प्रमंडल स्तरीय रोजगार मेले में बड़ी संख्या में युवाओं के बीच ऑफर लेटर का वितरण किया था। रोजगार मेले के जरिए अब तक 40 हजार से अधिक युवाओं को ऑफर लेटर दिया जा चुका है। इसी क्रम में पशु चिकित्सकों को आज नियुक्ति पत्र सौंपा गया। पूरी ईमानदारी और निष्ठा से ये अपनी सेवा देंगे, ऐसी उन्हें आशा है। इस मौके पर कृषि मंत्री बादल पत्रलेख, ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम समेत कई पदाधिकारी मौजूद थे।

#### युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य में लगातार नियुक्तियां हो रही हैं। अभी बड़े पैमाने पर नियुक्ति होनी है। युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकताओं में है। सरकार ने डॉक्टर, इंजीनियर व शिक्षकों समेत अन्य पदों पर बहाली की है। पलामू में पांच हजार से अधिक युवाओं को ऑफर लेटर दिया गया है। अब तक 40 हजार से अधिक युवाओं को सरकार ऑफर लेटर दे चुकी है।



### कोल्ड स्टोरेज किसानों के लिए मील का पत्थर साबित होंगे : कृषि मंत्री

#### किसानों को दी 5000 एमटी क्षमता के कोल्ड स्टोरेज की सौगात



**नेपाल हाउस**, डोरंडा में गुरुवार को चतरा के कोल्ड स्टोरेज के लिए श्री तृप्ति राइस मिल प्रा. लि. और पूर्वी सिंहभूम के स्टोरेज के संचालन के लिए चयनित एजेंसी मेसर्स हजारीबाग होप एंड हेल्थ केयर प्रा. लि. के साथ एमओयू हुआ। इससे चतरा और पूर्वी सिंहभूम के किसानों को अब 5000-5000 मीट्रिक टन की क्षमता का लाभ मिलेगा। मौके पर कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री बादल ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी लगातार कोल्ड स्टोरेज के निर्माण, उपयोग, संचालन को लेकर दिलचस्पी दिखा रहे थे। ऐसे में कृषि, सहकारिता विभाग ने लगातार पहल की। अब जब एमओयू हो रहा है तो किसानों के लिहाज से इसे देखते खुशी हो रही है। ये कोल्ड स्टोरेज किसानों के लिए मील का पत्थर साबित होंगे। उनके आय में वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि सब्जियां और दूसरे फसलों के लिए कोल्ड स्टोरेज की सुविधा से समय पर उन्हें बाजार में उचित मूल्य पर बेचने में मदद मिलेगी। मिडिल मैन, बिचौलियों के हाथों औने-पौने दाम पर बेचने की नौबत नहीं आएगी। आने वाले समय में राज्य के 18 जिलों में भी कोल्ड स्टोरेज जल्द धरातल पर दिखेंगे। शेष चार जिलों धनबाद, खूंटी, रामगढ़ में भी स्टोरेज के लिए स्वीकृति मिल चुकी है। बादल ने कहा कि पिछले दो सालों से लगातार सुखाड़ का सामना झारखंड के किसानों को करना पड़ा है। इससे पहले कोरोना संकट रहा। इन सबके बावजूद राज्य सरकार किसानों के लिए खड़ी रही। किसानों, पशुपालकों को प्रति लीटर तीन रुपये का प्रोत्साहन राशि ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## रिम्स हॉस्टल के छात्र का मिला अधजला शव





### हॉस्टल की छत पर मिले पेट्रोलियम पदार्थ के अंश और कदमों के निशान

### पुलिस को आशंका है कि छात्र पर पेट्रोलियम पदार्थ उड़ेलकर लगायी गई आग

### हत्या और आत्महत्या के बिंदु पर जांच में जुटी पुलिस

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजेंद्र इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस (रिम्स) के हॉस्टल नंबर पांच के कैंपस से गुरुवार को मेडिकल के एक छात्र का अधजला शव मिला है। छात्र की पहचान डॉ मदन कुमार के रूप में की गई है। वे रिम्स में एफएमटी के सेकेंड ईयर के छात्र थे। मूलरूप से तामिलनाडु के मदुरै के रहने वाले मदन वर्तमान में रिम्स के हॉस्टल नंबर पांच में कमरा नंबर 79 में रह रहे थे। पुलिस की आरंभिक जांच में हॉस्टल के छत से किसी के कदमो के निशान मिले हैं। पुलिस को मिले निशान छात्रावास की छत की चहारदीवारी तक मौजूद था। छत पर कई स्थान पर पेट्रोलियम पदार्थ पसरे हुए मिले हैं। आशंका व्यक्त की जा रही है कि छात्र पर ज्वतंतशील पदार्थ उड़ेला गया और फिर जान बचाकर छात्र दौड़ते हुए हॉस्टल के चौथे मंजिल से छलांग लगा दी। जिससे ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### जमीन घोटाला : छवि रंजन की जमानत पर सुनवाई पूरी

**रांची।** जमीन घोटाले के आरोप में निलंबित आईएएस छवि रंजन की जमानत याचिका पर गुरुवार को ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की अदालत में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान ईडी की ओर से विशेष लोक अभियोजक रमित सत्येंद्र ने बहस की जबकि छवि रंजन की ओर से हाई कोर्ट के अधिवक्ता अभिषेक चौधरी ने बहस की। छवि रंजन के अधिवक्ता ने उन्हें बेगुनाह बताते हुए जमानत दिए जाने की गुहार लगाई जबकि ईडी की ओर से कहा गया कि रांची के डीसी रहते हुए छवि रंजन की जानकारी और सहमति से जमीन घोटाला किया गया है। दोनों पक्षों की ओर से बहस पूरी होने के बाद अदालत अब अपना फैसला सुनाएगा। यह मामला चेशायर होम रोड में फर्जी दस्तावेज के सहारे जमीन की खरीद-बिक्री से जुड़ा है।

### अमित और दिलीप घोष की जमानत पर सुनवाई आठ को

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट में बरियातू स्थित सेना की भूमि की खरीद बिक्री घोटाले मामले में आरोपित अमित कुमार अग्रवाल और दिलीप घोष की जमानत याचिका पर सुनवाई गुरुवार को हुई। जस्टिस दीपक रोशन की कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई आठ नवंबर निर्धारित की है। बरियातू स्थित 4.55 एकड़ सेना के कब्जे वाली जमीन की खरीद-बिक्री से जुड़े मामले में ईडी ने रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन, कारोबारी विष्णु अग्रवाल, बड़गाईं अंचल के राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, फर्जी रैयत प्रदीप बागची, जमीन कारोबारी अफसर अली, इम्तियाज खान, तल्हा खान, फैयाज खान व मोहम्मद सद्दाम,अमित अग्रवाल और दिलीप घोष के खिलाफ चार्जशीट दाखिल किया है। मामले को लेकर ईडी ने ईसीआइआर 1/2023 दर्ज किया है।

### इलेक्टोरल बांड पर तीसरे दिन दलीलें खत्म

## सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से मांगा हिसाब



**एजेंसी। नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने इलेक्टोरल बांड को चुनौती देने से संबंधित याचिकाओं पर सुनवाई के तीसरे दिन गुरुवार को फैसला सुरक्षित रख लिया। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच सदस्यीय संविधान बेंच ने निर्वाचन आयोग को निर्देश दिया कि वो 30 सितंबर तक के इलेक्टोरल बांड के सभी आंकड़े दाखिल करे। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि ये आंकड़े दो हफ्ते के अंदर सुप्रीम कोर्ट की रजिस्ट्री में सीलबंद लिफाफे में दाखिल किए जाएं।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि निर्वाचन आयोग स्टेट बैंक और राजनीतिक दलों से फंड का आंकड़ा ले। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने निर्वाचन आयोग से पूछा कि हमारे आदेश के बावजूद 2019 के बाद कोई डेटा क्यों नहीं दाखिल किया गया। कोर्ट ने कहा कि मौजूदा योजना में खामियां हैं। विधायिका चाहे तो और ज्यादा पारदर्शिता वाली योजना ला सकती है। संतुलन बनाने का काम कार्यपालिका को करना है ना कि न्यायपालिका को।

सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से कहा कि इस मामले में कुछ बातों पर विचार करने की जरूरत है। पहला ये कि नकद लेन-देन को कम करने की आवश्यकता है। दूसरा कि चेक, ड्राफ्ट या प्रत्यक्ष डेबिट जैसे अधिकृत बैंकिंग चैनलों का उपयोग हो। तीसरा इस स्कीम में पारदर्शिता हो। चौथा कि ये स्कीम किकबैक (रिश्वतखोरी) की स्वीकृति को वैध बनाने का एक तरीका ना बने।

एक नवंबर को सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस ने कहा था कि इलेक्टोरल बांड चुनिंदा लोगों के लिए ही गोपनीय है। किसने किस पार्टी को कितना डोनेशन दिया है, इसके बारे केवल एजेंसियों या स्टेट बैंक को पता होगा। यह योजना सभी राजनीतिक दलों को समान अवसर नहीं देती है। सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा था कि सत्ताधारी पार्टी के खाते में ही अधिक चंदा जाता है। यही हकीकत है। तब चीफ जस्टिस ने पूछा था कि आखिर ऐसा क्यों है कि सत्ताधारी पार्टी को अधिक चंदा जाता है। तब मेहता ने कहा था कि मैं ऐसा कोई अनुमान नहीं लगा सकता कि इसकी वजह क्या है, लेकिन आंकड़े यही बताते हैं।

सुनवाई के दौरान 31 अक्टूबर को याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वकील प्रशांत भूषण ने कहा था कि विदेशी मुद्रा विनिमय कानून में संशोधन के जरिये भारत में रजिस्टर्ड विदेशी कंपनी भी चंदा दे सकती है। पहले इस पर पूर्ण रूप से रोक था। ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## बिहार के बालू घोटाले को लेकर झारखंड के धनबाद में कई ठिकानों पर ईडी के छापे



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

बिहार के बालू घोटाले को लेकर प्रवर्तन निदेशालय की टीम झारखंड के धनबाद में गुरुवार की सुबह से छापेमारी कर रही है। बताया गया है कि धनबाद के सिंदरी में सुरेंद्र जिंदल और मिथिलेश सिंह के ठिकानों पर रेड चल रही है। इन दोनों के जयप्रकाश नगर और चनचनी स्थित आवासों पर बड़ी तादाद में सुरक्षाकर्मियों की तैनाती की गई है। सूचना है कि बालू कारोबारी मिथिलेश सिंह को ईडी ने हिरासत में ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### ईडी ने कमलेश सिंह को लिया हिरासत में

**रांची।** कोयला नगरी धनबाद में ईडी की कई टीमें अलग-अलग जगहों पर छापेमारी कर रही हैं। ईडी की टीम गुरुवार सुबह से कार्रवाई कर रही हैं। पूरा मामला बालू कारोबार से जुड़ा हुआ हैं। बताया जाता है कि ईडी की टीम ने बालू कारोबारी कमलेश सिंह को हिरासत में लिया हैं। कमलेश सिंह के घर से ईडी की टीम को डायरी समेत पैसों से संबंधित लेन-देन के कई जानकारियां लिखित में मिली हैं। इस मामले में जोहार लाइव के संवाददाता ने ईडी के अधिकारी से पूछने का प्रयास किया, लेकिन कोई जवाब नहीं दिए हैं। उन्होंने बात करने से फिलहाल इंकार कर दिया हैं। ईडी की टीम बालू कारोबारी सुरेंद्र जिंदल, पूंज सिंह और बबन सिंह के घर भी छापेमारी कर रही हैं।



### अब एसीबी ने ईडी अफसर को रिश्वत लेते किया गिरफ्तार

**जयपुर।** राजस्थान भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने गुरुवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के एक अधिकारी और कनिष्ठ सहायक को पन्द्रह लाख रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। दोनों पर चिटफंड मामले में गिरफ्तार नहीं करने की एवज में 17 लाख रुपये मांगने का आरोप है। फिलहाल एसीबी की टीमें आरोपितों के आवास और बहरोड़-नीमराना स्थित अन्य ठिकानों पर सर्च कर रही हैं।

### बंधु तिर्की ने किया सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन, कहा-

# इस तरह के कार्यक्रमों से ऊंच नीच का भेदभाव मिट जाता है

**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग**

लापुंग प्रखंड के दोलैचा सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति के तत्वावधान में सरगम म्यूजिकल ग्रुप के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान लोककलाकारों एवं आधुनिक कलाकारों ने गुरुवार को हजारों दर्शकों एवं दुर्गा पूजा आयोजन समिति के पदाधिकारियों की उपस्थिति में धमाल मचाया। दोलैचा में आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन फीता काट कर पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने किया। सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति दोलैचा के तत्वावधान में गुरुवार को आयोजित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान बतौर विशिष्ट अतिथि भाजपा के युवा नेता सन्नी टोप्पो ने कहा कि वर्तमान समय के भागदौड़ के समय में सांस्कृतिक कार्यक्रम से मन को शांति मिलती है। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से




ऊंच-नीच का भेदभाव मिट जाता है। सभी संप्रदाय के लोग एक साथ बैठकर आनंद लेते है। जिससे आपसी प्रेम बढ़ता है। इस मौके पर आयोजित सांस्कृतिक की शुरूआत प्रसिद्ध लोक कलाकार पवन कुमार राय ने जय जय मां दुर्गे.... की भजन के साथ किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान पवन कुमार राय तथा सुमन गुप्ता छाए रहे। उन्होंने एक से बढ़कर एक गीत प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया। वहीं ओड़िशा के प्रसिद्ध मांदर वादक हुलास महतो तथा आरती देवी की जोड़ी ने लोगों को झूमने पर मजबुर कर दिया। नृत्यांगना काजल एवं तमन्ना ने अपनी प्रस्तुति से युवाओं को मदहोश कर दिया। लोककलाकारों में रुपेश बडाईक एवं फूलमणी ने भी अपनी छाप छोड़ने में सफल रहे। सांस्कृतिक कार्यक्रम का प्रभावी संचालन कर सरोज राम धुसिया ने अपनी प्रस्तुति से लोगों को खूब प्रभावित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता दुर्गा पूजा आयोजन समिति के अध्यक्ष कंचन कुमार साहु उर्फ बबलु साहु ने किया। इस मौके पर लापुंग प्रखंड युवा कांग्रेस के अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि जन्मेंजय पाठक, विधायक के विशेष प्रतिनिधि देवेन्द्र वर्मा, दुर्गा पूजा आयोजन समिति के अध्यक्ष कंचन कुमार साहु, सचिव मंटु भगत, रामगोविंद साहु कोषाध्यक्ष नीलकमल साहु, अमित भगत, चरकु भगत राधेश्याम भगत, प्रकाश कुमार राम, श्याम किशोर भगत, अंकित, सोनु, राहुल, प्रकाश तथा नितेश तथा रैया मुंडा सहित कई लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### सरदार पटेल की जयंती पर प्रतियोगिता आयोजित

मूरी। संत माईकल स्कूल मुरी में लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का विषय सरदार बल्लभ भाई पटेल का जीवन एवं कार्य दर्शन रहा। जिसमें स्कूली छात्र छात्राओं ने सरदार वल्लभभाई पटेल की पेंसिल से ड्राइंग बनाए तथा उनकी जीवनी पर भाषण दी। विद्यालय परिसर मे निर्देशक राकेश कुमार प्राचार्य सी. एल. प्रजापति ने शिक्षकों और छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई गई इस अवसर पर प्रबंधक डॉ. रूपेश कुमार ने कहा कि भारत के लौह पुरुष की जयंती पर, हम देश की एकता और अखंडता के सबसे महत्वपूर्ण लक्ष्य के लिए खुद को फिर से समर्पित करते है। आजादी के लिए कई लड़ाईयां लड़ी गईं, कई लोगों ने अपने प्राणों की आहुति दी, हमें ज्ञात-अज्ञात सभी स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि देनी है, उन्हें याद करना है और उनसे प्रेरणा लेनी है। युवाओं को अपने त्याग की भावना से राष्ट्र निर्माण में आगे आना होगा।

# लायन प्रेम शंकर मिश्रा को आउट स्टैंडिंग जॉन चेयरपर्सन अवार्ड से किया सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची लायंस क्लब इंटरनेशनल जिला 322 ए की दूसरी कैबिनेट मीटिंग होलीडे होम रांची में संपन्न हुई। कैबिनेट मीटिंग में जॉन चेयर पर्सन रीजन टूबीजॉनसी एमजेएफ लायन प्रेम शंकर मिश्रा को आउटस्टैंडिंग जॉन चेयरपर्सन अवार्ड से जियापाल लायन पीएमजेएफ कमल जैन ने सुशोभित किया।बताते चलें यह अवार्ड जिला के रीजन के अंतर्गत सामाजिक क्षेत्र मे विशिष्ट सेवा कार्य के लिए ही प्रदान किया जाता है। इस मौके पर जिला पाल पीएमजेएफ लायन कमल जैन, पीएमजेएफ लायन




एस.पी.वर्मा, पीएमजेएफ लायन राहुल वर्मा, पीएमजेएफ लायन सुजीत कुमार, पीएमजेएफ लायन संजय कुमार,द्वितीय जिलापाल एवं पी एमजेएफ लायन राजीव लोचन, लायन सुनील केडिया,लायन पुनम आनंद,समाजसेवी शिव किशोर शर्मा उपस्थित थे।प्रेम शंकर मिश्रा जी को जॉन चेयर पर्सन अवॉर्ड से सुशोभित किए जाने पर सैकड़ों लायन एवं समाजसेवियों ने बधाई दी एवं एक स्वर मे कहा लायन प्रेम शंकर मिश्रा पर हमें गर्व है।


## कार्यालय, विद्युत कार्यपालक अभियन्ता
### विद्युत कार्य प्रमण्डल, इन्जीनियर्स हॉस्टल, धुर्वा, रॉची

अति अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 53/23–24

झारखण्ड राज्य के स्थापना दिवस 2023 के शुभ अवसर पर झारखण्ड राज्य कें अन्तर्गत महत्वपूर्ण सरकारी कार्यालय एवं आवासीय कार्यालय भवनों एवं अन्य में होने वाले विद्युत साज–सज्जा तथा मान्नीय प्रधानमंत्री, भारत सरकार के प्रस्तावित रॉंची एवं खूँटी आगमन के अवसर पर अस्थायी विद्युतीकरण के कार्य के लिए अस्थायी विद्युतीकरण कार्यो के अनुभवी, विभाग में निबंधित विद्युत अनुज्ञापत्राधारी सम्वेदक से मुहरबंद लिफाफे में निम्नांकित तिथि एवं शर्त के साथ निविदा आमंत्रित किया जाता है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | परिमाण विपत्र बिक्री की अंतिम तिथि | :– | 09.11.23 (2.00 बजे अपराह्न तक ।)तक। |
| 2. | परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान | :– | नगर नियंत्रण कक्ष, रॉंची / विद्युत कार्य अंचल, रॉंची एवं विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉंची। |
| 3. | निविदा प्राप्ति की तिथि, समय एवं स्थान | :– | दिनांक – 10.11.23 को 12.00 बजे अपराह्ण तक, नगर नियंत्रण कक्ष रॉंची। |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि, समय एवं स्थान | :– | दिनांक–10.11.23 को 1.00 बजे अपराहण में, विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉंची। |
| 5. | परिमाण विपत्र का मूल्य | :– | नियमानुसार रू0 500/–, 750/–, 1250/–,2500/– एवं 5000/– |
| 6. | अग्रधन राशि | :– | प्राक्कलित राशि का दो प्रतिशत। |

Note :- Terms & Condition also available in our website www.jharkhand.gov.in and our office Notice Board.

विद्युत कार्यपालक अभियन्ता
विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉंची

PR 310506 Energy (23-24)_D


### संवेदनहीन और अमानवीय सोच की है हेमंत सरकार : साहू

**रांची।** भाजपा प्रदेश महामंत्री सह सांसद आदित्य साहू ने गुरुवार को राजभवन के समीप धरने पर बैठे चांडिल डैम के विस्थापितों से मुलाकात की। विस्थापित अधिकार मंच के तत्वाधान में दर्जनों लोग चार दिनों से राजभवन के समीप अपनी मांगों के लिए आमरण अनशन कर रहे। जिसमे बुजुर्ग और महिलाएं भी शामिल हैं। विस्थापितों की समस्याओं को सुनकर भाजपा प्रदेश महामंत्री आदित्य साहू ने कहा कि भाजपा संघर्ष में उनके साथ खड़ी है। साहू ने कहा कि हेमंत सरकार संवेदनहीन सरकार है। आमरण अनशन स्थल से मुख्यमंत्री और मंत्री का आवास काफी नजदीक है, लेकिन भूख प्यास के साथ बैठे अनशनकारियों से आज तक राज्य सरकार का कोई प्रतिनिधि मुलाकात तक करने नही आया। मांगो की पूर्ति तो दूर की बात है। उन्होंने कहा कि छह अनशनकारियों को अस्पताल में भर्ती कराने की नौबत आ गई, फिर भी निकम्मी हेमंत सरकार के कान पर जूं तक नहीं रेंग रहा। हेमंत सरकार अमानवीय सोच की सरकार है। जिसने आमरण अनशन स्थल की बिजली तक कटवा दी।

# सरला बिरला पब्लिक स्कूल के छात्र ने राष्ट्रीय कला उत्सव 2023-24 के लिए किया क्वालिफाइ



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सरला बिरला पब्लिक स्कूल के कक्षा-10वीं के छात्र ऋतुराज रॉय ने झारखंड शैक्षिक अनुसंधान परिषद, रांची में आयोजित अंतर-राज्य कला उत्सव 2023-24 में शानदार प्रदर्शन किया है। इस उत्सव में भाग लेने वाले 29 जिलों के बीच विजुअल आर्ट्स 2 डायमेंशन श्रेणी में उन्हें प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ। सरला बिरला विद्यालय परिवार के लिए यह गर्व की बात है कि वे अब नेशनल के लिए क्वालीफाई कर चुके हैं। विद्यालय परिवार ने उन्हें अगले दौर के लिए शुभकामनाएं दी है। विद्यालय के कार्मिक व प्रशासनिक प्रमुख डॉ प्रदीप वर्मा ने ऋतुराज को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी और अगले दौर के लिए शुभकामनाएं दीं। प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने छात्र के प्रदर्शन की सराहना की और उसे अगले दौर के लिए प्रोत्साहित किया।

### सरला बिरला पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय एकता दिवस मना

स्वतंत्र भारत की राष्ट्रीय एकता के निमार्ता सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची के छात्रों ने राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया। छात्रों ने हमारे राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बढ़ावा देने और मजबूत करने के लिए ह्यरन फॉर यूनिटीह्य कार्यक्रम में भाग लिया। एनसीसी कैडेट के नेतृत्व में छात्रों ने राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ भी ली। विद्यालय के कार्मिक एवं प्रशासनिक प्रमुख डॉ. प्रदीप वर्मा ने इस तरह के कार्यक्रम से छात्रों को प्रेरित करने के लिए विद्यालय द्वारा




किए गए प्रयासों की प्रशंसा की। प्राचार्या परमजीत कौर ने बच्चों को सरदार वल्लभभाई पटेल के सिद्धांतों पर चलने के लिए प्रोत्साहित किया। उनके बताए हुए मार्ग पर चलकर उन्हें श्रेष्ठ नागरिक बनने में मदद मिलेगी क्योंकि वे ही देश के भविष्य हैं।

# आठ सूत्री मांगों को लेकर गवर्नर से मिले मुस्लिम प्रतिनिधिमंडल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

गवर्नर झारखंड से मिले पसमांदा मुस्लिम यूनाइटेड काउंसिल भारत के प्रतिनिधिमंडल। प्रतिनिधिमंडल में काउंसिल भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुफ्ती अब्दुल्लाह अजहर कासमी, समाजसेवी शोएब अंसारी, काजी ए निकाह कारी जान मोहम्मद मुस्त्फी, मौलाना तौफीक अहमद कादरी, इंजिनियर इकबाल हसन थे। गवर्नर झारखंड से मुलाकात कर 8 सूत्री मांग पत्र सौंपा। जिसमे लिखा है की अनुच्छेद 341 एवं 342 पर लगे संविधान विरोधी धार्मिक प्रतिबंध को समाप्त करने एवं मुसलमानों के सामाजिक एवं राजनैतिक उत्थान किया जाए। पसमांदा मुस्लिम यूनाइटेड काउंसिल भारत आपके समक्ष मुसलमानों के सामाजिक, आर्थिक एवं राजनैतिक उत्थान हेतु माँग पत्र



सौंप रही है और आपसे आशा करती है कि इस दिशा में सकारात्मक पहल करते हुए मुसलमानों के जायज माँगों को केन्द्र सरकार एवं झारखण्ड सरकार से दिलाने का पहल करेंगे।

- अनुच्छेद 341 एवं 342 पर लगे संविधान विरोधी धार्मिक प्रतिबंध को समाप्त कर मुस्लिम व ईसाई दलितों के साथ हो रहे धर्म आधारित पक्षपात को समाप्त किये जाने के लिए आपके माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति महोदय को पत्र लिखने की कृपा की जाए।
- माबलिंचिंग पर सख्त से सख्त कानुन बनाया जाए।
- रेपिस्टों को फांसी की सजा हो।

4. जातिय जनगणना, जनगणना अधिनियम 1948 के अन्तर्गत कराया जाए।

- शिडयूल जिलों के एकल पदों मुखिया / प्रमुख / जिला परिषद का संविधान के आधार पर अनारक्षित कर डीनोटिफाईड किया जाए।
- शिडयूल जिलों के नियुक्तियों में पसमांदा पिछड़ों का आरक्षण लगभग शुन्य कर दिया गया है।

# विकास विरोधी कांग्रेस सरकार को हटाएं, भाजपा को जिताएं : बाबूलाल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाला मरांडी ने गुरुवार से छतीसगढ़ में भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में चुनाव प्रचार किया। मरांडी ने कुनकुरी विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी विष्णुदेव साय के पक्ष में जनसभा को संबोधित किया। मरांडी ने कहा कांग्रेस की मानसिकता विकास विरोधी है। कांग्रेस को जनता की सेवा, गांव, गरीब, किसान की सेवा से कोई मतलब नहीं। कांग्रेस पार्टी आदिवासियों, दलितों, पिछड़ों के नाम पर वोट लेना जानती है। उन्होंने कहा कि देश में लगभग 60 वर्षों तक कांग्रेस पार्टी ने सत्ता संभाली, लेकिन अलग छत्तीसगढ़ राज्य यह अटल बिहारी वाजपेई के नेतृत्व में बनी भाजपा सरकार ने ही दिया। उन्होंने कहा कि चुनाव में हम केवल प्रत्याशी को वोट



देकर अपना विधायक ही नहीं चुनते, बल्कि अपना भविष्य भी निर्धारित करते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकारों का रिकॉर्ड विकास और केवल विकास है। इसलिए भाजपा प्रत्याशी को जीतकर छत्तीसगढ़ में भाजपा की मजबूत सरकार बनाएं। जनसभा में झारखंड भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ अरुण उरांव भी उपस्थित थे।


## झारखण्ड सरकार
## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग

### ई–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा सं0 :– RDSPL/SD/HZB/22/2023-24

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :

| ग्रुप सं0 | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राषि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | RDSPL/SD/HZB /22/01/2023-24 | चौपारण | पंचायत चैथी, ग्राम–पपरो में प्राथमिक विद्यालय पपरो से केदार राणा के घर होते हुए दीपक रविदास के घर की ओर 1000 फीट पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 2494500.00 | 49900.00 | 5000.00 | 3 माह |
| 2. | RDSPL/SD/HZB /22/02/2023-24 | चौपारण | पंचायत चौपारण, ग्राम–चौपारण औलाद कॉलोनी गली नम्बर–3 आर0ई0ओ0 रोड से फेकु एजेन्ट के घर तक पथ निर्माण। | 2489500.00 | 49800.00 | 5000.00 | 3 माह |
| 3. | RDSPL/SD/HZB /22/03/2023-24 | बरकट्ठा | बरकट्ठा प्रखण्ड अंतर्गत नयाडीह में सिवमंदिर तक पी0सी0सी0 पथ एवं नाली निर्माण। | 2485500.00 | 49800.00 | 5000.00 | 3 माह |
| 4. | RDSPL/SD/HZB /22/04/2023-24 | बरकट्ठा | बरकट्ठा प्रखण्ड के बेडोंकला में चांदगढ़ पुल का निर्माण। | 6445800.00 | 129000.00 | 10000.00 | 6 माह |
| 5. | RDSPL/SD/HZB /22/05/2023-24 | विष्णुगढ़ | विष्णुगढ़ प्रखण्ड अन्तर्गत बराई पंचायत के नउवाडीह ऊपर टोला से बजरंगबली मंदिर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 2266100.00 | 45400.00 | 5000.00 | 3 माह |
| 6. | RDSPL/SD/HZB /22/06/2023-24 | सदर | पंचायत सिन्दूर के ग्राम मेरावल, संत बिनोबा नगर के मुख्य पथ से मंदिर तक नाली निर्माण। | 1202000.00 | 24100.00 | 2500.00 | 3 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 17.11.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 17.11.2023 से दिनांक 24.11.2023 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –25.11.2023 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 – 9430154806
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग

PR 310484 Rural Development(23-24)#D



## कार्यालय नगर निगम,हजारीबाग

### आम सूचना

नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत अवस्थित सभी नगरवासियों को सूचित किया जाता है कि होल्डिंग टैक्स, वाटर यूजर चार्ज एवं ट्रेड लाईसेंस बनवाने हेतु किसी भी प्रकार की समस्या होने पर निगम द्वारा प्राधिकृत ऐजेन्सी मेसर्स रितिका प्रिन्टेक, प्रा॰लि॰ शाखा, जुलु पार्क के संबंधित वार्ड के कर संग्रहकर्ताओ से सम्पर्क स्थापित करते हुए अपने करो का भुगतान ससमय करे जो कि निम्नवत है:–

| SI. NO | NAME | MOBILE NO | WARD NO. |
|---|---|---|---|
| 1 | SUJIT KUMAR MISHRA | 9931311396 | BRANCH MANAGER |
| 2 | SHEKHAR KUMAR SINGH | 6202269205 | ASST.BRANCH MANAGER |
| 3 | SATYENDRA KUMAR | 7004793404 | 5 |
| 4 | MD. NAUSHAD | 8210710401 | 14,30 |
| 5 | UGESH KUMAR SARAIYAR | 9430784122 | 3,18 |
| 6 | BHASKAR RANJAN | 9534072723 | 26,27 |
| 7 | SHOAIB | 7004779394 | 30,17 |
| 8 | SUSHIL KUMAR | 8434313774 | 34 |
| 9 | ASHISH KUMAR | 9852070717 | 36 |
| 10 | MANISH SINHA | 7903256687 | 25,28 |
| 11 | GANESH GUNJAN | 9199382238 | 6,27 |
| 12 | RITESH KUMAR | 8709716754 | 32,33 |
| 13 | RAJENDRA PASWAN | 9931302735 | 8 |
| 14 | ANSHU AMBEDKAR | 8709968200 | 4,16 |
| 15 | RAVINDRA KUMAR | 8092694317 | 7 |
| 16 | MANOJ KUMAR DAS | 9110093133 | 10 |
| 17 | CHANDRA KANT KUMAR | 8340406517 | 11,35 |
| 18 | GAUTAM KUMAR | 6203531816 | 15 |
| 19 | DHIRAJ KUMAR | 8825398381 | 29,22 |
| 20 | MANISH KUMAR SONI | 7050764594 | 23,24 |
| 21 | SHAHZAD ANSARI | 9572189297 | 1,2,21 |
| 22 | BHARAT KUMAR | 8084414973 | 13 |
| 23 | MANISH KUMAR | 8210600942 | 19,20 |
| 24 | PRAVEEN KUMAR | 7209484619 | 12 |
| 25 | VIKASH KUMAR | 9576520620 | 9 |
| 26 | NAVIN KUMAR RANA | 8540850833 | 31 |

यदि किसी भी नगरवासियों को होल्डिंग टैक्स, वाटर चार्ज एवं ट्रेड लाईसेंस से संबंधित किसी प्रकार की असुविधा होती है, तो श्री अनिल पाण्डेय, सहायक नगर आयुक्त, प्रभारी पदाधिकारी, राजस्व शाखा, नगर निगम, हजारीबाग के मो॰न॰– 8285264917 पर संपर्क स्थापित कर सकते है।

नगर आयुक्त–सह–प्रशासक
नगर निगम हजारीबाग

PR 310481 Urban Development and Housing(23-24).D


### नगड़ी प्रखंड में तीन दिवसीय मल्टीमीडिया चित्र प्रदर्शनी सह जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

# सरदार पटेल देश की एकता और अखंडता के प्रतीक हैं : हरेंद्र

**नवीन मेल संवाददाता। नगड़ी**

गुरुवार को केंद्रीय संचार ब्यूरो, सूचना और प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार, प्रादेशिक कार्यालय, रांची द्वारा रांची के नगड़ी प्रखंड में तीन दिवसीय मल्टीमीडिया चित्र प्रदर्शनी सह जागरूकता कार्यक्रम राष्ट्रीय एकता दिवस, मेरी माटी मेरा देश, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, हर घर जल - हर घर नल, स्वच्छता आदि विषयों पर तीसरे एवं अंतिम दिन भी कार्यक्रम आयोजित किया गया। कमांडेंट सीआईएसफ श्री हरेंद्र नारायण , पत्र सूचना कार्यालय के कार्यालय प्रमुख श्री अब्दुल हमीद , पद्मश्री मधु व अन्य आमंत्रित अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर आज के कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। अतिथियों का स्वागत केंद्रीय संचार ब्यूरो रांची द्वारा शॉल व मोमेंटो देकर किया गया। कार्यक्रम के आरंभ में स्वागत गान , गीत एवं




नाटक प्रभाग के पंजिकृत कलाकारों द्वारा गया गया। हरेंद्र नारायण, कमांडेंट, सी आई एस एफ, रांची ने अपने सशक्त, ज्ञानवर्धक व सभी को प्रोत्साहित करने वाले सम्बोधन में अपना व अपने विभाग का संक्षिप्त परिचय देते हुए प्रदर्शनी को उपयोगी बताया और कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल देश की एकता और अखंडता का प्रतीक रहे हैं। हम सभी को देश की एकता और अखंडता को बनाए रखना चाहिए। छात्र/छात्राओं को संबोधित करते हुए कमांडेंट हरेंद्र नारायण ने कहा कि बच्चे अपना लक्ष्य अवश्य निर्धारित करें और उसे प्राप्त करने के लिए पूरी लगन व तत्परता से प्रयासरत रहें। समय का पालन, दृढ़ निश्चय और लगातार मेहनत करते रहने से लक्ष्य अवश्य ही प्राप्त होगा। सीआईएसएफ के कमांडेंट महोदय श्री हरेंद्र नारायण जी ने प्रदर्शनी स्थल पर लगे स्टॉलों का भ्रमण किया व स्टाल धारकों से जरूरी जानकारियां प्राप्त की। डॉ मोहम्मद अजहर साबिर, असिस्टेंट आर्कियोलॉजिस्ट, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग, रांची ने अपने सम्बोधन में अपना संक्षिप्त परिचय देते हुए अपने विभाग के बारे में बताया कि यह विभाग भारत की सांस्कृतिक विरासतों के पुरातत्वीय अनुसंधान और सरंक्षण के लिए एक प्रमुख संगठन है। इसका मुख्य कार्य राष्ट्रीय महत्व के प्राचीन स्मारकों, पुरातत्विय स्थलों और अवशेषों का रख-रखाव व देख-रेख करना है । पुरातत्व संरक्षण विभाग देश में सभी पुरातत्विये गतिविधियों को संचालित करता है। डॉ मोहम्मद अजहर साबिर ने अपने सम्बोधन में हड़प्पा सभ्यता का भी जिक्र किया और सभा में उपस्थित विभिन्न स्कूलों के प्रधानाध्यापकों को सुझाव दिया कि बच्चों को प्राचीन स्मारकों एवम पुरातत्विए स्थलों के दौरे पर जरूर ले जाएं, जिससे बच्चे अधिकाधिक जानकारी प्राप्त कर सकें।

# वनों पर निर्भर रहने वाले को व्यक्तिगत रूप वनाधिकार पट्टा मुहैया कराया जाएगा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के निर्देश पर अबुआ बीर दिशोम अभियान का शुभारंभ 06 नवंबर 2023 से होगा। इसके तहत राज्य में पहली बार एक व्यापक अभियान के अन्तर्गत आदिवासी और वनों पर निर्भर रहने वाले लोगों को व्यक्तिगत, सामुदायिक और सामुदायिक वन संसाधन वनाधिकार पट्टा मुहैया कराया जाएगा। ज्ञात हो कि माहात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर राज्य के 30 हजार से अधिक ग्राम सभाओं ने भाग लिया जल, जंगल और जमीन तथा इसके संसाधनों की रक्षा के लिए समर्पित और संगठित प्रयास करने हेतु शपथ लिया।

**अधिक से अधिक लोगों को लाभ देने का लक्ष्य :** अबुआ बीर दिशोम अभियान की शुरूआत 06 नवम्बर को एक राज्यस्तरीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला से होगी। इसके तहत झारखण्ड राज्यान्तर्गत सभी जिलों के उपायुक्तों और वन प्रमण्डल पदाधिकारियों प्रशिक्षण दिया जायेगा। साथ ही, ग्राम स्तर पर वन अधिकार समिति, अनुमंडल स्तरीय समिति एवं जिला स्तरीय वनाधिकार समिति के सदस्यों को अभियान के सफल निष्पादन के लिए प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। इस अभियान का लाभ अधिक से अधिक लोगों को मिले, इस निमित विभिन्न माध्यमों से प्रचार-प्रसार को गति प्रदान की जायेगी। राज्य के वन क्षेत्र में रहने वाले लोगों के लिए सरकार हर तरह से उनकी मदद करने के लिए तैयार है। नव क्षेत्र के रहने वाले जो भी लोग हैं वह पत्ता व लकड़ी बेचकर अपना जीवन यापन गुजारा करते हैं। उन्हें उनके स्तर से उठाना सरकार की प्राथमिकता होगी। उन्हें हर स्तर से मदद की जायेगी। झारखंड के दूर दराज क्षेत्र में रहने वाले आदिवासी जाति के लोग इस तरह का अपना जीवन व्यतीत करते हैं। उन लोगों के पास किसी तरह का संसाधान भी नहीं होता जो अपने जीवन के लिए कुछ कर सके। वह वन पर ही निर्भर रहते हैं। वह लोग सुबह सवेरे पत्ता और लकड़ियों का गांठ लेकर शहर की ओर आते हैं उन्हें बेचकर जाते हैं। उनके जीवन में अब तक कोई सुधार नहीं हो पाया है। झारखंड में कुछ ऐसी जगह भी है जो काफी विकास से दूर हैं लेकिन उनके लिए भी सरकार पूरी तरह से उनकी उन्नति के लिए ताकत लगादी है। बहुत ऐसे क्षेत्र थे जो अब काफी विकास की ओर बढ़ रहे हैं। सरकारी योजनाओं का भी लाभ ले रहे हैं। जहां पढ़ाई की कोई सुविधा नहीं थी उस जगह अब पढ़ाई की व्यवस्था भी हो गयी है। बच्चे अब पढ़कर बहुत अपने जीवन में काफी सुधार ला रहे हैं। अब कोई भी ऐसी जगह नहीं होगी जहां आदिवासी विकास के मामले में पीछे रहेंगे।

## अभियान प्रथम चरण में दिसंबर, 2023 तक संचालित होगा

वन अधिकार अधिनियम, 2006 के द्वारा दिये गये अधिकार का उपयोग करते हुए 03 अक्टूबर 2023 से 18 अक्टूबर 2023 तक ग्राम, अनुमण्डल एवं जिला स्तर पर वनाधिकार समिति का गठन/पुनर्गठन किया गया है। यह समिति वन पर निर्भर लोगों और समुदायों को वनाधिकार पट्टा दिये जाने के लिए उनके दावा पर नियमानुसार अनुशंसा करेगी। साथ ही, अबुआ बीर दिशोम आभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए मोबाईल एप्लीकेशन एवं वेबसाईट भी तैयार की गयी है जिसके आदिवासी और वनों पर निर्भर रहने वाले लोगों को व्यक्तिगत, सामुदायिक और सामुदायिक वन संसाधन वनाधिकार पट्टा मुहैया कराया जा सके। वन अधिकार समिति द्वारा चिन्हित लोगों को सरकार द्वारा वन पट्टा मुहैया कराने हेतु अभियान प्रथम चरण में दिसंबर, 2023 तक संचालित किया जायेगा।

# झारखंड मसालों की खेती के लिए उपयुक्त : डॉ. अरुण

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा संचालित मसाला फसल संबंधी अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना की वार्षिक बैठक बागलकोट (कर्नाटक) स्थित बागवानी विज्ञान विश्वविद्यालय में 29 अक्टूबर से 1 नवंबर तक हुई। बैठक बिरसा कृषि विश्वविद्यालय से मसालों पर अनुसंधान कर रहे बागवानी विभाग के वैज्ञानिक डॉ. अरुण कुमार तिवारी शामिल हुए और बताया कि झारखंड में हल्दी एवं अदरक की खेती पर चल रहे अनुसंधान के उत्साहजनक परिणाम सामने आ रहे हैं। झारखंड की जलवायु एवं मिट्टी इन दो फसलों के साथ-साथ धनिया, आजवाइन, मेथी सौंफ आदि के लिए भी काफी उपयुक्त है। छोटे और मझोले किसान इसकी खेती कर अपनी आमदनी आसानी से दोगुनी कर सकते हैं। मसाला फसल स्वास्थ्यवर्धक होने के साथ-साथ आयुर्वेद दवाओं के निर्माण में भी काम आते हैं। उन्होंने मसाला फसलों पर बीएयू में चल रहे 7 विभिन्न प्रयोगों पर विस्तार से प्रस्तुतिकरण दिया जिसकी काफी सराहना की गई। बैठक में भारतीय मसाला अनुसंधान केंद्र,कोजिकोड (केरल) के निदेशक डॉ. आर दिनेश, परियोजना समन्वयक डॉ. डी प्रसाद, आईसीएआर के सहायक महानिदेशक डॉ. सुधाकर पांडेय सहित विभिन्न राज्यों से आए हुए 70 से अधिक वैज्ञानिकों ने भाग लिया। डॉ. तिवारी ने बताया कि भारत सरकार ने मसाला निर्यात के लिए अपने लक्ष्य को दुगना किया है जिसमें कंद एवं बीज मसाला फसलें भी शामिल हैं। औद्योगिक फसलों के कुल निर्यात का लगभग 40% हिस्सा मसाला फसलों का है। सरकार ने मसालों की खेती पर काफी जोर दिया है और इसे बढ़ावा देने के लिए तरह-तरह की तकनीक अपनाई जा रहा है।

# रांची में 25 रुपये किलो प्याज लग गई लोगों की लंबी कतार



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजधानी सहित राज्य भर में सभी सब्जियों के दाम आसमान छू रहे हैं। वहीं बढ़िया किस्म का प्याज खुदरा बाजार में 80 से 100 रुपये किलो तक बिक रहा है। ऐसे में भारत सरकार के उपक्रम नेशनल कोऑपरेटिव कंज्यूमर फेडरेशन ने राजधानी रांची में कई जगहों पर सस्ते दर पर प्याज उपलब्ध कराना शुरू किया है ताकि उपभोक्ताओं को महंगाई से थोड़ी राहत मिल सके। रांची में बिरसा चौक, शहीद चौक सहित कई स्थानों पर 25 रुपये किलो की दर से प्रति ग्राहक अधिकतम दो किलो प्याज दिया जा रहा है। बिरसा चौक पर सस्ते दर पर प्याज लेने के लिए लंबी कतारें लग गयी। प्याज बांटने वाले को भी परेशानियों का सामना करना पड़ा। हालांकि प्याज लेने आये लोगों ने सस्ते दर पर प्याज बेचने को सही करार देते हुए कहा कि इससे महंगाई की मार से थोड़ी राहत जरूर मिलेगी। बिरसा चौक पर सस्ते दर पर मिल रहे प्याज और वहां के हाल का जायजा लिया हमारे रांची संवाददाता उपेंद्र कुमार ने।

## रिम्स का हॉस्टल या शराबियों का अड्डा, परिसर में फेंकी पड़ी हैं कई बोतलें

# हॉस्टल में निगरानी रखने के लिए कई लेवल के सुरक्षाकर्मी हैं : डॉ. बिरूआ

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्य के सबसे बड़े अस्पताल रिम्स में गुरुवार को सुबह युवक की अधजली लाश मिली। हॉस्टल नंबर 5 के पीछे पड़ी डेडबॉडी पर सुबह छह बजे कर्मचारियों की नजर पड़ी। जिसके बाद पुलिस को बुलाया गया। इस मामले की जांच की जा रही है लेकिन मौके से शराब की कई बोतलें मिलने पर हॉस्टल में फैली अव्यवस्था की पोल भी खुल गयी। रिम्स हॉस्टल में शव मिलने के बाद पुलिस और अस्पताल प्रबंधन द्वारा बारीकी से जांच की जा रही है। पुलिस प्रशासन के द्वारा बताया कि पूरा मामला संदेहास्पद है, यह आत्महत्या है या फिर हत्या, मामले में जांच के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। सदर डीएसपी प्रभात कुमार बरवार ने बताया कि पूरे




मामले की जांच की जा रही है, एफएसएल की टीम भी मौके पर पहुंची है जब तक जांच रिपोर्ट नहीं आ जाती तब तक कुछ भी कहना मुश्किल है। उन्होंने बताया कि मृतक की पहचान मदन कुमार के रूप में हुई है, वह तमिलनाडु के रहने वाले थे और रिम्स में मेडिकल की पढ़ाई कर रहे थे। वहीं घटनास्थल पर पहुंचने के बाद ईटीवी भारत की टीम ने देखा कि जहां पर घटना हुई है उसके आसपास कई शराब की बोतल फेंकी हुई थीं। आसपास बिखरी बोतलों को लेकर ईटीवी भारत ने रिम्स अधीक्षक डॉक्टर हिरेन बिरूआ से सवाल किया। इस पर उन्होंने भी आपत्ति जताई और कहा कि इस तरह से हॉस्टल के ऊपर शराब की बोतल पड़ी हुई है, यह पूरी सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाता है। रिम्स अधीक्षक डॉक्टर हिरेन बिरूआ ने कहा कि हॉस्टल में निगरानी रखने के लिए कई लेवल के सुरक्षाकर्मी हैं। केयरटेकर से लेकर होमगार्ड तक के जवान की तैनाती की गई है। इसके बावजूद भी अस्पताल में शराब की बोतलें धड़ल्ले से पहुंच रही हैं तो निश्चित रूप से जांच का विषय है। रिम्स के हॉस्टल नंबर 5 के छत पर एक नहीं बल्कि कई शराब की बोतल फेंकी पड़ी हैं। तस्वीरें देखने के बाद यही प्रतीत होता है कि यह हॉस्टल नहीं बल्कि शराबियों का अड्डा बन गया हो।अगस्त महीने में रिम्स हॉस्टल में रहने वाले छात्रों को लेकर बड़ा बवाल मचा था। छात्रों के कई गुटों के बीच मारपीट भी हुई थी। जिसको लेकर रिम्स प्रबंधन ने सभी हॉस्टल छात्रों को छुट्टी देकर हॉस्टल की व्यवस्था को सुदृढ़ और मजबूत करवाई थी। महज 2 महीने के बाद ही अस्पताल प्रबंधन के दावे की पोल खुल गई। जब दो महीने पहले ही हॉस्टल की व्यवस्था को सुदृढ़ और मजबूत किया गया था तो फिर किस प्रकार और कैसे हॉस्टल की छत पर शराब की बोतलें पहुंच रही हैं। बता दें कि रिम्स में कुल आठ बॉयज हॉस्टल हैं और आठ गर्ल्स हॉस्टल हैं। जिसमें कुल 1500 से 1800 स्टूडेंट्स रहते हैं। जिस तरह की घटना गुरुवार को हुई वो रिम्स प्रबंधन पर कई सवाल खड़े कर रहे हैं। छात्रों की सुरक्षा का दावा करने वाला रिम्स प्रबंधन शराब की बोतलों को हॉस्टल ले जाने से नहीं रोक पा रहे हैं तो वह सुरक्षा के अन्य मानकों का कितना ध्यान रखते होंगे।

## मोबाइल लूट मामले में दो आरोपित गिरफ्तार

**रांची।** शहर में चोरी की घटना कम होने का नाम ही नहीं ले रहा है। आये दिन शहर में चोरी और लूट की घटनाओं को अपराधियों द्वारा अंजाम दिया जा रहा है। हालांकि पुलिस इस पर हद तक अंकुश लगाने में प्रयास कर रही है। नामकुम थाना पुलिस ने मोबाइल लूट कांड मामले का खुलासा करते हुए दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों में मोहम्मद आसिफ और मोहम्मद कैफ अंसारी शामिल हैं। इनके पास से लूटे गए मोबाइल और एक स्कूटी बरामद किया गया है। ग्रामीण एसपी मनीष टोप्पो ने गुरुवार को बताया कि 31 अक्टूबर को मगदली सोय ने थाने में मोबाइल लूट करने का मामला दर्ज कराया था। मामले के अनुसंधान के क्रम में दोनों को रांची के लोअर बाजार थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। दोनों अपराधियों ने घटना में संलिप्तता स्वीकार की है।



## मृतकों के नाम पर परिजनों ने उठाया राशन

# कसमार प्रखंड के दस डीलरों पर गिरी गाज

**नवीन मेल संवाददाता**

**बोकारो।** बोकारो जिले के विभिन्न प्रखंडों में बीते 15 दिनों से राशन कार्डों में मृतकों के नाम पर राशन उठाने का मामला चर्चा में है. इस मामले में जिला आपूर्ति विभाग ने कसमार प्रखंड में 10 डीलरों को निलंबित कर दिया है. डीलरों को निलंबन किये जाने के कारण डीलर संघ आंदोलन करने की तैयारी कर रहा है. विभाग की कार्रवाई से कसमार प्रखंड के अलावा जिले के अन्य प्रखंडों में हड़कंप मचा हुआ है.



### आपूर्ति विभाग को इस मामले की करनी चाहिए गहन जांच

कसमार प्रखंड के डीलर संघ के अध्यक्ष श्यामल झा ने आरोप को नकारते हुए कहा कि मृतकों के नाम पर एक छंटाक भी राशन डीलरों ने नहीं खाया है. लेकिन विभागीय अधिकारियों ने कसमार प्रखंड के दस डीलरों को निलंबित कर दिया. उन्होंने कहा कि कि कोई भी लाभुक अपने घर के किसी भी जीवित या मृत सदस्य का राशन डीलर को नहीं देता है. लेकिन विभागीय अधिकारियों की मंशा समझ में नहीं आ रही है. कहा कि इस मामले की गहन जांच की जानी चाहिए, तब जाकर मामला साफ होगा. उन्होंने आपूर्ति विभाग को सुझाव दिया कि विभाग को डीलरों को निलंबित न कर राशन कार्डधारियों को नोटिस देकर मृत व्यक्तियों के नाम पर राशन लेने के आरोप की जांच करनी चाहिए.

### विभाग ने सूचना की अनदेखी की, अब कर रहा एकतरफा कार्रवाई

कसमार प्रखंड के राशन दुकानदारों (डीलरों) के अनुसार, उन्होंने राशन कार्डों से मृत व्यक्तियों के नाम कटवाने के लिए एक साल पहले आपूर्ति विभाग को लिखित सूचना दी थी. विभाग ने इस दिशा में ध्यान नहीं दिया और अब राशन डीलरों पर एकतरफा कार्रवाई कर रहा है. डीलरों ने आरोप लगाया है कि वे कोई भी दस्तावेज कार्यालय में जमा करते हैं तो उसकी रिसीविंग नहीं मिलती है. अब बेवजह डीलरों पर विभागीय गाज गिर रही है.

### कसमार के इन दस डीलरों का हुआ है निलंबन

जिला आपूर्ति विभाग ने कसमार के जिन डीलरों पर निलंबन की कार्रवाई की है, उनमें जामकुदर का उजाला स्वयं सहायता समूह, सुरजूडीह का शबनम महिला मंडल, सितारा महिला मंडल एवं मोचरो का रूही स्वयं सहायता समूह, बगियारी का कोशिश स्वयं सहायता समूह सहित जन वितरण प्रणाली के डीलर धधकिया के अचलेंदू मुखर्जी, बगदा के मनोज सिंह, तेलमुंगा के वसीम अहमद, मधुकरपुर के गंगाधर बैठा व पोंडा के आसीत हांसदा के नाम शामिल हैं.

## धनबाद: व्यापारियों का हड़ताल खत्म, बाजार में लौटी रौनक



**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** व्यापारी संगठन के द्वारा हड़ताल वापस लेने के बाद गुरुवार से बाजार में चहल कदमी बढ़ गई. एक दिन के अनिश्चितकालीन बंदी से करोड़ों का कारोबार प्रभावित हुआ. बुधवार की देर शाम जिला प्रशासन के साथ हुई बैठक में व्यापारियों ने हड़ताल वापस लेने का निर्णय लिया. इससे व्यापारियों को भी राहत मिली और आम लोगों ने भी चैन की सांस ली. त्योहार का सीजन चल रहा है, ऐसे में बाजार में लोगों की चहल-कदमी बढ़ना लाजमी है. व्यापारियों ने भी दीवाली की तैयारी कर रखी है. इसके ठीक बाद महापर्व छठ है. हड़ताल समाप्त होते ही गुरुवार से बाजार खुल गए. बाजार में खरीदारी भी सुबह से होती रही. गुरुवार को हीरापुर बाजार बंद रखा जाता है, लेकिन हड़ताल समाप्त होने के बाद व्यापारियों ने गुरुवार को भी ग्राहकों के लिए दुकान खोला और पूरे दिन व्यापार किया.

## गागर में सागर

### जमशेदपुर : जुगसलाई में 10वीं के छात्र ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के जुगसलाई थाना अंतर्गत गौरी शंकर रोड निवासी 17 वर्षीय इरशाद अली ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. इरशाद का शव घर के कमरे में पाया गया. घटना की जानकारी परिजनों को तब हुई जब वे गुरुवार सुबह उसके कमरे में गए. परिजनों ने इरशाद को फंदे से उतारकर अस्पताल पहुंचाया, जहां जांच के बाद डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया. इधर, सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. इरशाद चार भाइयों में तीसरे नंबर पर था. वह जुगसलाई के एक स्कूल में 10वीं कक्षा का छात्र था. परिजनों ने बताया कि इरशाद इस साल मैट्रिक की परीक्षा देने वाला था. कुछ दिनों पूर्व ही बड़े भाई दिलशाद के हर्निया का ऑपरेशन हुआ था. इस वजह से घर पर सिर्फ मां और इरशाद मौजूद थे, बाकि सभी सदस्य अस्पताल में थे. बुधवार की रात इरशाद घर आया और खाना खाकर अपने कमरे में सोने चला गया. सुबह जब वह स्कूल जाने के लिए नहीं उठा तो मां उसके कमरे में गई. कमरे में इरशाद का शव फंदे से लटका हुआ था.

### लोक आस्था के महापर्व छठ की तैयारी शुरू, स्वास्थ्य मंत्री ने लिया जायजा



**जमशेदपुर।** लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर प्रशासनिक तैयारियों का जायजा लेने स्वास्थ्य सह आपदा प्रबंधन मंत्री बन्ना गुप्ता गुरुवार को जमशेदपुर पश्चिम के नदी घाटों पर पहुंचे. इस दौरान मंत्री के साथ जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति जुस्को एवं पुलिस प्रशासन के आला अधिकारी भी मौजूद रहे. स्वास्थ्य मंत्री ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को छठ से पूर्व सभी छठ घाटों को तैयार करने का निर्देश दिया. उन्होंने कहा कि व्रतियों एवं श्रद्धालुओं को किसी तरह की कोई परेशानी ना हो इसका विशेष ख्याल रखा जाए. उन्होंने कहा कि जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा के अंतर्गत पड़नेवाले तमाम छठ घाटों को छठ महापर्व से पूर्व तैयार कर लिए जाएंगे. उन्होंने श्रद्धालुओं से जिला प्रशासन को सहयोग करने की अपील की.

### पश्चिम सिंहभूम मानवाधिकार सहायता संघ ने जरुरतमंदों के बीच कंबल बांटे

**चाईबासा।** झारखंड में ठंड ने दस्तक दे दी है. जिला मुख्यालय चाईबासा में शाम होते ही ठंडी हवाएं बहने लगती है. पश्चिमी सिंहभूम मानवाधिकार सहायता संघ अंतरराष्ट्रीय ने अभियान के तहत जरुरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया. संघ ने फुटपाथ, स्टेशन, बस स्टैंड सहित अन्य जगहों पर सोने वाले लोगों को कंबल दिये. संगठन के जिला अध्यक्ष तथा झामुमो के नगर अध्यक्ष राहुल तिवारी ने बताया कि गरीबों के बीच गर्म कपड़े और कंबल का वितरण आगे भी समय-समय पर किया जायेगा. मौके पर संगठन के जिला अध्यक्ष राहुल तिवारी, जिला सचिव पदमलोचन नायक, जिला उपाध्यक्ष अमित पोद्दार, जिला संगठन मंत्री अलित प्रधान, जिला मीडिया प्रभारी अजय साही सहित अन्य मौजूद रहे.

## बिजली तार की चपेट में आने से एक और हाथी की मौत



**नवीन मेल संवाददाता**

**जमशेदपुर।** श्याम सुंदरपुर थाना अंतर्गत माचाड़ी गांव के पास बिजली तार की चपेट में आने से एक और हाथी की मौत हो गई. इस क्षेत्र में तीन दिन में यह दूसरी घटना सामने आयी है. इसके बाद भी बिजली विभाग मौन है. बता दें कि मंगलवार को मादा हाथी का शव चाकुलिया प्रखंड के ज्वालभांगा गांव के पास खेत में पाई गई. सूचना पाकर वन प्रमंडल पदाधिकारी ममता प्रियदर्शी वन विभाग के पदाधिकारी और कर्मचारी के साथ घटना स्थल पर पहुंची. हथनी के शव को पहले पोस्टमार्टम किया गया.इसके बाद हथिनी की शव को वन विभाग ने दफन करवा दिया था. चाकुलिया प्रखंड के माचाडीहा के पास काजू जंगल में गुरुवार की सुबह मृत हथिनी की मौत हो जाने की सूचना पाकर विधायक समीर कुमार मोहंती घटना स्थल पर पहुंचे. उन्होंने मृत हथिनी की पूजा अर्चना की. विधायक ने कहा कि विगत दिनों चाकुलिया नगर पंचायत के कमारीगोड़ा के पास स्थित तालाब के पास हाथियों के झुंड में शामिल तीन झ चार हाथी हाई वोल्टेज बिजली के तार से सट गए थे. उनमें से दो हथिनी की मौत हो गई. विधायक ने वन प्रमंडल पदाधिकारी ममता प्रियदर्शी से दूरभाष पर बात की और हाथियों को बचाने के लिए जरूरी पहल करने का निर्देश दिया. उन्होंने कहा कि हाई वोल्टेज कर की चपेट में आकर घायल अन्य हाथियों की वन विभाग पहचान करें और और बचाने की पहल करें.

### सविमं के भैया-बहनों को मिला सम्मान

**कतरास।** विद्या भारती द्वारा साहिबगंज (भागलपुर) में आयोजित क्षेत्रीय मूर्ति कला संस्कृति बोध प्रश्न मंच एवं कथा- कहानी प्रतियोगिता में सरस्वती विद्या मंदिर सिनीडीह के भैया-बहनों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया. यहां के बच्चों ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय तथा विद्या भारती, झारखंड का गौरव बढ़ाने का कार्य किया. इन बच्चों को स्कूल में सम्मान समारोह आयोजित कर सम्मानित किया गया. सम्मान पाने वालों में कथा कहानी में शिशु वर्ग की तृषा लाला ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, शिशु वर्ग के संस्कृति बोध प्रश्न मंच में तनय मोदी, नमन पॉल एवं अनय लाला ने तृतीय स्थान प्राप्त किया. वहीं मूर्ति कला के बाल वर्ग में द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले भैया आर्यन कुमार रहे. तरुण वर्ग के संस्कृति बोध प्रश्न मंच में नैतिक कुमार, जय कुमार एवं हिमांशु कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया. मौके पर प्राचार्य सुनील कुमार सिंह ने कहा कि नियोजित ढंग से कार्य करने पर ही सफलता प्राप्त होती है. इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी दिसंबर माह में मथुरा में आयोजित अखिल भारतीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे.

## बस की चपेट में युवक की मौत, सड़क जाम



- मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल
- बिना मुआवजा के जाम हटाने को तैयार नहीं

**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** चिरकुंडा थाना क्षेत्र के लायकडीह बैंक ऑफ इंडिया के समीप गुरुवार 2 नवंबर की सुबह साढ़े नौ बजे पुरूलिया जा रही हरिकामनी बस की चपेट में आने से गौतम दास (28) की मौके पर ही मौत हो गई. मृतक गौतम दास स्कूटी से सब्जी खरीदने बाजार जा रहा था. घटना से आक्रोशित लोगों ने मुआवजे की मांग को लेकर शव के साथ चिरकुंडा-पंचेत रोड को जाम कर दिया. घटना की सूचना मिलते ही चिरकुंडा पुलिस मौके पर पहुंची और आक्रोशित लोगों को समझाने के प्रयास में जुट गई. मगर लोग बिना मुआवजा के सड़क जाम हटाने को तैयार नहीं थे. वहीं मृतक के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है. बेनागोड़िया निवासी मृतक के पिता नवीन दास ने बताया कि बेटा गौतम सब्जी खरीदने के लिए घर से निकला था. इस दौरान लायकडीह स्थित बैंक ऑफ इंडिया के समीप तेज गति से आ रही बस की चपेट में आ गया. घटना के बाद बस चालक बस लेकर भाग निकला. खबर लिखे जाने तक सड़क जाम ही था.

### हजारीबाग : आरोग्यम अस्पताल में शव के साथ दिया धरना

**हजारीबाग।** हजारीबाग के आरोग्यम अस्पताल में बच्चे के शव के साथ परिजनों ने गुरुवार को धरना देकर न्याय की गुहार लगाई. घंटों बीत जाने के बाद समझा-बुझाकर किसी तरह परिजनों को उन्हें घर भेजा गया. दरअसल बरही चौक निवासी दिनेश कुमार का 14 वर्षीय पुत्र मोहित राजकुमार में डेंगू के लक्षण पाए गए. परिजनों ने उसे मंगलवार को आरोग्यम अस्पताल में भर्ती कराया. वहां उसका इलाज चल रहा था. परिजनों ने यह आरोप लगाया कि गलत तरीके से इलाज किए जाने पर मोहित की तबीयत बिगड़ गई और गंभीर हालत में बुधवार की रात उसे रांची रेफर कर दिया गया. बीच रास्ते में ही उसकी मौत हो गई. इस संबंध में आरोग्यम अस्पताल प्रबंधन की ओर से उसके पीआरओ जया ने पूछे जाने पर सफाई देते हुए कहा कि तीन दिन पहले बच्चा बीमार था और उसे डेंगू था. लेकिन परिजन उसका इलाज बरही के एक निजी क्लिनिक में करवा रहे थे. वहां डॉक्टर डेंगू का नहीं, बल्कि टाइफाइड और मलेरिया का इलाज कर रहे थे. जब बच्चा सीरियस हुआ, तो उसे आरोग्यम अस्पताल लाया गया. यहां जांच करने के बाद बीपी 50 बाय 70 और प्लेटलेट्स गिर गया था.

## गम्हरा जंगल के पास मिले महिला के शव मामले का खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार

**नवीन संवाददाता**

**गिरिडीह।** जिले के मुफ्फसिल थाना क्षेत्र स्थित गम्हरा के जंगल के पास 19 अक्टूबर को अर्धनग्न अवस्था में मिले महिला के शव के मामले क खुलासा पुलिस ने कर दिया है. साथ ही इस घटना में शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है. गिरफ्तार आरोपियों में मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के दुर्गा पहरी के रहने वाला करमा टुडू, दूसरा पचरुखी का रहने वाला 32 वर्षीय भुटुलाल मरांडी है. इनके पास से पुलिस ने दो मोबाइल भी बरामद किये हैं. यह जानकारी आज गुरुवार को एसडीपीओ अनिल कुमार सिंह ने पपरवाटांड स्थित पुलिस कार्यालय में प्रेस वार्ता कर दी. एसडीपीओ ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में भुटुलाल मरांडी पूर्व में भी जेल जा चुका है और यह आपराधिक किस्म का युवक है. बता दें कि 19 अक्टूबर क गम्हरा जंगल के पास से एक महिला



का शव अर्धनग्न अवस्था में पाया गया था. पुलिस ने इस मामले की तफ्तीश शुरू की। महिला की पहचान मुफस्सिल थाना क्षेत्र के मदनपुर भलुआई निवासी महिला के रूप में की गयी.. पुलिस की छानबीन में सामने आया कि आरोपी युवक करमा टुडू और भुटुलाल मरांडी की उस महिला पर गलत नजर थी.दोनों युवकों ने सबसे पहले उससे दोस्ती की. 18 अक्टूबर की शाम को बाइक से महिला के पास पहुंचे. उसे बंदरकुप्पी बाजार घुमाने की बात कहते हुए बाइक पर बैठाकर ले गये. पुलिस के अनुसार बंदरकुप्पी के रास्ते वे उसे जंगल की ओर ले गये. औरउसके साथ अवैध संबंध बनाने का प्रयास करने लगे. इसका विरोध करने पर दोनों युवकों ने उसे पीटा और पिटाई की. फिर गला दबाकर हत्या कर दी और शव वहीं फेक कर फरार हो गये.

### हत्याकांड के तीन आरोपियों को पुलिस ने भेजा जेल

**गिरिडीह।** बेंगाबाद थाना क्षेत्र के बेलडीह में बीते 24 अक्टूबर को उपेंद्र गोस्वामी की हत्याकांड के तीन आरोपियों को पुलिस ने जेल भेज दिया है. हत्याकांड का नामजद आरोपी राजू शर्मा, अजीत राम और राजा राम उर्फ जितेंद्र राम को गुरुवार को बेंगाबाद पुलिस ने न्यायिक हिरासत में भेजा. बताया गया कि तीनों आरोपियों में बेलडीह के रहने वाले दो आरोपी राजू शर्मा और अजीत राम ने न्यायालय में आत्मसमर्पण किया था. जिसे बेंगाबाद पुलिस ने पूछताछ के लिए रिमांड पर लिया था. दोनों आरोपियों से पूछताछ के बाद बुधवार को एक अन्य आरोपी राजा राम उर्फ जितेंद्र राम को पुलिस ने पीरटांड़ थाना क्षेत्र के कुम्हरलालो स्थित उसके घर से गिरफ्तार किया है. बताया गया कि बेंगाबाद के बेलडीह में वह अपने नातेदार के घर पर रहता था.

### सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत

**गिरिडीह।** गिरिडीह-डुमरी मुख्य पथ के पीरटांड़ थाना क्षेत्र के पांडेयडीह यात्री शेड के पास भीषण सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत घटनास्थल पर ही हो गई. हालांकि मृतक की पहचान नहीं हो पाई है. घटना की सूचना मिलते ही पीरटांड़ थाना प्रभारी गौरव भगत सदल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेते हुए अस्पताल भेज दिया. वहीं पुलिस बाइक को भी जब्त कर थाने ले गई. बताया जाता है कि बाइक सवार व्यक्ति गिरिडीह से डुमरी की ओर जा रहा था, तभी किसी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी ओर घसीटते हुए थोड़ी दूर तक ले गया. जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई. दुर्घटना में बाइक संख्या जेएच10-सीएच9583 बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई.

### गिरिडीह में वाहन जांच अभियान चला

**गिरिडीह।** यातायात पुलिस ने गुरुवार को बेंगाबाद थाना के समीप वाहन जांच अभियान चलाया. इस अभियान के तहत दो पहिया वाहनों एवं चार पहिया वाहनों के कागजातों एवं अन्य आवश्यक चीजों की जांच की गई. इस दौरान जिन वाहनों में कागजातों की कमी एवं अन्य त्रुटियां पाई गई, उनका चालान काटा गया. इस संबंध में जानकारी देते हुए यातायात पुलिस के एसआई कृष्णकांत ने बताया कि वाहनों के कागजात, लाइसेंस, इंश्योरेंस आदि की कमी के अलावे हेलमेट एवं सीट बेल्ट नहीं पहनने वालों का चालान काटा गया है. उन्होंने बताया कि लगभग 30 दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों से 45 हजार का जुर्माना वसूला गया है.

### गिरिडीह। खादी महोत्सव के दूसरे दिन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन

गिरिडीह। खादी महोत्सव 2023 के तहत बेंगाबाद स्थित केएन बक्शी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में दूसरे दिन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता को सरोजनी नायडू, सर्वपल्ली राधा कृष्णन एवं सर जेसी बोस तीन ग्रुप में बांट कर पूरा किया गया. इस प्रतियोगिता में बीएड के प्रशिक्षुओं ने भाग लिया. जिसमें सरोजनी नायडू ग्रुप को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ. कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजीत कुमार सिंह ने सभी प्रतिभागियों का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि खादी हमारे देश की पहचान है. इस अभियान से हस्तकरघा, हस्तशिल्प उत्पादों के साथ कुटीर उद्योग को बढ़ावा मिलेगा. प्रतियोगिता में सुषमा कुमारी, साक्षी त्रिगुनाइट, रितिका कुमारी, हेमंती टुडू, किरण कुमारी, सुनीता कुमारी, दीपक कुमार यादव, अरबिंद कुमार वर्मा, तरुण राणा, विद्यानंद हांसदा, खेला किस्कू, स्टेला हेम्ब्रम, आशा लता हेम्ब्रम, राकेश कुमार, शंकर पंडित समेत अन्य प्रतिभागियों ने भाग लिया. कार्यक्रम में प्राचार्य अजीत कुमार सिंह, शिक्षक बिनोद कुमार सुमन, पवन कुमार सुमन, नीलेश लकड़ा, शंकर सिंह, नूतन शर्मा, डॉ. राजेश रविदास, डॉ. संतोष कुमार, प्रकाश वर्धन, रीना साव, रागिनी कुमारी समेत कॉलेज के अन्य शिक्षक एवं प्रशिक्षु उपस्थित थे.

### चाचा हत्याकांड का मुजरिम भतीजा गिरफ्तार, भेजा जेल

**चाईबासा।** चाचा सेलाई बोदरा के हत्याकांड का फरार मुजरिम भतीजा विषु बोदरा को मनोहरपुर पुलिस ने बुधवार देर शाम गिरफ्तार कर लिया. गिरफ्तार मुजरिम विषु बोदरा को पुलिस ने गुरुवार को सुसंगत धारा में न्यायिक अभिरक्षा में चाईबासा चालान कर दिया है. बता दें कि बीती मंगलवार रात मनोहरपुर थाना क्षेत्र अंर्तगत गांव अरवाकोचा बोदरा टोला के रहने वाले 81 वर्षीय बृद्ध सेलाई बोदरा का उसके भतीजे विषु बोदरा ने डंडे से पीटकर हत्या कर दी थी. हत्या की वजह दोनों के बीच पुरानी रंजिश बतायी जा रही है. घटना के दिन गांव में सिकंदर जामुदा के यहां पूजा हो रही थी. वहीं दोनों चाचा भतीजा एक साथ हंडिया पी रहे थे. इस दौरान दोनों में कहासुनी हो गई. गुस्से में भतीजा विषु ने वहां रखे डंडे से चाचा के सर पर वार कर लहुलुहान कर दिया.

### धनबाद: केएमसीईएल कारखाना की जमीन का सर्वे शुरू, लोगों में हड़कंप

**धनबाद।** कुमारधुबी के नीलाम हो चुके केएमसीईएल कारखाना की जमीन का हाई कोर्ट रांची के आदेश पर गुरुवार 2 नवंबर से सर्वे शुरू हुआ. एग्यारकुंड सीओ कृष्ण कुमार मरांडी के नेतृत्व में टीम ने कारखाना की जमीन का सर्वे शुरू किया. जमीन सर्वे की सूचना पर केएमसीईएल मजदूरों में काफी आक्रोश देखा गया. कारखाना जमीन पर अवैध रूप से रह रहे लोगों को भी बेघर होने का डर सताने लगा है. जमीन मापी के दौरान सीओ श्री मरांडी ने पंचमोहली एवं कुमारधुबी मौजा में अवस्थित जमीन की भौतिक स्थिति को देखा. कुमारधुबी पोस्ट ऑफिस और गुरूद्वारा के समीप केएमसीइएल क्वार्टर का भी सर्वे किया गया. इस संबंध में जानकारी देते हुए सीओ मरांडी ने कहा कि वरीय पदाधिकारी व हाई कोर्ट के आदेश पर केएमसीइएल की जमीन को चिन्हित किया जा रहा है. साथ ही अवैध रूप से रह रहे लोगों को भी चिन्हित किया जा रहा है. बता दें कि कारखाना की नीलामी हो चुकी है. मजदूरों को बकाया भुगतान नहीं हुआ है. कारखाना से लगभग सारे लौह सामग्री की ढुलाई हो चुकी है.

## मान्यता | रोमन कैथोलिक ईसाई समाज के लोगों कब्र पर कैंडल जलाकर की प्रार्थना

# ऑल सोल डे पर ने पूर्वजों को किया याद

**नवीन मेल संवाददाता**

**जमशेदपुर।** रोमन कैथोलिक ईसाई समाज के लोगों ने गुरुवार को ऑल सोल डे पर कब्रिस्तान जाकर पूर्वजों को याद किया. अपने पूर्वजों की क्रब पर कैंडल जलाकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की. इसे लेकर बेल्डीह कब्रिस्तान में खासी चहल-पहल रही. सुबह से ही बेल्डीह के अलावा भुइयांडीह स्थित बाबूडीह व करनडीह स्थित जसकनडीह कब्रिस्तान में समुदाय के लोगों ने अपने पूर्वजों की कब्र पर फूल चढ़ाए, मोमबत्ती जलाई और वहां बैठकर उन्हें याद किया. मृतात्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई. कैथोलिक में मान्यता है कि मरने के बाद व्यक्ति संत हो जाता है. उनके अच्छे जीवन और शांति के लिए हर साल 2 नवंबर को यह




पर्व मनाया जाता है. पर्व के लिए पहले से ही कब्रिस्तानों की साफ-सफाई कर ली गई थी और पूरे कब्रिस्तान परिसर को सजाया गया था. इस बारे में चर्च के फादर ने बताया कि यह पर्व अपने मृत पूर्वजों, मित्रों, रिश्तेदारों की आत्मा की शांति के लिए मनाया जाता है. इस दिन कब्र में फूल चढ़ाकर, अगरबत्ती जलाकर पूजा की जाती है और अपने पूर्वजों के प्रति आदर व्यक्त करते हुए ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें. धर्म के जानकार लोग कहते है इस दिन स्वर्ग में बैठे उनके अपने लोगों की आत्माएं उनके लिए दुआ करती हैं. वो इस बात का एहसास दिलाती है कि वो वहां बेहद खुश है. दरअसल 'ऑल सोल्स डे' फ्रांस की देन है जिसे 998 एडी में पहली बार मनाया गया था. छोटे स्तर पर लोगों ने मरे लोगों की आत्माओं के सम्मान में इस दिन को 'ऑल सोल्स डे' के रूप में मनाया था. माना जाता है इसकी शुरूआत पहले बेहद छोटे स्तर पर हुई थी, लेकिन एक दशक के अंदर ये दिन विश्व भर में मनाया जाने लगा.

## गागर में सागर

### प्रशिक्षु आईएएस सुलोचना मीणा ने उन्नयन कार्य का लिया जायजा



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र में डीएमएफटी मद से चल रहे उन्नयन कार्य को लेकर प्रशिक्षु आईएएस सुलोचना मीणा व अधिकारियों ने जायजा लिया।प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित उच्च विद्यालय गोरहर,प्लस टू हाई स्कूल बरकट्ठा,डुमरियाटांड़ पुल निर्माण कार्य समेत अन्य स्थानों में जहां उन्नयन कार्य किया जा रहा है,का जायजा लिया। वही प्रशिक्षु आईएएस ने उत्क्रमित उच्च विद्यालय गोरहर में वर्ग कक्ष का निरीक्षण किया तथा छात्र-छात्राओं से प्रश्न पूछे । तत्पश्चात उन्होंने एमडीएम का जांच किया। उन्होंने कहा कि उन्नयन कार्य के लिए जो भी राशि प्राप्त हुई है उसका सदुपयोग करते हुए गुणवत्ता युक्त कार्य किया जाए। मौके पर डीएमएफटी अधिकारी,जेई और एई उपस्थित थे।

### सुरेखा प्रकाश भाई पब्लिक स्कूल में आयोजित हुआ रन फॉर यूनिटी

**हजारीबाग।** चौपारण के बहेरा आश्रम में नवभारत जागृति केन्द्र से संचालित सुरेखा प्रकाश भाई पब्लिक स्कूल में सरदार वल्लभभाई पटेल के जन्म दिवस पर रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया. वहीं राष्ट्रीय एकता दिवस मनाते हुए बच्चों ने देश की अखंडता सुरक्षित रखने की शपथ ली. कार्यक्रम में सर्वप्रथम विद्यालय की प्राचार्या रीना पांडेय ने सरदार वल्लभ भाई पटेल की योग्यता और महत्ता पर प्रकाश डाला. वहीं शिक्षिका अमृता मैसी ने बच्चों को राष्ट्रीय एकता व अखंडता को अक्षुण्ण बनाए रखने की शपथ दिलाई. विद्यालय के खेल शिक्षक राकेश रंजन, उमेश भगत व आशुतोष कुमार ने छात्र-छात्राओं के साथ रन फॉर यूनिटी के तहत एकता दौड़ का आयोजन कराया. वहीं भोला कुमार सिन्हा, शैलेन्द्र गुरू, अमृता मैशी, राजीव रंजन, पवन कुमार, व्यास पांडेय, आशीष पांडेय, फरहत जहां, रिचा प्रभाकर, शंकर सिंह और मुकेश पाठक ने सरदार पटेल के जन्मदिवस पर हिन्दी और अंग्रेजी निबंध प्रतियोगिता का आयोजन करवाया.

### 'फ्लाई ऐश इंटरलॉकिंग यूनिट' के लिए प्रशासन एवं सीसीएल रांची के बीच एमओयू

**रामगढ़।** पतरातू प्रखंड के दो गांव लेम एवं बारीडीह में 'फ्लाई ऐश इंटरलॉकिंग यूनिट' स्थापित करने के लिए गुरुवार को जिला प्रशासन, रामगढ़ एवं सीसीएल दरभंगा हाउस, रांची के बीच एमओयू किया गया. इस दौरान सीसीएल दरभंगा हाउस, रांची की तरफ से जीएम एसडी एवं सीएसआर लादी बालकृष्ण एवं जिला प्रशासन, रामगढ़ की तरफ से प्रखंड विकास पदाधिकारी, पतरातु श्री मनोज कुमार गुप्ता के द्वारा एमओयू पर हस्ताक्षर किया गया. गौरतलब होकि एमओयू के उपरांत सीसीएल दरभंगा हाउस,



रांची के द्वारा सीएसआर के तहत पतरातू प्रखंड के दो गांव लेम एवं बारीडीह में फ्लाई ऐश इंटरलॉकिंग यूनिट के लिए 63केडब्ल्यूओ के दो ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराए जाएंगे.

### पैसे लेकर आवास नहीं बनाने को लेकर 21 लाभुकों पर कार्रवाई शुरू



**बरही ।** सत्र 2022-23 में प्रधानमंत्री आवास के लिए प्रथम किस्त की राशि चालीस हजार रुपए लेने के बाद भी कई लाभुको ने अब तक आवास बनाने के प्रक्रिया प्रारंभ नही किया. इस संबंध में प्रखंड की ओर से लाभुको को कई बार निर्देश और नोटिस भीं दिए गए. परंतु लाभुकों के द्वारा किसी भी प्रकार का सार्थक पहल नहीं किया गया. अंततोगत्वा बीडीओ के निदेर्शानुसार प्रखंड के कुल 21 लाभुको के ऊपर सरकारी राशि गबन करने के मामले में प्राथमिकी दर्ज हेतु थाना को आवेदन भेजा जा चुका है. आवास प्रखंड समन्वयक के के तिवारी से मिली जानकारी के अनुसार रानिचुआ पंचायत के कोशिला देवी पति रामपाल सिंह, दूलमहा पंचायत से सविता देवी पति छोटी गिरी, चरका भुइयां पति स्व लालू भुइयां, कौशल्या देवी पति गोपी राम, लूसी देवी प्रकाश पासवान, प्रेमा देवी पति राजेंद्र प्रसाद केसरी, महावीर यादव पिता बंधु यादव, सकुनी देवी पति स्व जगदीश यादव, महादेव राणा पिता त्रिभुवन राणा, सुखदेव यादव पिता किसुन यादव, डपोक पंचायत के वंशी यादव पिता गिरो यादव, सदानंद सिंह पिता रामेश्वर सिंह, पैरवा देवी पति बढ़न सिंह, कोलहुआ कला पंचायत के संगीता देवी पति अशोक राम, कालिया देवी पति रूपन महतो, बिजैया पंचायत के बासुदेव यादव पिता पहारी यादव, केदार सिंह पिता हिरामन सिंह, कैलाश यादव पिता प्रसादी यादव और करसो पंचायत के सकून देवी पति रघु महतो, फुडेली देवी पति डीलो गोप, नीतू देवी पति चरित्र सिंह का नाम शामिल है.

# गिरिडीह लोकसभा के पूर्णकालिक विस्तारक मनोनीत हुए सत्यजीत चौधरी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय पदाधिकारियों के निर्देशन में झारखंड प्रदेश ने 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अपनी तैयारियां शुरू कर दिया है। इसी के निमित्त भाजपा ने कोलकाता में दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया था जिसमें बिहार, बंगाल, झारखंड ओडिसा, असम, अरुणाचल प्रदेश सहित सभी नौ राज्यों से चुने गए लोकसभा विस्तारकों को आम चुनाव हेतु संगठन के राष्ट्रीय महासचिव बीएल संतोष,संगठन महामंत्री बिहार भीखू भाई दलसानिया,संगठन महामंत्री बंगाल सहित अन्य संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों द्वारा प्रशिक्षित कर विभिन्न लोकसभा क्षेत्रों में भेजा जा रहा है। इसी के तहत झारखंड के सभी 14 लोकसभा सीटों पर जीत दर्ज करने की रणनीति के तहत पूर्णकालिक लोकसभा विस्तारकों का चयन हुआ। प्रशिक्षण वर्ग से वापस लौटे सभी झारखंड के विस्तारकों को आमंत्रित कर प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी एवं प्रदेश

**भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने दी शुभकामनाएं**



मीडिया सह प्रभारी सह लोकसभा विस्तारक अभियान के झारखंड संयोजक योगेंद्र प्रताप सिंह द्वारा लोकसभा क्षेत्र का आवंटन किया गया। रामगढ़ से भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी सत्यजीत चौधरी को गिरिडीह लोकसभा की जिम्मेवारी दिए जाने पर बाबूलाल मरांडी ने अंगवस्त्र देकर सम्मानित करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर गिरिडीह लोकसभा का पूर्णकालिक विस्तारक चयनित हुए सत्यजीत चौधरी ने बताया की पहले भी मुझे विधानसभा स्तरीय अल्पकालिक विस्तारक के रूप में छत्तीसगढ़ जाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ था लेकिन इस बार गिरिडीह लोकसभा हेतु पूर्णकालिक लोकसभा विस्तारक के रूप में पार्टी द्वारा मेरा चयन किया जाना मेरे लिए गर्व की बात है। जिसके लिए मैं पार्टी के सभी प्रदेश स्तरीय और जिला पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए संगठन से मिली अपनी पिछली सभी जिम्मेवारियों की तरह इस दायित्व को भी अपने वरिष्ठ नेताओं के मार्गदर्शन में निभाने का प्रयत्न करूंगा। रामगढ़ जिले से पूर्णकालिक विस्तारक नामित हुए सत्यजीत चौधरी एवं आशीष कुमार को भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह पूर्व भाजपा प्रत्याशी रामगढ़ विधानसभा रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू, जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता, महामंत्री प्रो.खिरोधर साहू, रंजन फौजी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजू चतुवेर्दी, प्रो.अखिलेश प्रसाद, आनंद बेदिया, मंत्री वसुध तिवारी, दिलीप सिंह, राजेंद्र कुशवाहा, किरण देवी, संजीव बावला, राजीव पमदत्त, सोशल मीडिया प्रभारी संतोष शर्मा, प्रवीण सोनू, कैंट मंडल अध्यक्ष शिवकुमार महतो, टोकेश सिंह, ओबीसी मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मुन्ना खटीक, विजय जयसवाल, रोबिन गुप्ता, युवामोर्चा जिलाध्यक्ष अवितेश सिंह, एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष बिनोद राम, धीरज साहू, मणिशंकर ठाकुर, ब्रजेश पाठक, सत्यजीत सिंह, भीमसेन चौहान आदि ने शुभकामनाएं दी है।

### 'नप लैब असिस्टेंट टेक्नीशियन पीजीटी परीक्षा में गड़बड़ी मामले की जांच हो'

**रामगढ़।** झारखंड बेरोजगार शारीरिक शिक्षक संघ के प्रदेश महासचिव रमेश कुमार महतो ने 2 नवंबर को विज्ञप्ति जारी किया है। जिसमें उन्होंने कहा है की झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) बोर्ड द्वारा जूनियर इंजीनियर नगरपालिका लैब असिस्टेंट टेक्नीशियन पीजीटी की परीक्षा आयोजित की गई थी। उन्होंने कहा की उत्पाद सिपाही, सचिवालय समेत अन्य प्रमुख परीक्षा प्रक्रियाधीन है । कहा की सभी संचालित परीक्षाओं में भारी अनियमितता बरते जाने का मामला प्रकाश में आया है, जो मुख्य रूप से जूनियर इंजीनियर परीक्षा 28.09. 2023 को शिवा इंफोटेक रांची, नन आईओएद डिजीटल डमी परीक्षा केंद्र में आयोजित था। जिसमें एक सप्ताह बाद बिना ठोस कारण बताएं 6.10.2023 को कैंसिलेशन नोटिस जारी किया गया। श्री महतो ने कहा की लैब असिस्टेंट परीक्षाफल बिना रिसपोंस की के जारी किया गया। रमेश कुमार महतो ने कहा कि इसमें सिर्फ 05 परीक्षा केंद्र में 35 प्रतिशत से ज्यादा रिजल्ट है । नगर पालिका परीक्षा के दौरान राज्यभर के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर बिना सील पैक क्वेशचेन बुकलेट बांटा गया। जिसमें कई क्वेशचेन बुकलेट पर सीरियल नंबर दर्ज नहीं था।

#### पहचान पत्र व विभिन्न समस्याओं को लेकर

## ट्रांसजेंडर समूह के लोगों ने की जिला समाज कल्याण पदाधिकारी से भेंट

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** पहचान पत्र व विभिन्न समस्याओं को लेकर गुरुवार को ट्रांसजेंडर समूह के लोगों ने जिला समाज कल्याण पदाधिकारी कनक तिर्की से जिला समाहरणालय स्थित उनके कार्यालय कक्ष में मुलाकात की। इस दौरान जिला समाज कल्याण पदाधिकारी द्वारा ट्रांसजेंडर समूह के लोगों को ट्रांसजेंडर पर्सन(प्रोटेक्शन ऑफ राइट्स) एक्ट 2019 के विभिन्न प्रावधानों की जानकारी दी गई। साथ ही उन्हें भारत सरकार द्वारा ट्रांसजेंडर समूह के लोगों के लिए चलाए जा रहे पोर्टल एवं इसके माध्यम से पहचान पत्र प्राप्त करने की भी जानकारी दी गई। मौके पर ट्रांसजेंडर समूह द्वारा जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को पहचान



पत्र नहीं रहने के कारण उनके समक्ष आ रही विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया गया। जिसपर समाज कल्याण पदाधिकारी द्वारा सरकार के सरकार द्वारा उनके लिए चलाए जा रहे विभिन्न योजनाओं व जागरूकता कार्यक्रमों आदि की जानकारी दी गई। साथ ही जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने सभी ट्रांसजेंडर समूह के लोगों से उनके जैसे अन्य लोगों को भी इसके प्रति जानकारी देने की अपील की।

### मोबाइल टावर कंपनियों से होगी एक करोड़ से अधिक की वसूली

**हजारीबाग।** हजारीबाग के मोबाइल टावर कंपनियों से एक करोड़ से अधिक की वसूली होगी. इसके लिए श्रम विभाग कार्यालय ने कार्रवाई का आदेश दिया है. विभिन्न कंपनियों के 361 मोबाइल टावर के लिए एक करोड़ 26 लाख 35 हजार रुपए वसूलने का आदेश दिया गया है. हजारीबाग जिला अंतर्गत विजन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, रिलायंस जिओ इंफ्राटेल प्राइवेट लिमिटेड, एटीसी टेलीकॉम इन्फ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड, सुमित डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड, रिलाइंस जिओ इन्फोकॉम लिमिटेड, भारती इंफ्राटेल लिमिटेड और इंडस टावर लिमिटेड के टावर काम कर रहे हैं. जिले में टावर लगाने की किसी भी तरह की सूचना हजारीबाग के श्रम विभाग को नहीं दी गई है. श्रम विभाग ने जब इसकी जांच-पड़ताल की, तो पाया गया कि निर्माण लागत की कुल 1% राशि भवन व अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण उपकर अधिनियम 1996 के अंतर्गत विभाग या बोर्ड के खाते में जमा नहीं की गई. न ही इसकी सूचना स्थानीय श्रम कार्यालय को दी गई.

### बरकट्ठा बाजार में काली पूजा मनाने को लेकर मंदिर परिसर में बैठक, टीम का गठन



**बरकट्ठा।** बरकट्ठा बाजार स्थित सार्वजनिक काली मंदिर परिसर में काली पूजा को धूमधाम से मनाने व टीम गठन को लेकर एक बैठक आयोजित की गई। बैठक पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष सह मुखिया प्रतिनिधि बसंत साव की अध्यक्षता में की गई जिसमें काली पूजा हर्षोल्लास के साथ मनाने व रात्रि जागरण कार्यक्रम के आयोजन को लेकर विस्तृत चर्चा किया गया। वहीं कमेटी का चयन पूर्व वर्ष के सदस्यों को इस वर्ष भी पूर्वत रखने की बात कही गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बीरेंद्र सोनी ने कहा कि काली पूजा हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी धूमधाम से किया जाएगा तथा रात्रि में भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन होगा। मौके पर मंदिर के पुजारी अनंत पांडेय, महेंद्र मंडल,बीरेंद्र सोनी,राम खेलावन यादव,धीरज गुप्ता,शुभम कसेरा,मोनू मंडल,काली मंडल,किशोर मोदी, उमेश ठाकुर,बिट्टू मोदी,मिश्रा मोदी, प्रदीप लाल,अनिल मोदी,उमेश राणा, संजय मंडल, दुक्खन पंडित के अलावे कई लोग उपस्थित थे।

### बरकट्ठा उत्तरी पंचायत पैक्स चुनाव में जगदीश नायक ने 73 मतों से विजयी घोषित



**बरकट्ठा।** प्रखण्ड क्षेत्र के बरकट्ठा उतरी पंचायत पैक्स चुनाव में जगदीश नायक ने विजय प्राप्त किया। विदित हो कुल 364 पैक्स सदस्य मतदाताओं में से 250 ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जिसमें जगदीश नायक को 161 व संजय कुमार को 88 मत प्राप्त हुए।वहीं एक मत रद्द घोषित किया गया। इस तरह जगदीश नायक 73 मतों से विजयी घोषित किए गए। सभी निर्वाचन कार्य निवार्ची पदाधिकारी सह प्रभारी सहकारिता पदाधिकारी कारु राम की देखरेख में सम्पन्न हुआ। निर्वाचन टीम में गोरहर पैक्स के मो सुल्तान व चुगलामो पैक्स के प्रदीप राणा शामिल थे । पैक्स चुनाव में विजयी घोषित होने के बाद अध्यक्ष जगदीश नायक को पूर्व मुखिया बसन्त साव, पूर्व पैक्स अध्यक्ष दिलीप सोनी, दर्शन सोनी, संजय गुप्ता, शम्भू यादव, सुरेश यादव, महेश मंडल, कालीचरण मंडल, कमलेश गुप्ता, बबलू श्रीवास्तव, बसन्त श्रीवास्तव, अशोक गुप्ता समेत अन्य लोगों ने बधाई दी।

### इचाक में अपराध की योजना बनाते पांच संदिग्ध आरोपी गिरफ्तार

**हजारीबाग।** हजारीबाग पुलिस ने अपराध की योजना बनाते हुए पांच संदिग्ध आरोपियों को गिरफ्तार किया है. डीएसपी हेडक्वार्टर राजीव कुमार ने गुरुवार को प्रेसवार्ता में बताया कि हजारीबाग एसपी को गुप्त सूचना मिली थी कि इचाक थाना अंतर्गत असिया पहाड़ी के पास 08-10 संदिग्ध व्यक्ति किसी अप्रिय घटना को अंजाम देने के लिए जमा हुए हैं. सूचना के आधार पर असिया पहाड़ी के समीप पहुंची पुलिस को अपनी तरफ आते देख संदिग्ध इधर-उधर भागने लगे. पुलिस बल के सहयोग से भाग रहे संदिग्ध रामगढ़ स्थित रांची रोड के विनोद राम (45 वर्ष), हजारीबाग केसुरा के आदित्य कुमार (19 वर्ष), कटकमसांडी के सौरभ सिंह (19 वर्ष), शिव बालक कुमार रविदास (21 वर्ष), सन्नी कुमार रविदास (21 वर्ष) को गिरफ्तार किया. उनके पास से ऑटोमेटिक पिस्टल, जिंदा कारतूस और एंड्रॉयड फोन बरामद किया गया है. सभी के खिलाफ इचाक थाने में मामला दर्ज कर कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है.

## मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गतन को लेकर विशेष शिविर आयोजित, पंचायतों में देखी गई भीड़

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में बुधवार और गुरुवार को मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गतन को लेकर विशेष शिविर का आयोजन किया गया. बीडीओ ने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य मतदाता सूची से मृत मतदाताओं का नाम हटाना था. जो जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी के निदेर्शानुसार आयोजित किए गए थे. इसके तहत बुधवार को रसोइया धमना, बरही पूर्वी, करसो, खोड़ाहर, केदारूत, बसरिया उर्फ पंचमाधव, धनवार, करियातपुर, रानीचुआ और कोल्हुआकला पंचायत भवन में शिविर लगाए गए. वही बेंदगी, बरही पश्चिमी, गौरियाकरमा, बरसोत, मलकोको, विजैया, डपोक, कोनरा और भंडारो पंचायत गुरुवार को शिविर का आयोजन किया गया. इस अवसर पर मुख्य रूप से पंचायत सचिव, ग्राम प्रधान सहित संबंधित पंचायत के



बीएलओ और वार्ड सदस्य मौजूद रहे. ग्राम प्रधान से प्राप्त जानकारी के अनुसार रसोईया धमना पंचायत में 46, धनवार पंचायत में 15, करियातपुर पंचायत में 120, कोल्हुआकला पंचायत में 160, गौरिया करमा पंचायत में 60, कोनरा पंचायत में 25, दुलमहा पंचायत में 67, मलकोको पंचायत में 52, बरसोत पंचायत में 30 और बरही पूर्वी पंचायत में एक आवेदन प्राप्त होने की सूचना मिली है. शेष पंचायतों से समाचार लिखे जाने तक आंकड़ा अप्राप्त रहा. पंचायत सेवको ने बताया कि कई मृतक के प्रमाण पत्र पहले भी निर्गत किए जा चुके है. बीडीओ सी आर इंदवार ने बताया कि अभी सभी पंचायतों के आंकड़ों को संग्रहित किया जा रहा है. इसकी पूरी जानकारी शुक्रवार को दी जायेगी.

### बरही में दीवाल तोड़ते हुए प्लास्टिक दाना लदा ट्रक घुसा घर में, कोई हताहत नहीं

**बरही ।** एनएल 01 ए ए 0894 ट्रक विपरीत दिशा से आ रही ट्रेलर से चकमा खाकर जीटी रोड पंचमाधव स्थित अर्धनिर्मित ओभरब्रीज के समीप लालधारी महतो के घर का दीवाल तोड़ते हुए पलटी कर गया. जानकारी के अनुसार ट्रक कोलकाता से आ रही थी. जिस पर प्लास्टिक दाना लदा था. अर्धनिर्मित ओभरब्रिज के समीप चकमा खाने से ट्रक का चक्का नाली में फंस गया और तड़पते हुए घर से जा टकराया. जिससे घर का दीवाल तोड़ते हुए पलटी खा गया. परंतु किसी की भी हताहत नहीं हुई. गनीमत है की घर में सभी लोग सो रहे थे अन्यथा बड़ी घटना हो सकती थी.

**परेशान लोग** | कोर्रा राजकीय बालक मध्य विद्यालय व मिडिल स्कूल का हाल

# बिना बाउंड्रीवाल का स्कूल, हादसे का खतरा

#### शाम में शराबी छलका रहे जाम



**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग ।** जिले के कोर्रा देवांगन चौक स्थित राजकीय बालक मध्य विद्यालय कोर्रा एवं मिडिल स्कूल कोर्रा में बाउंड्री वॉल नहीं होने से स्कूली बच्चों के साथ हादसे का खतरा बना रहता है. स्कूल दोनों ओर से व्यस्त सड़कों से घिरा हुआ है. इन सड़कों पर बड़ी-बड़ी गाड़ियों का आवागमन हमेशा होता रहता है. ऐसे में वहां पढ़ने वाले छोटे-छोटे बच्चे जब स्कूल से बाहर निकलते हैं या लंच टाइम खेलने बाहर आते हैं तो दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। शिक्षकों ने बताया कि इस मामले में स्थानीय जनप्रतिनिधि के साथ-साथ विभाग को भी अवगत करा चुके हैं, परंतु आश्वासन के अलावा अभी तक और कुछ नहीं मिला और जब बच्चे स्कूल से बाहर आते हैं तो शिक्षकों को ही उनकी देखभाल करनी पड़ती है. बच्चे सड़क पर ना चले जाएं ऐसे में स्कूल में मिलने वाला खेलने का सामान भी रखा रह जाता है. क्योंकि बाउंड्री वॉल ना होने के कारण बच्चे कैंपस में अच्छे से खेल भी नहीं पाते हैं. साथ ही साथ आए दिन वहां शराब की बोतलें मिलती हैं जो रात में शराबी तत्वों के लोग आराम से वहां पर शराब पीकर बॉटल छोड़कर चले जाते हैं.

## बरही: भारतीय कृषि अनुसंधान केंद्र का पंचवर्षीय समीक्षा समिति ने किया निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** गौरियाकरमा स्थित भारतीय कृषि अनुसंधान केंद्र का गुरुवार को पंचवर्षीय समीक्षा समिति ने निरीक्षण किया. इस दौरान केंद्र के कार्यप्रणाली, शिक्षा व्यवस्था, क्रियाकलापों सहित विभिन्न विभागो का मुआयना किया. साथ ही पिछले पांच वर्षो में हुए कार्यों का समीक्षात्मक विश्लेषण भी किया. उपस्थित लोगो को आगामी वर्षों में आने वाली योजनाओं की जानकारी देते हुए केंद्र के भुमिकाओ पर चर्चा किया. साथ ही इसे विश्वस्तरीय संस्थान बनाने की दिशा में आवश्यक कदम उठाने का निर्देश भी दिया. इस दौरान समिति ने छात्रावास, कृषि प्रक्षेत्र सहित अन्य विकास कार्यों की भी जानकारी लिया. निरीक्षण के क्रम




में समिति के सदस्यो ने केंद्र परिसर में वृक्षारोपण भी किया. विदित हो कि 1 नवम्बर को आई सी ए आर द्वारा प्रथम पंचवर्षीय समीक्षा समिति (२०१७–२०२२) का गठन किया गया था. समिति में डॉ एस एन पूरी (पूर्व कुलपति, केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, इम्फाल), डॉ जे सी कटियाल (पूर्व डी डी जी, शिक्षा, आई सी ए आर, नई दिल्ली), डॉ एस एस बाघेल (पूर्व कुलपति, केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, इम्फाल), डॉ के के नारायनन (संस्थापक एवं निदेशक, स्थायिका बीज प्राइवेट लिमिटेड, बेंगलुरु), आई ए आर आई, नई दिल्ली/झारखंड के निदेशक डॉ ए के सिंह, संयुक्त निदेशक (अनुसंधान) डॉ सी विश्वनाथन एवं प्रोफेसर (कृषि अभियांत्रिकी विभाग) डॉ डी के सिंह आदि शामिल है.

## चुनाव प्रचार के लिए बाबूलाल मरांडी सिमडेगा पहुंचे, बोले

# छत्तीसगढ़ में बनेगी भाजपा सरकार

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा/कुरडेग।** झारखंड बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष सह झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी छत्तीसगढ़ चुनाव प्रचार में जाने के दौरान सिमडेगा पहुंचे, सर्किट हाउस में भाजपा कार्यकताओं ने जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का जोरदार स्वागत किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि इस बार छत्तीसगढ़ चुनाव में पुनः भारतीय जनता पार्टी की सरकार बन रही है, छत्तीसगढ़ की जनता ने 5 साल इस भ्रष्ट सरकार को लूटते हुए देखा है ।छत्तीसगढ़ की जनता बदलाव का मन बना चुकी है, इस बार पूर्ण बहुमत से छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी। छत्तीसगढ़ जाने के क्रम में प्रदेश अध्यक्ष जिला के सांसद प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव के कुरडेग स्थित आवास में भी रुके एवं कार्यकताओं से संगठन के मजबूती पर चर्चा की एवं बिचार विमर्श किया ।साथ ही कार्यकताओं से 15 नवंबर को मोदी जी झारखंड उलिहातू दौरे को लेकर भी चर्चा की एवं तैयारियों की जानकारी प्राप्त की। मोके पर जिला अध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक, पूर्व मंत्री विमला प्रधान, सांसद प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव, जीप उपाध्यक्ष सोनी पैंकरा ,महामंत्री दिपक पूरी, मंत्री तुलसी साहू, उपाध्यक्ष सतीश पांडेय ,कोषाध्यक्ष अनुप प्रसाद, श्रद्धानन्द बेसरा, राकेश रविकांत, सुजान मुंडा, सत्यनारायण प्रसाद ,नरेंद्र बड़ाईक, मुकेश श्रीवास्तव, संजय शर्मा ,डॉ महेंद्र भगत ,भाजयुमो अध्यक्ष अजय सिंह, प्रदीप जायसवाल ,अनिरुद्ध सिंह ,सुभाष महतो मोहन बड़ाईक ,नवीन सिंह ,कमला कुमारी, पिंकी प्रसाद हंसा रानी, इंदु देवी ,नंदिनी दास ,शंभु भगत, कृष्णकांत सिंह ,रामचन्द्र साय ,मनोज साय, उमेश जायसवाल, अनुज श्रीवास्तव, रबिन्द्र शर्मा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## राशन डीलर की मनमानी पर भड़के श्रद्धानन्द बेसरा

**पाकरटांड।** प्रखंड केसलपुर पालेडीह बखरी टोली गांव में राशन कार्ड धारियों ने भाजपा नेता श्रद्धानंद बेसरा को क्षेत्र भ्रमण के वक्त बताया कि राशन डीलर ने सितंबर 2023 का राशन ठेपा लगाने और रशीद निर्गत किए जाने के पश्चात भी राशन डीलर के द्वारा यह कह कर राशन नहीं दिया गया कि सितंबर माह का राशन का कोटा नहीं मिला है और इसलिए इस माह का राशन नहीं दुंगा ।इसकी शिकायत कहीं भी करो, मुझे किसी का भय नहीं है ।ग्रामीणों ने श्री बेसरा को यह भी बताया कि विगत वर्ष 2022 करोना काल महामारी में जब सरकार के द्वारा डबल राशन का वितरण किया गया था ।उस वक्त भी राशन डीलर के द्वारा अगस्त सितम्बर अक्टूबर माह में सिंगल राशन दिया गया ।जबकि उस वक्त डबल राशन वितरण का प्रवधान था। परन्तु अनेकों बार कहने पर भी डीलर ने डबल राशन नहीं दिया। ग्रामीणों ने बताया कि इस बात कि जानकारी उस समय के तत्कालीन प्रखंड विकास पदाधिकारी को भी दी गई थी ।श्री बेसरा ने ग्रामीणों से कहा कि ठेपा निशाना और रशीद निर्गत करने के पश्चात अगर डीलर के द्वारा राशन वितरण नहीं किया गया है और उसके बाद भी डीलर के द्वारा नहीं देने की बात की जा रही है।

## मिशन पर्व : हॉकी प्रतियोगिता में चैंपियन बनी कुजूर ब्रदर की टीम



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** खूंटीटोली में मिशन पर्व के मौके पर हॉकी टूर्नामेंट सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मुख्य अतिथि के रुप में विधायक भूषण बाड़ा और विशिष्ट अतिथि के रुप में बिशप मुरेल बिलुंग, जिप सदस्य जोसिमा खाखा उपस्थित थे। खेल का शुभारंभी अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। प्रतियोगिता के फाईनल में कुजूर ब्रदर ने गरजा को 3-2 से हराकर खिताब पर कब्जा जमाया। विजेता एवं उपविजेता को विधायक ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। अपने संबोधन में विधायक ने कहा कि मिशन पर्व के मौके खेल प्रतियोगिता के माध्यम से युवाओं को एक मंच में लाने का अच्छा प्रयास है। हम सभी को आपसी भेदभाव भुलाकर ऐसे ही संगठित रहना है। उन्होंने कहा कि जीवन में खेलकूद जरुरी है। खेलकूद से शारिरीक और मानसिक विकास होता है। हम जीवन में संघर्ष करना एवं जूझना सिखते हैं। वहीं विशप मुरेल बिलुंग ने मिशन पर्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही प्रभु येसी मसीह के वचनों को अपने जीवन में आत्मसात करने की अपील की। मौके पर पादरी सिमोन हेरेंज,पादरी जोसन मिंज,आयोजन अध्यक्ष जॉन हरि,प्रबल जतरमा,शिशिर बूढ़,आलोक लुगुन,अधिवक्ता सुनील लुगुन,सचिन हेरेंज,बिलसन कुल्लू,विनय तिग्गा,रविंद्र टेटे,बिरसेन कुल्लू,अतुल मिंज, बेलाश एक्का,मेनन तिर्की,राज एक्का,आनद हेरेंज, आबोद जटरमा, सेजन कोनगाड़ी, बेलाश टोप्पो,सचिन हेरेंज, एलोन डुंगडुंग आदि उपस्थित थे।

## गागर में सागर

### कोलेबिरा के नए अंचल अधिकारी के रूप में अनूप कच्छप ने संभाला पदभार



**कोलेबिरा।** कोलेबिरा अंचल में नए अंचलाधिकारी के रूप में अनूप कच्छप ने गुरुवार को पदभार ग्रहण किया। कोलेबिरा अंचल कार्यालय परिसर में नए अंचलाधिकारी के रूप में अनूप कचछप ने बीडीओ वीरेंद्र किंडो से पदभार लिया। पदभार संभालने के बाद उन्होंने अंचल कार्यालय में पद स्थापित सभी कर्मचारियों से अपना परिचय प्राप्त किया। इस मौके पर उन्होंने सभी कर्मियों से ईमानदारी पूर्वक कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आंचल से संबंधित कोई भी ग्रामीण कार्य करने अंचल कार्यालय आए तो उन्हें किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए ।सभी कर्मी ईमानदारी पूर्वक अपने कार्य का निर्वाह करेंगे ।इस मौके पर अंचल निरीक्षक हरिहर प्रसाद, प्रधान सहायक उपेंद्र बैठा के अलावे कोलेबिरा अंचल के सभी राजस्व कर्मी के अलावे कर्मी उपस्थित थे।

### आत्मा की शांति के लिए खीस्त विश्वासियों ने कब्रिस्तान में की प्रार्थना



**सिमडेगा।** ईसाई समुदाय के लोगों ने गुरूवार को अपने पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए खीस्त विश्वासियों ने कब्रिस्तान में ईश्वर से सामूहिक प्रार्थना की. प्रत्येक साल की भांति इस वर्ष भी 2 नवंबर को जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों के कब्रिस्तानों में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया. इसके लिए कब्रिस्तानों की साफ-सफाई की गई थी. कब्रों को फूलों से सजाया गया और सभी कब्रों पर कैंडल जलाए गए. ज्ञात हो कि ईसाई समुदाय प्रत्येक वर्ष 2 नवंबर को मृत खीस्त विश्वासियों का पर्व मनाती है. इस अवसर पर ईसाई समुदाय के लोगों ने कब्रिस्तान में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया.

## जराटांड़ क्रूसकेला में आयोजित मिशन पर्व में शामिल हुए विधायक



**सिमडेगा।** पाकर टांड़ के जीईएल चर्च जराटांड़ क्रूसकेला में गुरुवार को मिशन पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। मिशन पर्व में सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा भी अपनी धर्मपत्नी सह जिप सदस्य जोसिमा खाखा के साथ शामिल होकर लोगों को पर्व की बधाई दी। उन्होंने कहा कि मिशन पर्व के मौके पर प्रभु येशु मसीह सभी के जीवन मे सुख, शांति और समृद्धि लाय। उन्होंने कहा कि आप सभी सच्चे मन से प्रभु से मांगे। क्योंकि सच्चे मन से प्रभु येसु मसीह से मांगी गई मनोकामना कभी भी खाली नहीं जाता है। उन्होंने कहा कि हम प्रभु में विश्वास करते हैं। इसलिए हमें सदा बाइबल के अनुसार कार्य करना चाहिए। हमे बाइबल के वचनों का पालन करना चाहिए। पवित्र ग्रन्थ बाइबल ईसाई धर्म का मूलभूत सिद्धांत है। हमारे विस्वास की नींव है। बाइबल को त्यागना प्रभु में अविश्वास करने के समान है। मौके पर जोसिमा खाखा ने भी मिशन पर्व की लोगों को बधाई दी। साथ ही सभी को प्रभु की आराधना के लिए समय निकालने की अपील की। मौके पर पादरी सुसारेन डुंगडुंग,प्रचारक नॉवेल मिंज,पंचायत अध्यक्ष पनियेल लकड़ा,सुरेश केरकेट्टा,भूषण तिर्की, बेलाश तिर्की, सैहुन एक्का,मनोज तिर्की, अमर केरकेट्टा,लता तिर्की,शोभा तिर्की, आदि शामिल थे।

## उपायुक्त सिमडेगा ने कार्यालय कक्ष जनता में दरबार का आयोजन

**सिमडेगा।** आम जनमानस की समस्याओं के समाधान और त्वरित निष्पादन को लेकर उपायुक्त, सिमडेगा अजय कुमार सिंह के द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया ।इस दौरान जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने जनता दरबार में आकर अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। उपायुक्त ने वहां उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनी एवं आश्वस्त किया कि संज्ञान में आए हुए सभी शिकायतों की जांच कराते हुए जल्द से जल्द समाधान किया जाएगा। उपायुक्त के जनता दरबार में जमीन विवाद, आवास योजना का लाभ दिलाने एवं अन्य विषय से संबंधित मा मेंमले आये। उपायुक्त द्वारा जनता दरबार में शिकायतकताओं की समस्याओं को सुनने के पश्चात सभी संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करने हेतु अग्रसारित किया।

## डोभापानी में धूमधाम से मना मिशन पर्व, विधायक प्रतिनिधि हुए शामिल

**नवीन मेल संवाददाता**

**ठेठईटांगर।** प्रखंड अंतर्गत डोभापानी जीईएल चर्च में मिशन पर्व समारोह धूमधाम के साथ मनाया गया। जिसमे सभी मंडली से लोग शामिल हुए। विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी के निदेर्शानुसार उनके विधायक प्रतिनिधि रॉवेल लकड़ा उपस्थित हुए। विधायक प्रतिनिधी रावेल लकड़ा ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि, आज इस तरह का पर्व में भागीदारी लेना बहुत ही जरूरी है। हम सब के लिए इसमें हम सबको धर्म की बाते अच्छे रास्ते में चलने को सीखने मिलता है। खिस्त विश्वास की मान्यता के अनुसार, जो मनुष्य मरता है, उसका दोबारा जन्म होता है। मरना जीवन का अंत नहीं, बल्कि शुरूआत है ।अपने जीवन काल में पूर्वजों ने जो पाप व बुराई किया और ईश्वर से माफी नहीं मांगी। हम इसके लिए माफी मांगे साथ ही अपने अंदर की छुपी बुराई व शैतान को मारे ।इसी दिन कलिसिया की स्थापना हुई ।आगे उन्होने कहा कि विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी मसीशी लोगो से जुड़ कर रहने वाले विधायक है और इस तरह का पर्व में हमेशा से अपने सहयोग भी देते हैं। जब से वो विधायक बने सभी जाति धर्म का सम्मान करते आए हैं और आगे भी इसी तरह करते रहेगें ।मौके पर मौजुद ठेठईटांगर प्रखंड प्रमुख बिपिन पंकज मिंज,कांग्रेस पार्टी अल्पसंखयक प्रदेश सचिव जमीर अहमद, प्रखंड विधायक प्रतिनिधि जॉनसन डांग, मोहम्मद कारू, पंचायत अध्यक्ष सुकवान जोजो, अल्पसंखयक जिला सचिव जमीर हसन, मोहम्मद वहीद प्रिंस कुमार, सिंगरेन जोजो आदि उपस्थित थे।



## आदिवासी मुंडा परंपरा जागरूकता पर आमसभा



**बानो।** प्रखण्ड के बड़कादुईल में गुरुवार को राजस्व ग्राम छोटकाडुईल में गुरूवार सुबह 11:00 बजे से एक आम सभा हुई ।सभा का विषय आदिवासी मुंडा समाज परंपरा एवं संस्कृति सभ्यता की जागरूकता पर थी ।उपरोक्त विषय पर खूंटी जिला परिषद अध्यक्ष सह झारखंड राज्य मनरेगा परिषद सदस्य गुड़िया ने सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा गाँव मे मिल जुल कर रहे ।सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ ले ।मौके प्रखंड प्रमुख बानो सुधीर डांग एवं बड़काडुईल मुखिया अनिल लुगुन के साथ मिलकर ग्रामीण समस्याओं का समाधान किया तथा दो गुट में बनते लोगों को आपसी प्रेम भाईचारा का उपदेश देते हुए हाथ मिलाकर किया जो ग्राम वासियों के लिए सराहनीय का विषय रहा ।सभा का संचालन ग्राम प्रधान जीवन मसीह ने किया।

## जिला खेल एवं पर्यटन विभाग की हुइ बैठक

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को खेल एवं पर्यटन विभाग से संबंधित समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई ।बैठक में उपायुक्त ने विभिन्न पर्यटन स्थलों में योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने वनदुर्गा मंदिर, दनगद्दी पिकनिक स्थल, राजाडेरा पिकनिक स्थल, एवं बसंतपुर पिकनिक स्थल में विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु आवश्यक निर्देश दिये। साथ ही उन्होंने कोलेबिरा के भंवर पहाड़ पर्यटन स्थल एवं कोलेबिरा थाना के पास मजार के सौंदर्यीकरण करने की दिशा में आवश्यक महत्वपूर्ण निर्देश दिए ।बैठक में जिला परिषद अध्यक्ष रोस प्रतिमा सोरेंग, प्रभारी जिला खेल पदाधिकारी -सह- शिक्षा अधीक्षक विनोद कुमार, भूमि संरक्षण पदाधिकारी दानिस मिराज एवं भवन निर्माण विभाग के कनीय अभियंता उपस्थित थे।

## जल जीवन मिशन के तहत प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन



**कोडरमा।** जयनगर प्रखंड के दो पंचायत सचिवालय में जल जीवन मिशन के तहत एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रखंड प्रमुख अंजू देवी मौजूद रहीं. मौके पर अंजू देवी ने सभी जल सहिया को जल की गुणवता जांच करने के लिए फिल्ड टेस्ट किट वितरण किया. साथ ही उन्होंने कहा कि आज दूषित जल के सेवन से कई तरह की बीमारियां उत्पन्न होती है. पेयजल की जाँच करवा कर जल का सेवन करेंगे तो कई तरह की बीमारियों से निजात मिलेगी. मौके पर ककरचोली मुखिया राजकुमार यादव, तेतरौन मुखिया आशा देवी, उप मुखिया सलीम अंसारी, वार्ड सदस्य, जिला क्वालिटी मैनेजर रामपुकार, टेक्निकल मैनेजर पंकज कुमार, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर रोहित दास, त्रिभुवन पाण्डेय, पिंकी देवी, चमेली देवी, चम्पा देवी, संगीता देवी, अनिता देवी, अनु देवी आदि उपस्थित थीं।

## मजबूर | गझंडी रेलवे स्टेशन से सटे बूढ़ी टांड़ गांव का हाल

# गांव के लोग बुनियादी सुविधाओं से कोसों दूर



**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** भले ही हम 21वीं सदी में जी रहे हैं, हम चांद पर पहुंचे चुके हैं. लेकिन आज भी कई गांव ऐसे हैं जहां लोगों को बुनियादी सुविधाएं भी नहीं मिल पा रही हैं. जी हां, हम बात कर रहे हैं कोडरमा जिला मुख्यालय से 25 किलोमीटर दूर गझंडी रेलवे स्टेशन से सटे बूढ़ी टांड़ गांव की, जहां जंगल में बसे गांव के लोग आज भी बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं. इनका जीवन सिर्फ जंगलों तक ही सिमट कर रह गया है.दरअसल, बूढ़ी टांड़ जंगलों में बसा एक गांव है, जहां करीब 200 लोग रहते हैं, जिनकी जिंदगी पिछले कई सालों से जंगलों तक ही सीमित है. गांव के लोग पगडंडियों और संकरी सड़कों से होकर आवाजाही करते हैं. क्योंकि यहां एक भी सड़क नहीं है. वहीं गांव के लोगों को बिजली भी नसीब नहीं हो पाई है. लोग अंधेरे में रहने को मजबूर हैं. पीने के पानी का भी यही हाल है. गांव के लोग चुआ से पानी भरकर अपनी प्यास बुझाते हैं.बुनियादी सुविधाओं से कोसों दूर लोगः गांव के लोग आज भी कई बुनियादी सुविधाओं से कोसों दूर हैं. गांव के नौनिहाल किसी तरह पगडंडियों और दुर्गम जंगली रास्तों से होकर कई किलोमीटर दूर स्कूल जा पाते हैं. हालांकि सरकार जंगलों में रहने वाली आदिम जनजातियों के लिए कई योजनाएं चला रही हैं. साथ ही जंगलों में रहने वाली आदिम जनजातियों के उत्थान के लिए कई प्रयास भी किए जा रहे हैं, बावजूद इसके कोडरमा के गझंडी स्थित बूढ़ी टांड़ की आदिम जनजातियों को अब तक कोई सरकारी योजना का लाभ नहीं मिला है. इन जंगलों में रहने वाली आदिम जनजातियों का जीवन जंगलों तक ही सीमित होकर रह गया है. जरूरत है कि आदिम जनजातियों के उत्थान के लिए सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं को वन क्षेत्रों में रहने वाले आदिम जनजातियों के बीच प्रचारित किया जाये और लोगों को योजनाओं से जोड़ने के लिए जागरूकता जैसे कार्यक्रम चलाये जाये ताकि ऐसे क्षेत्रों में रह रहे लोगों को इसका लाभ मिल सके और उनकी जीवन शैली में भी सुधार हो सके.

## कोडरमा : ग्रिजली विद्यालय में रंगोली प्रतियोगिता, वेस्ट हाउस बनी विजेता

**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** ग्रिजली विद्यालय में अंतर हाउस रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. इसमें विद्यालय के चार हाउस ईस्ट, वेस्ट, नार्थ और साउथ हाउस के छात्रों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया और एक से बढ़कर एक कलात्मक रंगोली बनाये. विद्यालय के सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रत्येक हाउस के छात्रों ने रंगोली बनाने के कौशल का बेहतरीन प्रदर्शन किया. मौके पर विद्यालय के सीईओ प्रकाश गुप्ता ने रंगोली का निरीक्षण करने के बाद कहा कि इस प्रतियोगिता ने न केवल छात्रों की कलात्मक प्रतिभा को उभारा है बल्कि सभी हाउस के बीच टीम वर्क, सहयोग और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को भी बढ़ावा दिया है. विद्यालय के प्राइमरी वर्ग से ईस्ट हाउस से आरवी मोदी, आरोही राज, दिव्यांश सरोगी, तेजश कैलाश गंगवाल, वेस्ट हाउस से सिंधु कुमारी, उज्जवल राज, मो. अलकमा, लवली कुमारी, नार्थ हाउस से अभिषेक कुमार सिंह, अभिजीत कुमार शर्मा, रणवीर कुमार, खुशी कुमारी, साउथ हाउस से अदिति सिंह, समर प्रताप सिंह, परी कुमारी, शशि यादव शामिल हुए, जिसमें वेस्ट हाउस विजेता बनी एवं सेकेंडरी वर्ग से ईस्ट हाउस से मानसी कुमारी, नैतिक कुमार कपसिमे, यश भोजगरिआ, अनुराग कुमार, वेस्ट हाउस से अमन कुमार वर्मा, पियूष राज, नगमा खातून, राहुल कुमार तिवारी, नार्थ हाउस से सिया श्री, समीक्षा सिंह, साक्षी कुमारी, अनुराग कुमार यादव, साउथ हाउस से श्रेया रानी, कुसुम सैनी, उत्कर्ष राज, आदित्य कुमार सिंह शामिल हुए, जिसमें वेस्ट हाउस इस प्रतियोगिता की विजेता बनी.




**गागर में सागर**

## विधायक भानु प्रताप शाहीके जन्मदिन पर फल, मिठाई व कंबल का वितरण



**श्री बंशीधर नगर।** भाजयुमो के जिला उपाध्यक्ष हैप्पी प्रताप शाही के नेतृत्व में गुरुवार को भाजपा विधायक भानु प्रताप शाही के जन्मदिवस के अवसर पर गुरुवार का 46वां जन्मदिन मनाया गया। इस मौके पर भवनाथपुर मोड़ स्थित धमनी पुल के निकट वृद्धाश्रम में रहने वाले बुजुर्गों, अनुमंडलीय अस्पताल में मरीजों एवं कुपोषण केंद्र में जाकर दर्जनों से अधिक जरूरतमंदों के बीच फल, मिठाई एवं कंबल का वितरण किया गया। मौके पर भाजयुमो नेताओं ने कहा कि आज पूरे विधानसभा क्षेत्र में गरीबों के मसीहा विधायक भानु प्रताप शाही का जन्म दिन मनाया जा रहा है। मौके पर अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ गोखुल प्रसाद, असफाक अहमद, शहरी मंडल अध्यक्ष कुमार कनिष्क, भाजयुमो के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह सांसद प्रतिनिधि मुकेश कुमार चौबे, जिला मीडिया प्रभारी राजीव रंजन पासवान, जिला सोशल मीडिया प्रभारी सह विधायक प्रतिनिधि जितेंद्र दीक्षित, भवनाथपुर भाजयुमो मंडल अध्यक्ष सुधीर सोनी, विकास कुमार चंद्रवंशी, चिंटू कुमार सिंह, विपिन कुमार चंद्रवंशी, ओमप्रकाश प्रजापति, कमलेश कुमार ठाकुर आदि उपस्थित थे।

## महिलाओं ने किया करवाचौथ व्रत



**केतार।** प्रखंड क्षेत्र में सुहागिन महिलाओं ने अपने पति की लंबी उम्र के लिए बुधवार को करवा चौथ का व्रत रखा। केतार, पाचाडुमर, मुकुंदपुर, परसोडीह सहित अन्य गांवों में दर्जनों महिलाएं सोलह श्रृंगार कर विधि विधान से भगवान शिव, माता पार्वती और भगवान गणेश की पूजा अर्चना की और रात्रि में छत से चांद का दीदार किया। चंद्र देव को अर्घ्य अर्पित कर महिलाओं ने पति के हाथों जल ग्रहण कर व्रत तोड़ा।

## छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने तेज किया जनसंपर्क



**गढ़वा।** झारखंड भाजपा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह पूर्व प्रत्याशी गढ़वा रंका विधानसभा और छत्तीसगढ़ राज्य के नारायणपुर विधानसभा चुनाव के प्रभारी अलखनाथ पांडेय ने नारायणपुर विधानसभा के भानपुरी मंडल कार्यालय में बस्तर जिलाध्यक्ष रुप सिंह मडांवी, कार्यालय प्रभारी विजय पांडेय, मानदलापाल शक्ति केंद्र में मंडल अध्यक्ष संतोष बघेल सहित वहां के प्रमुख लोगों के साथ बूथ पर भेजी जा रही सामग्री का जायजा लिया। पांडेय ने कहा कि छत्तीसगढ़ नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र तीन जिलों में फैला हुआ है। लोगों में कांग्रेस सरकार के प्रति काफी आक्रोश है। जैसे-जैसे चुनाव की तिथि नजदीक आ रही है जनसंपर्क जोर-शोर से हो रहा है।

## मेरौनी निवासी व्यक्ति का अटैची गुम

**केतार।** केतार प्रखंड के मेरौनी गांव निवासी बंशीधर पाठक का अटैची भवनाथपुर से केतार आने के क्रम में विगत शुक्रवार को टेम्पू में ही छुट गया। बंशीधर पाठक रेणुकूट स्थिति राधा कृष्ण मंदिर में पुजारी हैं। उन्होंने बताया कि भवनाथपुर से ब्लैक कलर के टेम्पू से आये थे और कोल मोड़ पर टेम्पू से उतर गए, लेकिन भुलवंश अटैची टेम्पु में ही छुट गई।उक्त अटैची में जरूरी कागजात और नगद राशि था।

### विभाग को हैंड ओवर हो चुका है भवन, पर शुरू नहीं हो सकी है पढ़ाई

# उद्घाटन की बाट जोह रहा है बालिका आवासीय विद्यालय



**नवीन मेल संवाददाता। केतार**
प्रखंड के नावाडीह गांव में भवन निर्माण विभाग की ओर से पांच करोड़ रुपये की लागत से निर्मित झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय का भवन उद्घाटन की बाट जोह रहा है। प्रखंड कार्यालय से सटे उक्त विद्यालय निर्माण के बाद विभाग को सौंपे जाने की प्रकिया चार माह पहले ही पूरी कर ली गई है। बावजूद उद्घाटन और विद्यालय संचलन को लेकर विभाग गंभीर नहीं है। इस कारण प्रखंड के सुदूरवर्ती गांवों की 180 बालिकाएं 25 किलोमीटर दूर दूसरे प्रखंड भवनाथपुर के आवासीय विद्यालय में पढ़ाई करने को विवश हैं। इससे छात्राओं और उनके अभिभावकों को परेशानी हो रही है। विद्यालय में नामांकन व संबंधित जानकारी नहीं मिलने के कारण गरीब अभिभावक बच्चियों को उक्त विद्यालय में शिक्षा नहीं दिला पा रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि प्रखंड की गरीबी रेखा के नीचे गुजर-बसर करने वाली बच्चियों के लिए इस विद्यालय में सारी सुविधाएं उपलब्ध हैं। रहने के लिए हॉस्टल के साथ पठन-पाठन के लिए कमरे, पेयजल और स्वास्थ्य जांच के लिए पांच सौ मीटर की दूरी पर उप स्वास्थ्य केंद्र उपलब्ध है। वहीं लगभग दो किलोमीटर की दूरी पर केतार थाना है। अभिभावकों ने बताया कि विद्यालय भवन चालू नहीं होने से इस क्षेत्र की बच्चियां समुचित शिक्षा से वंचित हो रही हैं। इस आवासीय विद्यालय में कक्षा छह से बारहवीं तक की पढ़ाई होनी है। वगार्कार यूनिट के अनुसार 50 छात्राओं का नामांकन होगा।

इसके अनुसार करीब 300 छात्राओं का भाग्य संवारने की योजना है, जो इस विद्यालय का उद्घाटन के बगैर अधूरा है। इधर संवेदक मुस्ताक अहमद अंसारी ने बताया कि निर्माण कार्य पूरा होने के बाद भवन को हैंडओवर कर दिया गया है। जल्दी इस विद्यालय में पढ़ाई होने की संभावना है। इस संबंध में जिला शिक्षा पदाधिकारी ने अकाश कुमार ने कहा कि शिक्षक की बहाली हो गई है। जेईपीसी फर्नीचर का टेंडर कर रही है जिस कारण पेंच फंसा हुआ है। एक- दो माह के भीतर विद्यालय में छात्राओं को शिफ्टिंग कर कक्षा संचालित कराया जायेगा।

# गैरमजरूआ जमीन पर अवैध कब्जा के विरोध में दिया धरना

### 15 दिन में सीमांकन के आश्वासन पर धरना समाप्त



**नवीन मेल संवाददाता। केतार**
थाना क्षेत्र के कुशवानी गांव में आम ग्रामीणों का रास्ता बंद कर गैरमजरूआ भूमि पर हीरामन साह वगैरह के घर बनाने के विरोध में भाकपा माले ने गुरुवार को धरना दिया।

भाकपा माले के प्रखंड सचिव कामरेड दिलीप गुप्ता ने कहा कि पदाधिकारियों की मिलीभगत से दबंगों द्वारा अवैध कार्य किया जा रहा है। उक्त लोगों पर कारवाई के लिए कुशवानी गांव के पीड़ित ग्रामीणों द्वारा केतार थाना, अंचल कार्यालय और अनुमंडल पदाधिकारी को आवेदन दिया गया।इसके बावजूद भी आम रास्ता को बंद करके गैर मजरूआ भूमि पर अवैध निर्माण कार्य किया जा रहा है, लेकिन पुलिस प्रशासन मूकदर्शक बनी हुई है। धरना स्थल पर पहुंचे सीआई नागेंद्र पाठक, कर्मचारी प्रकाश कुमार ने दोनों पक्ष हिरामण साह और लखपति देवी के बीच समझौता कराया। सीआई नागेंद्र पाठक ने पंद्रह दिन के अंदर भूमि का सीमांकन कराकर विवाद का निपटारा कराने का लिखित आश्वासन दिया। इसके बाद भाकपा माले द्वारा दूसरे दिन धरना समाप्त किया गया। पंद्रह दिन के अंदर विवाद का निपटारा नहीं होने पर भाकपा माले और पीड़ित ग्रामीणों द्वारा अनिश्चितकालीन धरना देने की बात कही गई।

इस धरना प्रदर्शन में माले प्रखंड अध्यक्ष त्रिभुवन सिंह, राजेंद्र सिंह, अखिलेश सिंह, ललिता देवी, रमेश सिंह, लीलावती देवी, सबिता देवी, संगीता देवी, अखिलेश सिंह, विनोद प्रजापति, उपेंद्र चेरो, गुड्डू प्रजापति, देवलाल प्रजापति आदि मौजूद थे।

## भवनाथपुर सीएचसी में डिजिटल एक्स-रे मशीन का हुआ उद्घाटन




**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर**
क्षेत्रीय भाजपा विधायक भानु प्रताप शाही ने गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डिजिटल एक्स-रे मशीन का उद्घाटन किया। इस मौके पर शाही ने कहा कि अत्याधुनिक डिजिटल एक्सरे मशीन के लगने से अब लाखों की आबादी को निशुल्क में यह सेवा मिलेगी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अस्पताल में निःशुल्क में डिजिटल एक्सरे शुरू होने से गरीब मरीज और उनके परिवार वालों को राहत मिलेगी। अभी तक मरीजों को दूसरी जगह से डिजिटल एक्सरे कराने पर 200 से 300 रुपये देने पड़ते थे। विधायक ने बताया कि इस क्षेत्र के किसी भी सरकारी अस्पताल में इस तरह की सुविधा नहीं थी। मौके पर अस्पताल के प्रभारी रंजन दास, लेखापाल प्रदीप कुमार पाठक, आयुष डॉक्टर अभिनीत विश्वास, अरुण लकड़ा, सुनील पटेल, अनूप कुमार, दिलीप कुमार आदि उपस्थित थे।

## कार्यपालक पदाधिकारी का स्वच्छता अभियान, छठ घाटों का समतलीकरण



**नवीन मेल संवाददाता। मझिआंव**
नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत सभी छठ घाटों का कार्यपालक पदाधिकारी शैलेश कुमार ने निरीक्षण किया। तत्पश्चात लोक आस्था के छठ महापर्व के पावन अवसर पर पवित्रता तथा शुद्धता का ध्यान रखते हुए कार्यपालक पदाधिकारी ने सभी छठ घाटों को साफ सुथरा एवं स्वच्छ करने के लिए स्वच्छता महा अभियान चलाया। इसको लेकर शैलेश कुमार एवं स्वच्छता प्रभारी राकेश कुमार सिन्हा ने नगर पंचायत क्षेत्र के सभी छठ घाटों को जेसीबी से समतलीकरण कराया। वहीं शैलेश कुमार ने कहा कि समुचित साफ सफाई एवं मरम्मती, पेयजल एवं लाइट की व्यवस्था की जाएगी। मौके पर स्वच्छता प्रभारी राकेश कुमार सिन्हा, नगर प्रबंधक अनूप तिवारी, नजीर अमित कुमार पाठक तथा कई नगर पंचायत कर्मी उपस्थित थे।

# चोरी की तीन बाइकों के साथ तीन शातिर अपराधी चढ़े पुलिस के हत्थे

### साथी की हत्या व बच्ची के साथ गैंगरेप जैसे संगीन अपराधों को भी किया स्वीकार




**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**
लातेहार पुलिस कप्तान की ओर से गठित बरवाडीह एवं छिपादोहर पुलिस टीम ने मोटरसाइकिल की चोरी के साथ कई कांड में संलिप्त तीन अपराधियों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। इस संबंध में गुरुवार को छिपाडोहर थाना परिसर में आयोजित प्रेस वार्ता में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दिलु लोहार ने बताया कि लातेहार पुलिस कप्तान को गुप्त सूचना मिली कि 1 नवंबर को तीन शातिर अपराधी किसी घटना को अंजाम देने के लिए तुंबागड़ा के रास्ते छिपाडोहर की ओर जा रहे हैं। इस पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया, जिसमें छिपादोहर थाना प्रभारी अभिषेक कुमार, बरवाडीह प्रभारी श्रीनिवास कुमार सिंह व अन्य शामिल किए। तीन अलग-अलग मोटरसाइकिलों में सवार तीन शातिर अपराधियों ने पुलिस के चेकिंग अभियान को देखकर भागने की कोशिश की, लेकिन पुलिस द्वारा तीनों अपराधियों को घेर कर पकड़ा गया। पकड़े गए तीनों अपराधियों के पास बरामद मोटरसाइकिलों में से एक छिपादोहर थाना क्षेत्र से चोरी की हुई है, जबकि दो मोटरसाइकिल बरवाडीह थाना क्षेत्र से चोरी की गई हैं। तीनों बरामद मोटरसाइकिलों का दोनों थानों में चोरी का मामला दर्ज किया गया है। साथ ही इनलोगों के पास से तलाशी के क्रम में चोरी के दो स्मार्टफोन भी बरामद किए गए हैं। तीनों अभियुक्तों ने अपना अपराध स्वीकारोक्ति बयान दिया, जिसमें राजेश गंझू एवं अनुप कुजूर ने बताया कि इनका सहयोगी उपेंद्र सिंह, ग्राम गुआ, थाना छिपादोहार, जिला लातेहार के साथ चोरी का समान को बेचने के उपरांत आपसी बंटवारे में पूर्व में उपेंद्र सिंह के साथ इन तीनों का मतभेद हुआ था। इसी बीच 24 सिंतबर की रात्री में पतराटोली, चंदवा में राजेश गंझू के घर पर शराब के नशे में उपेंद ने राजेश गंझू की मां के साथ गलत काम करने का प्रयास कर रहा था तो राजेश गंझू एवं अनुप कूजूर ने उपेंद्र सिह को समझाने का प्रयास किया, परंतु उपेंद्र सिंह उलटा ही इन लोगों को जान से मारने की धमकी देने लगा। तब अनुप कुजूर एवं राजेश गंझू ने मिलकर उपेंद्र सिंह की रस्सी से गला दवाकर हत्या कर दी। शव को छुपाने के लिए बालुमाथ की तरफ से कोयला लोड कर जाने वाली मालगाड़ी अपने भाई महेश गंझू के साथ मिलकर डाल दिया था। अनुप कुजूर ने आगे अपने अपराध स्वीकारोक्ति बयान में यह भी बताया है कि 31 अगस्त को खलारी थाना क्षेत्र की सीमेंट फैक्ट्री के बगल में कटिंडा पहाड़ी की पास अपने सहयोगी मौसम अंसारी, निकेश साव उर्फ नितेश साव, साल्टेन मेंडिस के साथ मिलकर नाबालिग बच्ची के साथ गैंगरेप किया था।

जिसमें इनके तीनों सहयोगी वर्तमान में रांची होटवार जेल में बंद हैं।

## दो बाइकों की हुई आमने-सामने की टक्कर में चार घायल, सभी खतरे से बाहर



**रमना।** रमना मुख्य मार्ग स्थित हरिगणेश मोड़ के पास गुरुवार को सुबह करीब आठ बजे दो बाइकों की आमने सामने टक्कर में पांच लोग घायल हो गये। घटना की सूचना पाकर घटना स्थल पहुंची रमना थाना पुलिस ने सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा, जहां सभी घायलों का उपचार किया गया। सभी युवक खतरे से बाहर बताए गए हैं। बताया गया कि दोनों बाइक तेज गति से टकराई। घायलों में चितरंजन कुमार, पिता मुकेश मेहता, मनीष कुमार, पिता बद्दू राम, बौबी, पिता सूर्यदेव राम, सिद्धांत कुमार, पिता संजय राम शामिल हैं।

## सीआरपी ने विद्यालय का निरीक्षण किया, प्रधानाध्यापक को फटकार



**नवीन मेल संवाददाता। केतार**
प्रखंड क्षेत्र के राजकीय प्राथमिक विद्यालय बेलाबार का गुरुवार को सीआरपी श्याम किशोर सिंह ने निरीक्षण किया। उन्होंने एमडीएम, बच्चों और शिक्षकों की उपस्थिति पंजी का भी अवलोकन किया। निरीक्षण के क्रम में विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक राजेश्वर रजक उपस्थिति बनाकर गायब थे। इस दौरान बच्चों ने शिकायत किया की मेनू के अनुसार मध्याह्न भोजन नहीं मिलता है, जबकि अल्पाहार में भी कटौती की जाती है। करीब आधा घंटा के बाद प्रभारी प्रधानाध्यापक राजेश्वर रजक को विद्यालय लौटने पर सीआरपी श्याम किशोर सिंह ने फटकार लगाई। उन्होंने विद्यालय में उपस्थित रहकर बच्चों को शिक्षा देने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि आगे से उपस्थिति बनाकर विद्यालय से गायब रहने वाले शिक्षकों पर कारवाई की जायेगी। मौके पर बीआरपी संतोष कुमार, कुंडल सिंह आदि मौजूद थे।

**समारोह** सेवानिवृत्त अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को दी गई विदाई

# कुजूर के मागदर्शन में हमेशा सफलता मिली : बीडीओ




**नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड़**
थाना परिसर में गुरुवार को सेवानिवृत्त अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राजेश कुजूर के सम्मान में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए उपस्थित सभी मंचाशिन पदाधिकारी समेत प्रखंड के उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के साथ बिताए पल और उनके कार्यों के लिए आभार व्यक्त करते हुए, उनके स्वास्थ्य और उज्जवल भविष्य की कामना की।

प्रखंड विकास पदाधिकारी अमरेन डांग ने कुजूर के कार्यकाल की प्रशंसा करते हुए कहा कि अपने सरल स्वभाव के कारण लोगों में इनका अच्छा प्रभाव रहा। प्रखंड विकास में विषम परिस्थितियों में इनके मार्गदर्शन और सही तालमेल से कार्य करने में हमेशा ही सफलता मिली। थाना प्रभारी आशुतोष यादव ने कुजुर के साथ बिताए हुए पलों को याद करते हुए बताया कि पहली बार थाना प्रभारी बनाए जाने के बाद इनसे हमें बहुत कुछ सीखने को मिला। वे हमेशा लॉ एंड ऑर्डर को संतुलित बनाए रखने के लिए सही मार्गदर्शन करते रहे। कुजूर ने 1994 से 2023 तक के कार्यकाल को याद करते हुए बताया कि इन दिनों में हमने बहुत सारे उतार-चढ़ाव देखे। अपने बचपन से ही मैं अनुशासन पर ज्यादा ध्यान देता था, जिसके कारण अपने कार्यकाल के दौरान सभी चीज सरल होती चली गई। समारोह में भूमि सुधार उपसमाहर्ता प्रभात रंजन चौधरी, प्रखंड विकास पदाधिकारी अमरेन डांग, महुआडार थाना प्रभारी आशुतोष यादव, गारू थाना प्रभारी राजीव भगत, बारेसांड़ थाना प्रभारी रंजीत यादव, अंचल पदाधिकारी संतोष बैठा, जिला परिषद सदस्य स्तेला नगेसिया, महुआडांड़ अनुमंडल के सभी पुलिस जवान, हिन्दू महासभा के अध्यक्ष मनोज जयसवाल, संत जोसेफ प्लस टू विद्यालय के प्राचार्य फा दिलीप एक्का, भाजपा के वरिष्ठ नेता संजय जायसवाल, कांग्रेस प्रदेश प्रतिनिधि एफ़्तेखार अहमद, सभी पंचायत के जनप्रतिनिधि व प्रखंड के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# स्थानीय हाईवा मालिकों ने कोयला ढो रहे बाहरी वाहनों को घंटों रोका

### एसडीओ के 9 को त्रिपक्षीय बैठक कर मामले के निष्पादन के आश्वासन के बाद जाम हटाया



**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ**
लातेहार डीवीसी कंपनी की ओर से संचालित तुबेद कोल माइंस से ट्रांसपोर्टिंग कर रहे वाहनों को स्थानीय हाईवा चालकों ने बालूमाथ में बृहस्पतिवार को पूर्व निर्धारित आंदोलन के तहत घंटों जाम कर दिया। जर्सल तूबेद कोल माइन से मां अम्बे ट्रांसपोर्टिंग कंपनी की ओर से बाहरी गाड़ियों से कोयला की ट्रांसपोर्टिंग की जा रही है। स्थानीय हाईवा मालिक बाहरी गाड़ियों का विरोध कर रहे हैं एवं कंपनी और जिला प्रशासन से बाहरी गाड़ियों को हटाकर स्थानीय हाईवा से उचित भाड़ा पर ट्रांसपोर्टिंग की मांग की जा रही है। लेकिन डीवीसी कंपनी के ट्रांसपोर्टर इसको लेकर कोई पहल नहीं की जा रही है। इससे बाध्य होकर हाईवा मालिकों ने डीवीसी तुबेद माइंस से निकलने वाली सभी गाड़ियों को बालूमाथ पांकी मार्ग पर हाई स्कूल के समीप घंटों रोक दिया। इसके बाद स्थानीय पुलिस-प्रशासन एवं डीवीसी माइंस के ट्रांसपोर्टिंग कंपनी मां अंबे के प्रतिनिधि बलराम पांडे जाम स्थल पर पहुंच कर स्थानीय हाईवा ऑनरों से वार्ता की। पुलिस प्रशासन ने जिला अनुमंडल पदाधिकारी परवेज आलम को मामले से अवगत कराया। एसडीओ ने फोन पर ही आगामी 9 नवंबर को डीवीसी मां अंबे ट्रांसपोर्टिंग कंपनी की उपस्थिति में हाईवा ऑनरों की मांगों पर त्रिपक्षीय बैठक कर मामले का निष्पादन करने का आश्वासन दिया।

# उम्मीदों के आकाश में किसान

***झारखंड*** में मॉनसून की दगाबाजी के बाद किसानों ने खेती का नायाब तरीका अपनाया है। यह खुशी की बात है कि किसान इस बात को समझने लगे हैं कि समय पर बारिश नहीं होगी। कारण पर्यावरण संतुलन के खराब होने के बाद ऐसी स्थितियों का आना स्वभाविक है। लेकिन यह जीवन है। इससे निराश होकर भागना बुद्धिमानी नहीं है। इसकी भरपाई फूल की खेती कर अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। राज्य के 24 में से 18 जिलों के लाखों किसान इस साल फिर मॉनसून की बेवफाई से मायूस हुए हैं, लेकिन इन्हीं जिलों में कम से कम चार हजार किसान ऐसे हैं जिनके खेतों में 'उम्मीदों के फूल' लहलहा रहे हैं। ये वो किसान हैं, जिन्होंने खरीफ की परंपरागत फसल का भरोसा टूटने के पहले फूलों की खेती की तैयारी कर ली थी। दशहरे के बाद दीपावली, भाईदूज, गोवर्धन पूजा, छठ, क्रिसमस और न्यू ईयर तक त्योहारों-उत्सवों की पूरी श्रृंखला है और इस दौरान फूलों की बंपर डिमांड रहेगी। इसे देखते हुए पलामू, गढ़वा, लातेहार, चतरा, खूंटी, हजारीबाग, बोकारो, पूर्वी और पश्चिम सिंहभूम के दर्जनों गांवों में बड़ी संख्या में किसानों ने फूलों की खेती की है। हजारीबाग जिले के सदर प्रखंड के खंभाटांड़ की महिला किसान अंजनी तिर्की ने हर साल परती रह जाने वाली जमीन पर गेंदा फूल की खेती शुरू की है। उन्होंने झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसायटी (जेएसएलपीएस) के महिला समूह से 10 हजार रुपए का कर्ज लेकर अफ्रीकन वैरायटी के गेंदे के फूल लगाए हैं। उनके खेतों में लगभग 8,000 पौधे लगे हैं। अभी तक तीन बार फूलों की तुड़ाई हुई है और उनकी खेती की लागत वसूल हो चुकी है। पूरे सीजन में कम से कम दस बार फूलों की तुड़ाई होगी। अनुमान है कि तीस से चालीस हजार रुपए की कमाई होगी। इसी प्रकार अजय कुमार कोरोना काल में बेरोजगार हो गए थे। वह एक निजी स्कूल में संगीत के शिक्षक थे, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी। उन्होंने लीज पर जमीन लेकर फूलों की खेती शुरू की। उन्होंने इसके लिए नई तकनीक का सहारा लिया और रात में एलईडी बल्ब लगाकर फूलों के पौधों के रोशनी दी। इस तकनीक से पौधे जल्द तैयार हो गए और पूरा खेत फूलों से खिल उठा। अजय चाहते हैं कि भविष्य में बड़े पैमाने पर फूलों की खेती करें। इसके लिए उन्होंने सरकार को पॉली हाउस के लिए आवेदन भी दिया है। अजय ने केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री कुंभ योजना का लाभ लिया है। इससे खेत में महज पांच हजार रुपए में सोलर पैनल लग गया और अब वह लगातार खेती कर सकते हैं। झारखंड की राजधानी से 35-40 किलोमीटर दूर खूंटी जिले की पहचान हाल तक नक्सल प्रभावित इलाके के रूप में थी। यहां जंगलों से सटे दर्जनों गांवों में बंदूकें रह-रहकर गरज उठती थीं और पूरी फिजा में फैली बारूदी गंध लोगों को दहशत में डाल देती थी। पर ये गुजरे दौर की बात है। पिछले आठ-दस वर्षों से ये इलाके फूलों की खुशबू से महक रहे हैं। इस साल पूरे जिले में तीन सौ एकड़ से भी अधिक क्षेत्र में गेंदा फूल की खेती हुई है। खूंटी, मुरहू और अड़की प्रखंड के करीब आठ सौ किसानों के बीच इस साल विभिन्न संस्थाओं और कॉरपोरेट कंपनियों की ओर से गेंदा पूल के 15 लाख पौधों का वितरण किया गया है। पलामू जिले के चैनपुर प्रखंड के कंकारी, बसरिया कला, सलतुआ, बंदुआ आदि पंचायतों में इस साल 130 किसानों ने गेंदा, जरबेरा और ग्लैडियोलस के फूलों की खेती की है।

**राज्य के 24 में से 18 जिलों के लाखों किसान इस साल फिर मॉनसून की बेवफाई से मायूस हुए हैं, लेकिन इन्हीं जिलों में कम से कम चार हजार किसान ऐसे हैं जिनके खेतों में 'उम्मीदों के फूल' लहलहा रहे हैं। ये वो किसान हैं, जिन्होंने खरीफ की परंपरागत फसल का भरोसा टूटने के पहले फूलों की खेती की तैयारी कर ली थी।**

# खुदकुशी का बढ़ता दायरा व विकृत होती संवेदनायें





ललित गर्ग

***सभ्य*** समाज में आत्महत्या या छोटी-छोटी बातों पर हत्या कर देने की घटनाओं का बढ़ना गहन चिन्ता का विषय है। आत्महत्या एवं हत्या की खबरें तथा कथित समाज विकास की विडम्बनापूर्ण एवं त्रासद तस्वीर को बयां करती है। इस तरह आत्महत्या एवं हत्या करना जीवन से पलायन का डरावना सत्य है जो दिल को दहलाता है, डराता है, खौफ पैदा करता है, दर्द देता है। इसका दंश वे झेलते हैं जिनका कोई अपना हत्या का शिकार हुआ या आत्महत्या कर चला जाता है, उनके प्रियजन, रिश्तेदार एवं मित्र तो दुःखी होते ही हैं, सम्पूर्ण मानवता भी आहत एवं शर्मसार होती है। गुजरात के सूरत से एक हैरतअंगेज एवं त्रासद मामले में एक ही परिवार के सात सदस्यों की मौत से हर कोई हैरान है। आर्थिक तंगी से जूझ रहा यह परिवार सूरत के अडाजन इलाके के सिद्धेश्वर अपार्टमेंट में रह रहा था, वहीं पर उनका बेटा मनीष उर्फ शान्तु सोलंकी पंखे से फांसी का फंदा लगाकर लटका था, जबकि कनुभाई उनकी पत्नी शोभनाबेन, मनीष की पत्नी रीटा, मनीष की 10 और 13 साल की दोनों बेटियां दिशा और काव्या साथ ही छोटा बेटा कुशल का शव बिस्तर पर पड़ा मिला। ऐसी ही त्रासद घटना 1 जुलाई 2018 दिल्ली के बुराड़ी में भी हुई, जिसने हर किसी को दहला दिया था। आत्महंता होते व्यक्ति के लिये समस्याएँ विराट हो गई है एवं सहनशक्ति क्षीण हुई है, तभी ऐसी विकराल घटनाएं संस्कृति के भाल पर बदनुमा दाग बनती जा रही है। आत्महत्या की ये त्रासद एवं विडम्बनापूर्ण घटनाएं आज के अति भौतिकवादी एवं सुविधावादी युग की देन है। तकनीकी विकास ने मनुष्य को सुविधायें तो दीं लेकिन उससे उसकी मानवीयता, सहिष्णुता, विवेक, संतुलन छीन लिया। आत्महत्या की बढ़ती घटनाओं से यह सवाल एक बार फिर प्रखरता से सामने आया है कि महानगरों में आखिर कैसे ऐसी स्थितियां बनती गई हैं कि लोगों में संघर्ष का साहस छीजता गया है और वे जीवन से हार कर सपरिवार खुदकुशी जैसे कदम उठाने लगे हैं। महानगरों में बढ़ती आर्थिक समस्याओं, कर्ज, तंगी, सामाजिक प्रतिष्ठा, बढ़ते असुरक्षा, अवसाद, कुंठा और जीवन के प्रति पलायनवादी दृष्टिकोण को लेकर चिंताएं बहुत पहले से प्रकट की जाती रही हैं, पर अब वे स्थितियां भयावह, चिन्ताजनक एवं खौफनाक स्तर तक पहुंच गई लगती हैं। जब सुविधावादी मनोवृत्ति सिर पर सवार होती हैं और उन्हें पूरा करने के लिये साधन नहीं जुटा पाते हैं तब कुंठित एवं तनावग्रस्त व्यक्ति को अन्तिम समाधान आत्महत्या में ही दिखता है। आत्महत्या की समस्या दिन-पर-दिन विकराल होती जा रही है। कभी कोई विद्यार्थी, कभी कोई पत्नी, व्यापारी अथवा किसान, कभी कोई सिने-स्टार, कभी कोई सरकारी कर्मी तो कभी कोई प्रेमी-जीवन में समस्याओं से इतना घिरा हुआ महसूस करता है या नाउम्मीद हो जाता है कि उसके लिये जीवन से पलायन कर जाना ही सहज प्रतीत होता है और वह आत्महत्या कर लेता है। आत्महंता होते समाज में आत्महत्या का सबसे सामान्य तरीका कीटनाशक खाना, फांसी लगाना, रेल्वे के आगे कूद जाना, पानी में डूबना, पंखें से लटक जाना, जहर खा लेना और बंदूक

**आत्महत्या की ये त्रासद एवं विडम्बनापूर्ण घटनाएं आज के अति भौतिकवादी एवं सुविधावादी युग की देन है। तकनीकी विकास ने मनुष्य को सुविधायें तो दीं लेकिन उससे उसकी मानवीयता, सहिष्णुता, विवेक, संतुलन छीन लिया।**

## इन दिनों

हैं। कारोबार में घाटा, प्रेम में मिली विफलता, पारिवारिक कलह, कैरियर एवं उच्च शिक्षा परिणाम की चिन्ता आदि के चलते खुदकुशी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। महानगर लोगों में बेहतर, सुविधावादी और खुशहाल जीवन के सपने रोपते हैं। इसी आकर्षण में बहुत सारे लोग गांव और अपने छोटे कस्बे को छोड़ कर महानगरों की तरफ भागते हैं, लेकिन महानगरों के जीवन की समस्याएं एवं भयावह सत्य का जब सामने होता है तो जीवन जटिल एवं समस्याग्रस्त प्रतीत लगता है। भारत में होने वाली आत्महत्याओं के प्रमुख कारणों में बेरोगजारी, भयानक बीमारी का होना, पारिवारिक कलह, दांपत्य जीवन में संघर्ष, गरीबी, मानसिक विकार, परीक्षा में असफलता, प्रेम में असफलता, आर्थिक विवाद, व्यापारिक घाटा, बढ़ता कर्ज एवं राजनैतिक परिस्थितियां होती हैं। जो परिवार तलाक, अलगाव, आर्थिक कलह-तंगी एवं अभावों, रिश्तों के कलह के कारण टूटी हुयी स्थिति में होते हैं उनमें भी आत्महत्या की घटनाएं अधिक पायी जाती हैं। राजनैतिक उथल-पुथल और व्यापार में नुकसान, आर्थिक तंगी भी आत्महत्या का कारण बनती है। किसानों की फसल की तबाही और कर्ज की अदायगी की चिंता से हो रही आत्महत्या भी गंभीर समस्या बन गई है। कर्ज लेकर घी पीने की जीवनशैली ने भी सबकुछ दांव पर लगा दिया है। औद्योगीकरण तथा नगरीकरण में वृद्धि भी इसके कारण है। भौतिक मूल्यों के बढ़ते हुए प्रभाव ने सामाजिक सामंजस्य की नई समस्याओं को जन्म दिया है। लेकिन आत्महत्या किसी भी सभ्य एवं सुसंस्कृत समाज के भाल पर एक बदनुमा दाग है, कलंक हैं। टायन्बी ने सत्य कहा हैं कि कोई भी संस्कृति आत्महत्या से मरती है, हत्या से नहीं। हर कोई चाहता है कि वह अपने परिवार को अच्छी जिंदगी बसर करने का अवसर उपलब्ध कराये। इसलिए अनेक लोग उद्यम शुरू करते हैं। हालांकि उद्यम और व्यापार में उतार-चढाव के जोखिमों से हम वाकिफ होते हैं और इस तरह नुकसान से पार पाने के लिए पहले से तैयार भी रहते हैं। पर पिछले कुछ सालों से व्यापार में घाटे और कर्ज का बोझ बढ़ने की वजह से खुदकुशी की घटनाएं बढ़ी हैं। यह प्रवृत्ति केवल बड़े नुकसान उठाने वाले व्यापारियों में नहीं, छोटे और खुदरा व्यापार करने वालों में भी देखी गई है, जो अक्सर बहुत आसानी से अपना धंधा बदल लेने को तैयार रहते हैं। निश्चित रूप से इसके लिए देश की व्यापारिक स्थितियां जिम्मेदार हैं, पर इसमें सामाजिक बेपरवाही और संवेदनात्मक संकुचन भी कम जिम्मेदार नहीं है। यह ठीक है कि पिछले कुछ समय से देश में कारोबारी स्थितियां अच्छी नहीं हैं, बहुत सारे लोगों को अपने धंधे बंद करने पड़े, कई कारोबारियों को भारी नुकसान उठाना पड़ा है, बहुत सारे लोगों का रोजगार छिन गया है, पर इसका अर्थ यह नहीं कि इससे पार पाने के लिए उन्होंने जीवन समाप्त करने का रास्ता ही चुना। आत्महत्या जहां जीवन से पलायन है वहीं छोटी-छोटी बातों पर हत्या कर देने की घटनाएं संवेदनहीनता को दर्शाती है। जो लोग एक दूसरे के साथ उठते-बैठते, खाते-पीते हैं, उनमें से कोई एक बहुत छोटी रकम के लेनदेन से उपजे विवाद में अपने दोस्त की हत्या तक कर देता हैं।

आए दिन इस तरह की घटनाएं

## बोधि वृक्ष

### *आइये सुने गोवर्धन पूजा की विधि व कथा*

***तेरे*** माथे मुकुट विराज रहेओ। तेरे कानन कुण्डल चमक रहे ओ, तेरी झांकी बनी विशाल। तेरे माथे मुकुट विराज रहेओ। गिरिराज धरण प्रभु तेरी शरण। करो भक्त का बेड़ा पार तेरे माथे मुकुट विराज रहेओ। भगवान ***श्री कृष्णजी की आरती आरती*** : कुंजबिहारी की श्री गिरिधर कृष्ण मुरारी की। गले में बैजन्तीमाला बजावैं मुरलि मधुर बाला। श्रवण में कुंडल झलकाता नंद के आनंद नन्दलाला की। आरती। गगन सम अंगकान्ति काली राधिका चमक रही आली। लतन में ठाढ़े बनमाली भ्रमर-सी अलक कस्तूरी तिलक। चंद्र-सी झलक ललित छबि श्यामा प्यारी की। आरती। कनकमय मोर मुकुट बिलसैं देवता दरसन को तरसैं। गगन से सुमन राशि बरसैं बजै मुरचंग मधुर मृदंग। ग्वालिनी संग-अतुल रति गोपकुमारी की। आरती। जहां से प्रगट भई गंगा कलुष कलिहारिणी गंगा। स्मरण से होत मोहभंगा बसी शिव शीश जटा के बीच। हरै अघ-कीच चरण छवि श्री बनवारी की। आरती। चमकती उज्ज्वल तट रेनू बज रही बृंदावन बेनू। चहुं दिशि गोपी ग्वालधेनु हंसत मृदुमन्द चांदनी चंद। कटत भवफन्द टेर सुनु दीन भिखारी की।

**(समाप्त)**

**आइये सुने भैया दूज की पैराणिक कथा**

***भैया*** दूज के संबंध में पौराणिक कथा इस प्रकार से है। सूर्य की पत्नी संज्ञा से 2 संतानें थीं, पुत्र यमराज तथा पुत्री यमुना। संज्ञा सूर्य का तेज सहन न कर पाने के कारण अपनी छायामूर्ति का निर्माण कर उन्हें ही अपने पुत्र-पुत्री को सौंपकर वहाँ से चली गई। छाया को यम और यमुना से अत्यधिक लगाव तो नहीं था, किंतु यमुना अपने भाई यमराज से बड़ा स्नेह करती थीं। यमुना अपने भाई यमराज के यहाँ प्रायः जाती और उनके सुख-दुःख की बातें पूछा करती।

**(क्रमशः)**

# भारतीय क्रिकेट का कोहिनूर विराट कोहली



आर.के.सिन्हा

***विराट*** कोहली का क्रिकेट के मैदान में जुझारू तरीके से खेलने के अलावा एक दूसरा भी चेहरा है। वे जब क्रिकेट नहीं खेल रहे होते, या कहें कि फुर्सत में होते हैं तो वे सपरिवार वृंदावन जाना पसंद करते हैं। विराट कोहली वृंदावन में श्री परमानंद जी का आशीर्वाद लेने जाते हैं। वे ऋषिकेश में दयानंद गिरि आश्रम में भी जाते हैं। दयानंद गिरि आश्रम में विराट और उनकी पत्नी अनुष्का तीन बार यात्रा कर चुकी हैं। वे इस साल के आरंभ में उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर भी पहुंचे। उन्होंने सुबह चार बजे भस्म आरती की और भगवान का आशीर्वाद लिया। विराट कोहली ने आरती के बाद मंदिर के गर्भगृह में जाकर पंचामृत पूजन अभिषेक किया। विराट कोहली ने गले में रुद्राक्ष की माला भी धारण की। अगर विराट कोहली की शख्सियत के इस पक्ष से हटकर बात करें तो वे आजकल अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर रहे हैं। वे सारी दुनिया की क्रिकेट के सबसे सम्मानित खिलाड़ी बन चुके हैं। विराट कोहली का आगामी 5 नवंबर को 35 वां जन्मदिन है। उस दिन वे कोलकाता के ईडन गार्डन मैदान में खेल रहे होंगे। उनके क्रिकेट मैदान की शतकों का उनके करोड़ों फैंस को इंतजार रहता है। क्या विराट कोहली अपने जन्मदिन पर साउथ अफ्रीका के बीच होने वाले मुकाबले में शतक मारेंगे? विराट कोहली वनडे क्रिकेट में एक महा रिकॉर्ड से एक शतक दूर हैं। पिछले मैच में वे इस रिकॉर्ड से महज 5 रन दूर रह गये थे। विराट के नाम वनडे में 48 शतक दर्ज हैं, सबसे ज्यादा शतकों का रिकॉर्ड 49 का है जो सचिन तेंदुलकर के नाम है। अपनी तमाम उपलब्धियों के बावजूद विराट कोहली की विनम्रता अनुकरणीय है। वे बिशन सिंह बेदी के सार्वजनिक रूप से चरण स्पर्श करते थे। दिल्ली क्रिकेट के केन्द्र फिरोजशाह कोटला मैदान में होने वाले कार्यक्रमों में विराट कोहली कई बार बेदी के चरण स्पर्श करते देखे गये थे। उन्होंने यह मुकाम परिश्रम, साधना और पक्के इरादे से पाया था। विराट कोहली का संबंध दिल्ली के एक सामान्य बिजनेस करने वाले परिवार से है। उनका बचपन पश्चिम विहार की एलआईसी कॉलोनी में गुजरा। विराट के पापा प्रेम कोहली और मां सरोज ने उन्हें अभावों के बावजूद हरसंभव आगे बढ़ने के अवसर दिये। आजकल शांत दिखने वाले विराट कोहली कुछ साल पहले तक काफी अलग थे। वे बात-बात पर आवेश में आ जाया करते थे। एक बार आस्ट्रेलिया दौरे में उनके गुस्से का शिकार एक अंग्रेजी अखबार का पत्रकार भी हुआ था। अब विराट ने विनम्रता का सहारा लेकर अपने व्यक्तित्व में सुधार किया है। विराट कोहली अब देश की सरहदों को पार कर दुनिया का सबसे पसंदीदा क्रिकेटर हैं। वे क्रिकेट और ब्रांड की दुनिया के बादशाह हैं। विराट कोहली स्मार्ट और हैंडसम भी हैं। उन्हें सुपर फिट रहने का जुनून है। उनसे एक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उनकी फिटनेस के बारे में पूछा। विराट कोहली का कहना था कि मुझे लगा कि अगर अपनी फिटनेस पर ध्यान नहीं दिया तो मेरा करियर खत्म हो जायेगा। वह बहुत नपा-तुला खाना खाते हैं। जिस व्यक्ति से प्रधानमंत्री फिटनेस के बारे में पूछे, उससे आप अंदाजा लगा सकते हैं कि उसका कद क्या होगा। प्रधानमंत्री मोदी उनके विवाह में भी शामिल हुए थे। आपको याद होगा कि इस साल मार्च के महीने में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में टेस्ट शुरू होने से पहले जब भारत का राष्ट्रगान हुआ तो प्रधानमंत्री मोदी, विराट कोहली और भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा साथ-साथ खड़े थे। विराट कोहली से बड़े- से- बड़े ब्रांड जुड़ने के लिए बेकरार रहते हैं। विराट कोहली ने अपना पहला एड कैम्पेन 2010 में किया था। फास्ट्रैक का ये कैम्पेन उन्होंने अभिनेत्री जिनिलिया डिसूजा के साथ किया था। वो डील थी सिर्फ 25 लाख की और आज जानकार कहते हैं कि कोहली 7 करोड़ रुपये रोज के हिसाब से लेते हैं, किसी ब्रांड के विज्ञापन के लिए।


**विराट कोहली वृंदावन में श्री परमानंद जी का आशीर्वाद लेने जाते हैं। वे ऋषिकेश में दयानंद गिरि आश्रम में भी जाते हैं। दयानंद गिरि आश्रम में विराट और उनकी पत्नी अनुष्का तीन बार यात्रा कर चुकी हैं।**

## खेल

## फोटो की दुनिया



फेसबुक वॉल से




# भारत के दो शहरों ने साहित्य व संगीत के रुप में परचम लहराया



किशन भावनानी गोंदिया

***वैश्विक*** स्तरपर दुनियां के हर कोने में अगर कहीं उपलब्धियों की बात आती है तो वहां भारत का नाम जरूर सुनने को मिलता है, जिसका ग्राफ कुछ वर्षों से बढ़ता चला जा रहा है। साक्षात रूप से अभी हमने हांगझोऊ चीन एशियन गेम्स 2023 में 107 मेडल, भारत ने एशियन पैरा गेम्स 2023 को 29 स्वर्ण, 31 रजत और 51 कांस्य सहित कुल 111 पदकों के साथ अब तक की सर्वश्रेष्ठ मेडल टैली के साथ समाप्त किया है। चंद्रयान 3, सूर्ययान, गगनयान,भारत विश्व नेता के रूप में परिभाषित, विश्व की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था, विश्व बैंक द्वारा तारीफ, पिछले माह यूनेस्को द्वारा हेरिटेज साइट की नई लिस्ट में पश्चिम बंगाल के शांतिनिकेतन व कर्नाटक के होयसेल के पवित्र मंदिर को समूह में शामिल कर संख्या 42 तक पहुंचना और अभी 1 नवंबर 2023 को मध्य प्रदेश के प्रसिद्ध शहर ग्वालियर को संगीत का शहर और केरल के कोझीकोड को साहित्य का शहर के रूप में शामिल किया गया है, जो काबिले तारीफ है। दरअसल यूनेस्को ने इन दोनों शहरों सहित दुनियां के 55 शहरों को इस सूची में शामिल किया गया है। यूनेस्को की ओर से जारी एक बयान के मुताबिक इन शहरों को अपने विकास, रणनीतियों के हिस्से के रूप में सांस्कृतिक और रचनात्मकता का उपयोग करने और मानव केंद्रित शहरी नियोजन में नवीन प्रथाओं को प्रदर्शित करने के प्रति उनकी मजबूत प्रतिबद्धता के लिए इस सूची में शामिल किया गया है, जो प्रत्येक भारतवासी के लिए एक गौरव की बात है और इन दोनों शहरों की स्थानीय निकायों शासन प्रशासन व राज्य सरकारों को बहुत-बहुत बधाई हो। सम्मेलन का विषय अगले दशक के लिए युवाओं को मेज पर लाना है। चूंकि भारत के इन दोनों शहरों को वैश्विक स्तर पर स्थान मिला है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, संयुक्त राष्ट्र परिषद के यूनेस्को ने भारत के ग्वालियर को संगीत का शहर और कोझिकोड को साहित्य का शहर के रूप में नामित करना भारतवासियों के लिए गौरववित भरा पल है। साथियों बात अगर हम यूनेस्को की अधिकृत वेबसाइट पर घोषणा की करें तो, दुनियां की क्रिएटिव सिटीज की सूची में भारत के 2 शहर यूनेस्को ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर इसकी घोषणा की है। यूनेस्को की ओर से जारी बयान के मुताबिक इन नये शहरों को अपनी विकास रणनीतियों के हिस्से के रूप में संस्कृति और रचनात्मकता का उपयोग करने और मानव-केंद्रित शहरी नियोजन में नवीन प्रथाओं को प्रदर्शित करने के प्रति उनकी मजबूत प्रतिबद्धता के लिए इस सूची में शामिल किया गया है। विश्व शहर दिवस (वर्ल्ड सिटी डे) पर यूनेस्को के महानिदेशक ऑड्रे अजोले द्वारा स्वीकृति के बाद 55 शहर रचनात्मक शहरो के नेटवर्क में शामिल हो गये। मध्य प्रदेश के ग्वालियर ने संगीत श्रेणी में इस प्रतिष्ठित सूची में जगह बनाई है। वहीं, केरल के कोझिकोड को साहित्य श्रेणी में इस सूची में शामिल किया गया है। साथियों बात अगर हम केंद्रीय संस्कृत मंत्री द्वारा सोशल मीडिया एक्स में दी गई जानकारी की करें तो, संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन यानी युनेस्को में भारत के दो शहरों ने परचम लहराया है। भारत के ग्वालियर और कोझिकोड को उन 55 नये शहरों में शामिल किया है जिनकी मंगलवार को यूनेस्को के रचनात्मक शहरों के नेटवर्क की सूची जारी की थी। केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री ने इसकी जानकारी दी है। केंद्रीय मंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफोर्म पर एक्स पर पोस्ट किया देशवासियों के लिए एक गौरव भरा ऐतिहासिक पल है। क्योंकि युनेस्को ने क्रिएटिव सिटीज नेटवर्क की सूची में केरल के कोझिकोड को साहित्य का शहर और ग्वालियर को संगीत का शहर के रूप में नामित कियागया है। साथियों बात अगर हम ग्वालियर को संगीत शहर काखिताब मिलने की करें तो, मध्यप्रदेश की स्थापना दिवस पर प्रदेश वासियों को एक बहुत बड़ी सौगात मिली है।

**विश्व शहर दिवस (वर्ल्ड सिटी डे) पर यूनेस्को के महानिदेशक ऑड्रे अजोले द्वारा स्वीकृति के बाद 55 शहर रचनात्मक शहरो के नेटवर्क में शामिल हो गये। मध्य प्रदेश के ग्वालियर ने संगीत श्रेणी में इस प्रतिष्ठित सूची में जगह बनाई है।**

## साहित्य

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नई दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com।

# चाईनीज दीयों से लोगों का मोहभंग, दीपोत्सव पर बिखरेगी देशी मिट्टी की सुगंध

रोशनी का त्यौहार दीपावली नजदीक है, ऐसे में हर घर में मिट्टी के दिए जले, इसके लिए कुम्हारों ने अपनी तैयारियां शुरू कर दी है। जगह-जगह दुकानें भी सज गई है। इस धंधे से जुड़े हुए कुम्हार कारीगरों ने बताया कि बाजारों में भले ही चाइनीस दीयों की मांग हो लेकिन मिट्टी के दीयों की अपनी खास पहचान है। बाजार में मिट्टी के दीयों की मांग बढ़ी है और रोजाना हजारों की संख्या में दीयों को तैयार किया जाता है। लेकिन मिट्टी कम मिलने से बहुत समस्या आ रही है और दीयों की मांग काफी बढ़ रही है।

दीपावली आगामी 12-13 नवम्बर को मनाई जाएगी। इस अवसर पर दीपों से अपने घर-आंगन को सजाने की तैयारी लोगों ने शुरू कर दी है। वहीं कुम्हार भी तेजी से दीये बनाने में जुटे हुए हैं। बदलते ट्रेंड के साथ लोग डिजाइनर दीये भी खूब पसंद करने लगे हैं। वहीं पारंपरिक दीयों की खरीदारी अधिक हो रही है। चाइनीज दीयों से मोहभंग के चलते मिट्टी के दीयों की मांग बढ़ी है, वहीं सोशल मीडिया पर ऐसे दीयों की खरीदारी पर जोर देने के कारण भी इसका खासा प्रभाव पड़ रहा है।





मिट्टी के दीपक बनाने का काम तेजी से चल रहा है। दीपावली में इस मर्तबा दीपकों की डिमांड भी बढ़ रही है। कुम्हारों के कच्ची मिट्टी के पक्के दीयों को खरीदने के लिए युवाओं में खासा उत्साह दिखाई दे रहा है। धन की देवी माता लक्ष्मी व गणेश का स्वागत करने के लिए दीयों के साथ-साथ कलश का भी ऑर्डर लोग देने लगे हैं। ओम व स्वास्तिक लिखा रंगीन कलश अधिक पसंद किया जा रहा है। प्राचीन संस्कृति के लिहाज से मिट्टी के दीपकों का ही दीपावली में महत्व होता है।

दिनेश प्रजापति बताते हैं कि इस बार उम्मीद है कि कुछ ज्यादा दीपक की बिक्री हो, क्योंकि चाइना के बने सामना की खरीदारी कम हुई है। पिछले साल करीब तीस हजार दीपक व मिट्टी के अन्य सामग्री बेची थी। इस बार उम्मीद है कि पचास हजार से साठ हजार तक दीपकों की बिक्री होगी। लेकिन मिट्टी कम मिलने से बहुत समस्या आ रही है और दीयों की मांग काफी बढ़ रही है। वहीं, शिवकुमार प्रजापति ने बताया कि अब इलेक्ट्रिक चाक होने से काम तेजी से होता है। पहले हाथ का चाक होता था, लेकिन इस चाक से फटाफट दीपक व अन्य सामान तैयार किया जाता है। बिजली न आने की स्थिति में हाथ का चाक भी तैयार रखा जाता है ताकि काम प्रभावित न हो। इस पर दीपक, घड़ा, करवा, गमला, गुल्लक, गगरी, मटकी, बच्चों की चक्की समेत अन्य उपकरण भी बनाए जाते हैं।


# मोबाइल फोन के ज्यादा इस्तेमाल से हो सकता है इम्यून सिस्टम कमजोर

सारी दुनिया मोबाइल फोन पर सिमट गई है। इससे जिंदगी आसान तो बहुत हो गई है, लेकिन इसके साइड इफेक्ट की भी अनदेखी नहीं की जा सकती है। एक्सपर्ट से जानते हैं मोबाइल रेडिएशन से शरीर को होने वाले नुकसान और इससे बचाव के उपाय।

मोबाइल के अत्यधिक उपयोग के कारण सिरदर्द, नींद में खलल, याददाश्त में गड़बड़ी, चिड़चिड़ापन, हाथ में दर्द, गर्दन में दर्द, विजन लॉस भी हो सकता है। मोबाइल डेटा की शुरूआत के साथ डिजिटल दुनिया में मोबाइल रेडिएशन भी चर्चा का एक आम विषय बन गया है। जितना अधिक हम मोबाइल फोन का उपयोग करते हैं, उतना ही अधिक हम मोबाइल फोन, लैपटॉप, राउटर, स्मार्ट टीवी आदि सहित सभी प्रकार के वायरलेस उपकरणों से हानिकारक वाईफाई रेडिएशन के संपर्क में आते हैं। दुनिया में लगभग 6 अरब लोग स्मार्टफोन का उपयोग करते हैं। अगले कुछ वर्षों में यह संख्या कई सौ लाख और बढ़ने की आशंका है। विशेषज्ञ बताते हैं कि मोबाइल रेडिएशन के लगातार संपर्क में रहने से हमारा इम्यून सिस्टम कमजोर हो सकता है।

### क्यों है मोबाइल फोन का रेडिएशन हमारे लिए हानिकारक?

मोबाइल फोन वायरलेस सैटेलाइट सिग्नल जैसे वाईफाई के साथ-साथ ब्लूटूथ तकनीक के माध्यम से कनेक्टिविटी पर काम करते हैं। स्मार्टफोन में ये सभी कनेक्टिविटी सुविधाएं डिफॉल्ट रूप से होती हैं। यही कारण है कि सभी सेल फोन विद्युत चुम्बकीय तरंगें, कम फ्रीक्वेंसी वाले नॉन-आयोनाइजिंग रेडिएशन उत्सर्जित करते हैं। मोबाइल के अत्यधिक उपयोग के कारण सिरदर्द, नींद में खलल, याददाश्त में गड़बड़ी, चिड़चिड़ापन, हाथ में दर्द, गर्दन में दर्द, खराब विजन और विजन लॉस भी हो सकता है। मोबाइल रेडिएशन के लगातार संपर्क में रहने से गंभीर बीमारियां होने की भी संभावना बढ़ जाती है।



### मोबाइल रेडिएशन के कारण ये समस्याएं हो सकती हैं

**नींद में बाधा :** लंबे समय तक मोबाइल रेडिएशन के संपर्क में रहने से नींद के पैटर्न में बाधा आ सकती है। रात में देर से नींद आने और बार-बार नींद खुलते रहने की समस्या आम है।

**मेटाबोलिक परिवर्तन :** कुछ अध्ययन इस बात पर जोर देते हैं कि मोबाइल रेडिएशन चयापचय प्रक्रियाओं यानी मेटाबोलिक चेंज के कारण बन सकते हैं। मेटाबोलिक चेंज से कई गंभीर रोग का जोखिम बढ़ जाता है।

**प्रजनन संबंधी समस्याएं :** मोबाइल से निकलने वाले अलग-अलग रे स्पर्म क्वालिटी पर सीधे प्रभाव डाल सकते हैं। इसके कारण प्रजनन क्षमता में भी कमी दर्ज की जा सकती है।

**सिरदर्द और चक्कर आना :** अगर आप लगातार मोबाइल पर बात करती हैं, तो सिरदर्द होना आम बात है। कई यूजर्स चक्कर आने की भी शिकायत करते हैं।

**कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली :** लगातार रेडिएशन से घिरे रहने के कारण प्रतिरक्षा प्रणाली कमजोर हो जाती है। इसके कारण हमेशा सर्दी-जुकाम होने का खतरा बनने लगता है। रेडिएशन के कारण लूज मोशन होता रह सकता है। घाव भरने में देरी हो सकती है। हर समय थकान भी महसूस हो सकती है।

**त्वचा पर चकत्ते :** कुछ मामलों में लंबे समय तक मोबाइल रेडिएशन के संपर्क में रहने पर स्किन में जलन और स्किन रैशेज भी देखे जाते हैं।

### जोखिम को कम करने और फोन रेडिएशन से बचाव

**स्पीकर फोन या हेडफोन का उपयोग :** कॉल के दौरान डिवाइस को अपने सिर से दूर रखने की कोशिश करनी चाहिए। इस दौरान स्पीकर फोन या हेडफोन का उपयोग किया जा सकता है।

**कॉल की बजाय टेक्स्ट :** मोबाइल के निकट संपर्क को कम करने के लिए जहां तक संभव हो, टेक्स्टिंग का विकल्प चुनें। बात को लंबा खींचने की बजाय कम समय में करने की कोशिश करें।

**रात में एयरप्लेन मोड :** रात भर के जोखिम को सीमित करने के लिए सोते समय एयरप्लेन मोड सक्रिय करें।

**सोते समय फोन दूर रखें :** अक्सर हम सोशल मीडिया अपडेट चेक करने, टाइम देखने के लिए फोन को अपने पास रखकर सोते हैं। सिर के पास रखने पर रेडिएशन से प्रभावित होने का खतरा बना रहता है। फोन को बगल में रखकर सोने से बचें। इसे कुछ दूरी पर रखें।

❖ स्मिता सिंह

# ये संकेत बताते हैं कि आप हो रहे हैं डिहाइड्रेशन की शिकार

डिहाइड्रेशन कई समस्याओं का कारण बन सकती है। जब आप डिहाइड्रेट होते है तो आपका शरीर आपको कई तरह के संकेत देता है। शरीर को सही तरीके से कार्य करने के लिए पर्याप्त पानी की जरूरत होती है। यदि आप पर्याप्त मात्रा में पानी का सेवन नहीं करेंगे, तो आपका शरीर डिहाइड्रेट हो सकता है। सर्दियों के मौसम में अकसर प्यास न लगने के कारण हम पानी पीना ही भूल जाते हैं। जिसके कारण शरीर में डिहाइड्रेशन होने लगती है। इसके संकेत हमारा शरीर देता है। जिन्हें पहचानने और तुरंत उपचार करने की जरूरत है।

डिहाइड्रेशन होने पर, आपको प्यास लग सकती है, मुंह सूख सकता है और थकान हो सकती है। जैसे-जैसे डिहाइड्रेशन बढ़ती जाती है, लक्षण और अधिक गंभीर हो सकते हैं। शारीरिक शक्ति वाला काम करने के दौरान जब पसीना निकलता है, तो वह शरीर को डिहाइड्रेट करता है। इसके अलावा बहुत देर तक पानी न पीना भी आपको डिहाइड्रेशन का शिकार बना सकता है।

### डिहाइड्रेशन के कुछ लक्षण

**प्यास लगना**
**थकान महसूस होना**
**होंठो और त्वचा का सुखना**
**पेशाब में कमी**
**गहरे रंग का पेशाब होना**
**सिरदर्द होना**
**मांसपेशियों में ऐंठन आना**
**चक्कर आना या बेहोशी**
**खड़े होने पर ब्लड प्रेशर कम होना।**

डॉ करन रंजन ने इस बारे में ज्यादा जानकारी दी डॉ रंजन एमबीबीएस और एमएचएस सर्जन है। डॉ करन रंजन ने डिहाइड्रेशन के कुछ ऐसे संकेत भी बताएं है जिसके बारे में शायद आपको जानकारी न हो। शुगर की क्रेविंग का बढ़ जाना, आंखों का ड्राई होना, सांस का खराब होना।

**तरल पदार्थ का सेवन करें :** डॉ करन रंजन कहते हैं, 'हल्के और मध्यम डिहाइड्रेशन से निपटने से के लिए सबसे आसान तरीका है कि आप तरल पदार्थ का सेवन कर सकती है। पानी से आप जल्दी ही डिहाइड्रेशन से छुटकारा पा सकते है। इसमें ओआरएस पीना भी एक तरीके से डिहाइड्रेशन को खत्म कर सकता है। जिसमें इलेक्ट्रोलाइट्स (जैसे सोडियम और पोटेशियम) होते हैं, विशेष रूप से सहायक हो सकते हैं, खासकर तब जब डिहाइड्रेशन पसीने, दस्त या उल्टी के कारण होता है।'

**आराम करें और शरीर को ठंडा करें :** ठंडे वातावरण में आराम करके अपने शरीर को ठीक होने दें, खासकर यदि आपका डिहाइड्रेशन गर्मी या शारीरिक गतिविधि के कारण हुआ है। आप ठंडे पानी से नहा सकते है, अपनी त्वचा पर एक गीला कपड़ा लगाकर और यदि उपलब्ध हो तो पंखे या एयर कंडीशनिंग का उपयोग करके अपने शरीर को ठंडा कर सकते हैं।

**इलेक्ट्रोलाइट्स को फिर से बढ़ायें :** यदि आपको ज्यादा डिहाइड्रेशन हो रहा है और आपके डिहाइड्रेशन का कारण तेज शारीरिक गतिविधि के कारण पसीना आना है, दस्त के कारण है या उल्टी के कारण है तो आपको इलेक्ट्रोलाइट्स का सेवन करना चाहिए। इलेक्ट्रोलाइट्स वाले खाद्य पदार्थों या पेय पदार्थों का सेवन करें। क्योंकि इन सब कारणों से आप गंभीर रूप से डिहाइड्रेट हो सकते है। इलेक्ट्रोलाइट्स के लिए नारियल का पानी पीना सबसे अच्छा है।

**हाइड्रेटिंग खाद्य और पेय पदार्थो का सेवन :** ऐसे खाद्य पदार्थ खाएं जिनमें पानी की मात्रा अधिक हो, जैसे तरबूज, खीरे, संतरे और सूप। ये आपके समग्र तरल पदार्थ के सेवन को पूरा कर सकते है। शराब और कॉफी और सोडा जैसे कैफीनयुक्त पेय पदार्थों से दूर रहें, क्योंकि वे पेशाब को बढ़ा सकते हैं। जिससे आपके शरीर में तर पदार्थ कम हो सकता है।

❖ संध्या सिंह

# बदलता मौसम बढ़ा सकता है बेबी के लिए परेशानी

पहली गर्मी, पहली बरसात या पहली सर्दी, नवजात शिशु के पहले साल में मौसम का हर बदलाव उसके लिए चुनौतियां बढ़ा देता है। अगर आप अभी हाल ही में मां बनीं हैं तो जानिए कैसे रखना है अपने बेबी का ख्याल।



आपने अपने बड़े बुजुर्गो को कहते सुना होगा कि मौसम में बदलाव आने पर नवजात शिशु की देखभाल पर खास ध्यान देना चाहिए। दरअसल मौसम में बदलाव आने पर वातावरण का तापमान गिरने लगता है। आपके बेबी के शरीर को इसके अनुसार ढलने में समय लगता है। ऐसे में आपकी जिम्मेदारी और भी ज्यादा बढ़ जाती है। छोटे बच्चों की इम्युनिटी बड़ों के मुकाबले बेहद कमजोर होती है। जिससे मौसम में बदलाव आने पर बच्चों के बीमार पड़ने का जोखिम बढ़ जाता है।

**बदलते मौसम में कैसे करनी है नन्हें शिशु की देखभाल**

**मौसम के अनुसार कपड़े पहनाएं :** वातावरण में तापमान गिरते ही बच्चों की देखभाल में खास ध्यान देना बहुत जरूरी है। बच्चों का शरीर वातावरण के अनुसार अपना तापमान रेगुलेट नहीं कर पाता। इसमें कपड़ों का सही चुनाव बहुत जरूरी है। इसके साथ ही ध्यान रखें कि आप उन्हें ओवर ड्रेस नहीं करें। क्योंकि इससे उन्हें ओवर हीटिंग की समस्या भी हो सकती है। विशेषज्ञों का मानना है कि ओवर हीटिंग भी बच्चों में सिड्स का कारण बना सकता है।

**इम्युनिटी का रखें ख्याल :** मौसम में बदलाव आने पर संक्रमण और बीमारियों का खतरा बढ़ने लगता है। इसलिए ध्यान रखें कि आप अपने बच्चों को समय से वेक्सिनेशन जरूर करवाएं। वायरल और बैक्टीरियल इंफेक्शन बच्चों की इम्युनिटी पर सबसे पहले असर डालते हैं। लेकिन समय से सभी वेक्सिनेशन लेने से बच्चों को संक्रमण के खतरों से बचाया जा सकता है। आपका दूध बेबी की इम्युनिटी बढ़ाने में सबसे ज्यादा सहायक है। इसलिए कोई भी मौसम हो, बेबी को सही समय पर फीड करवाती रहें।

**सनलाइट है बहुत जरूरी :** बच्चों को सनलाइट थेरेपी देना भी जरूरी है, क्योंकि इससे उनके शरीर को विटामिन डी के साथ सभी आवश्यक पोषक तत्व मिल पाते है। इसलिए ठंडे होते मौसम में बच्चों को कुछ देर सनलाइट में ले जाना फायदेमंद माना जाता है। इसके साथ ही ध्यान रखें कि आप उनकी त्वचा पर सन्सक्रीन न लगाएं। फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन के अनुसार 6 माह से कम उम्र के बच्चों को सन्सक्रीन नहीं लगानी चाहिए। उनकी स्कीन बहुत ज्यादा सेंसिटिव होती है। साथ ही सीधी धूप देने के बजाय हल्की धूप या छांव में रखने का प्रयास करें।

**हाइजीन और तेल की मालिश :** वयस्कों की तरह बच्चों की हाइजीन पर ध्यान देना भी बेहद आवश्यक है। इस मौसम में बच्चों को हल्के गुनगुने पानी से ही नहलाना चाहिए या गुनगुने पानी में कपड़ा भिगोकर बॉडी क्लीन करनी चाहिए। इसके साथ ही फंगल इंफेक्शन से बचाए रखने और शरीर में नमी बनाए रखने के लिए बेबी मसाज ऑयल से मसाज करना भी बहुत जरुरी हैं, जिससे उनकी स्किन बेहतर तरीके से मॉइस्चराइज रहे।

**अपनी डाइट का रखें पूरा ख्याल :** बच्चों की इम्युनिटी बनाए रखने के लिए सही पोषक तत्व देना बेहद जरूरी है। बच्चे को ये सभी पोषक तत्व मिलते हैं मां के दूध से। इसलिए जरूरी है कि नई मां अपने आहार का खास ख्याल रखे। जंक फूड और प्रोसेस्ड फूड से बचकर पौष्टिक और संतुलित भोजन खाएं। आइसक्रीम, ठंडा दही, ज्यादा खट्टे पदार्थ आपके साथ आपके बेबी की सेहत को भी नुकसान पहुंचा सकते हैं। इसलिए इनसे बचकर रहें।

❖ ईशा गुप्ता

## सूडोकु नवताल- 6872

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 5 | | | | | | |
| 3 | | | | | | | | |
| | | | 6 | | | 7 | 4 | |
| 6 | | | 2 | | 4 | | | |
| 1 | | | | | | | | 8 |
| | | | 7 | | 5 | | | 3 |
| | 4 | 7 | | | 1 | | | |
| | | | | | | | | 6 |
| | | | | | | 5 | 2 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -6871 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 9 | 2 | 6 | 8 | 5 | 1 | 7 |
| 8 | 1 | 6 | 7 | 4 | 5 | 9 | 2 | 3 |
| 7 | 5 | 2 | 3 | 9 | 1 | 6 | 4 | 8 |
| 1 | 7 | 5 | 4 | 2 | 6 | 8 | 3 | 9 |
| 6 | 4 | 3 | 8 | 5 | 9 | 2 | 7 | 1 |
| 2 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 5 | 2 | 1 | 6 | 8 | 7 | 3 | 9 | 4 |
| 9 | 8 | 7 | 5 | 3 | 4 | 1 | 6 | 2 |
| 3 | 6 | 4 | 9 | 1 | 2 | 7 | 8 | 5 |

## दैनिक पंचांग

**03 नवम्बर 2023 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | तुला में | वृश्चिक | 07.13 ब.से |
| चंद्र | मिथुन में | धनु | 09.29 बजे से |
| मंगल | तुला में | मकर | 11.34 बजे से |
| बुध | तुला में | कुंभ | 13.20 बजे से |
| गुरु | मेष में | मीन | 14.53 बजे से |
| शुक्र | सिंह में | मेष | 16.24 बजे से |
| शनि | कुंभ में | वृष | 18.04 बजे से |
| राहु | मीन में | मिथुन | 20.02 बजे से |
| केतु | कन्या में | कर्क | 22.15 बजे से |
| | | सिंह | 00.31 बजे से |
| राहुकाल | 10.30 से | कन्या | 02.43 बजे से |
| | 12.00 बजे तक | तुला | 04.54 बजे से |

**शुक्रवार** 2023 वर्ष का 307 वां दिन **दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** शरद। **विक्रम संवत्** 2080 **शक संवत्** 1945 **मास** कार्तिक (दक्षिण भारत में आश्विन) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** षष्ठी 23.08 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** पुनर्वसु अहोरात्र। **योग** सिद्ध 12.53 बजे को समाप्त। **करण** गर 10.25 बजे तदनन्तर वणिज 23.08 बजे को समाप्त। **चन्द्रायु** 19.3 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 14° 54' **सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1871786 **जूलियन दिन** 2460251.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2549 **हिजरी सन्** 1445 **महीना** रवि उस्सानी **तारीख** 18 **विशेष** स्कन्द षष्ठी व्रत।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| चर | 05.55 से | 07.23 बजे तक | रोग | 05.38 से | 07.1 बजे तक |
| लाभ | 07.23 से | 08.51 बजे तक | काल | 07.11 से | 08.43 बजे तक |
| अमृत | 08.51 से | 10.19 बजे तक | लाभ | 08.43 से | 10.15 बजे तक |
| काल | 10.19 से | 11.47 बजे तक | उद्वेग | 10.15 से | 11.47 बजे तक |
| शुभ | 11.47 से | 01.15 बजे तक | शुभ | 11.47 से | 01.19 बजे तक |
| रोग | 01.15 से | 02.43 बजे तक | अमृत | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| उद्वेग | 02.43 से | 04.10 बजे तक | चर | 02.51 से | 04.23 बजे तक |
| चर | 04.10 से | 05.38 बजे तक | रोग | 04.23 से | 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

## शब्द पहेली - 7934

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | | ■ | 4 | 5 | |
| 6 | | ■ | | ■ | 7 | | | ■ |
| | ■ | 8 | | 9 | ■ | ■ | 10 | |
| 11 | | | ■ | 12 | | 13 | | ■ |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | 14 |
| ■ | 15 | | | | ■ | 16 | | |
| 17 | | ■ | ■ | 18 | 19 | | ■ | |
| ■ | 20 | 21 | | ■ | | ■ | 22 | |
| 23 | | | ■ | 24 | | | | |

**बाएँ से दाएँ**

1. अपनत्व, अपनाव-5
4. खाने लायक तैयार होना-3
6. गोंद, लाख-2
7. पति, शौहर-3
8. जंगल, अरण्य-3
10. उत्साह, ललक-2
11. प्रलय, आफत-3
12. ईश्वर, रब-4
15. वट वृक्ष-4
16. निर्माण(उर्दू-3)
17. धोखा, कपट-2
18. दृष्टि, निगाह-3
20. स्वदेश, मातृभूमि-3
22. एक पैसा-2
23. विजय, जीत-3
24. आत्मबलिदानी, साहसी-5

**ऊपर से नीचे**

1. उपद्रव की स्थिति, अशांति-5
2. लम्हा, क्षण-2
3. गिरावट, अवनति-3
4. मवाद-2
5. मरियल, दुर्बल-4
8. असरदार, प्रभावी-4
9. नाक छेदना-2,3
13. विदिर्ण, छिन्न भिन्न होना-4
14. मांग, अनुरोध-5
15. बलवा, गदर-4
19. विष, गरल-3
21. अस्तर, स्तर-2
22. देवदास की प्रेमिका-2

**शब्द पहेली -7933 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ती | रं | दा | ज | ■ | को | म | लां | गी |
| व्र | ■ | म | न | भ | र | ना | ■ | ज |
| ता | र | ■ | ■ | र | ■ | ■ | स | र |
| ■ | म | ■ | क | म | र | ■ | मा | ■ |
| प्र | ता | ड़ | ना | ■ | स | र | ज | मीं |
| ■ | जो | ■ | त | र | ना | ■ | वा | ■ |
| बा | गी | ■ | ■ | सी | ■ | ■ | दी | न |
| य | ■ | ल | ची | ला | प | न | ■ | य |
| स | जा | त | न | ■ | र | स | खा | न |

## आज का राशिफल

**मेष राशि :** मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा।

**वृष राशि :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी।

**मिथुन राशि :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ।

**कर्क राशि :** आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करें।

**सिंह राशि :** "आगे-आगे गौरख जागे" वाली कहावत चरितार्थ होगी। मेहमानों का आगमन होगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा।

**कन्या राशि :** जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे।

**तुला राशि :** लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा।

**वृश्चिक राशि :** जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा।

**धनु राशि :** प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी।

**मकर राशि :** कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे।

**कुंभ राशि :** राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा।

**मीन राशि :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए
50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## गागर में सागर

### बेंगलुरु आतंकी मामले में 5 लोग गिरफ्तार, हथियार बरामद

**बेंगलुरु।** कर्नाटक पुलिस द्वारा बेंगलुरु में कथित आतंकी साजिश का भंडाफोड़ करने और पांच लोगों को गिरफ्तार करने के तीन महीने बाद, मामले को राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने अपने हाथ में ले लिया है, सूत्रों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने आरोपियों के पास से पांच जिंदा ग्रेनेड, सात देशी पिस्तौल, 45 गोलियां, वॉकी-टॉकी, 12 मोबाइल और तेज धार वाले हथियार बरामद किए थे। आरोपियों को 19 जुलाई को गिरफ्तार किया गया था। सीसीबी विंग ने जुलाई में सैयद सुहैल खान, मोहम्मद फैजल रब्बानी, मोहम्मद उमर, मुद्दसिर पाशा और जाहिद तबरेज को गिरफ्तार किया था और राज्य की राजधानी में सक्रिय एक आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया था। उन्होंने भारी मात्रा में विस्फोटक, हथियार और उपकरण जब्त किए थे। अधिकारियों ने संदिग्ध आतंकवादियों को संचालित करने वाले मोहम्मद जुनैद की तलाश शुरू की थी। जुनैद के विदेश में छिपे होने की आशंका है।

### पंजाब में दो ट्रकों के बीच कार के कुचलने से 6 की मौत

**चंडीगढ़।** पंजाब के संगरूर जिले में दो ट्रकों के बीच एक कार के कुचल जाने से चार साल के बच्चे समेत छह लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी। बुधवार रात जब यह हादसा हुआ तब कार सवार मलेरकोटला से सुनाम की ओर जा रहे थे। वे सुनाम कस्बे के रहने वाले थे। प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि उन सभी की मौके पर ही मौत हो गई और स्थानीय लोगों को मलबे से शवों को निकालने के लिए गैस कटर का इस्तेमाल करना पड़ा। स्थानीय विधायक एवं नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा संसाधन मंत्री अमन अरोड़ा ने हादसे पर दुख जताया है।

### नक्सलियों ने तीन ग्रामीणों की गला रेतकर हत्या की

**कांकेर।** जिले के पखांजुर इलाके के छोटे बेठियां थाना क्षेत्र अंतर्गत नक्सल प्रभावित ग्राम मोरखंडी में नक्सलियों ने महाराष्ट्र सी-60 गढ़चिरौली की विशेष टीम का मुखबिर बताते हुए तीन ग्रामीणों की गला रेतकर हत्या कर दी है। मृतकों में कुल्ले कतलामी उम्र 35 वर्ष, मनोज कोवाची उम्र 22 वर्ष एवं डुग्गे कोवाची उम्र 27 वर्ष सभी निवासी मोरखंडी, थाना छोटेबेठिया, तहसील पखांजूर है। बस्तर आईजी सुंदरराज पी. ने इसकी पुष्टि की है। पुलिस मुखबिरी का आरोप लगाते हुए चार दिनों पहले नक्सली उक्त तीन ग्रामीणों को घर से अपहरण कर ले गए थे। बुधवार रात नक्सलियों ने गला रेतकर तीनों ग्रामीण की हत्या कर ग्राम मोरखंडी के पास शव को फेंक दिया। नक्सलियों द्वारा मौके पर महाराष्ट्र सी-60 गढ़चिरौली की विशेष टीम की मुखबिरी के संबंध में पर्चा फेंका है। घटना के बाद से इलाके में दहशत का माहौल बना हुआ है। इलाके में घटना के बाद सर्चिंग अभियान तेज कर दिया गया है।

### कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष डोटासरा के बेटों को ईडी का समन

**जयपुर।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बेटे वैभव गहलोत के बाद अब कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के दो बेटों को समन जारी कर पूछताछ के लिए दिल्ली मुख्यालय बुलाया है। डोटासरा के घर पर ईडी की सर्च के दौरान दोनों बेटों के खिलाफ ईडी को कुछ जानकारी मिली थी। इस बारे में पूछताछ के लिए एक बेटे को सात नवंबर को और दूसरे बेटे को 8 नवंबर को दिल्ली मुख्यालय में बुलाया गया है। ईडी सूत्रों के अनुसार प्रवर्तन निदेशालय ने कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के बेटे अभिलाष डोटासरा और अविनाश डोटासरा को पूछताछ के लिए नोटिस जारी किया है।

### भाजपा की विजय संकल्प रैली को पीएम मोदी ने किया संबोधित, कहा

# जहां कांग्रेस, वहां विकास नहीं

**एजेंसी। कांकेर**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा के समर्थन में जो आंधी चल रही है, वह कांकेर में भी दिख रही है। भाजपा का संकल्प छत्तीसगढ़ के लोगों को सशक्त कर छत्तीसगढ़ को देश के समृद्ध राज्यों में लाने का है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और विकास में छत्तीस का आंकड़ा है, जहां कांग्रेस रहेगी, वहां विकास हो ही नहीं सकता।



प्रधानमंत्री मोदी गुरुवार को जिले के गोविंदपुर में भाजपा की विजय संकल्प रैली को संबोधित कर रहे थे।उन्होंने कहा कि तीस टका कका, आपका काम पक्का वाली सरकार को बाहर करना है। आपने बीते पांच वर्ष में कांग्रेस सरकार की नाकामी देखी है, इन वर्षों में कांग्रेस के नेताओं की कोठियां, उनके बंगले, उनकी कारें, इन्हीं का विकास हुआ है। कांग्रेस के नेताओं के बच्चों और उनेक रिश्तेदारों को ही फायदा हुआ। कांकेर के, बस्तर के गरीब, दलित, पिछड़े, आदिवासी परिवारों को क्या मिला? छत्तीसगढ़ के लोगों को कांग्रेस ने टूटी-फूटी सड़कें दी हैं। मोदी ने आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार में सरकारी दफ्तरों में घूसखोरी का नया रिकॉर्ड बना है।

प्रधानमंत्री मोदी ने चुनाव में भाजपा उम्मीदवारों को जिताने की अपील करते हुए कहा कि बीते नौ वर्षों के दौरान केंद्र की भाजपा सरकार का एक ही लक्ष्य रहा है। गरीब का कल्याण, आदिवासी का कल्याण, इसलिए हमने पक्के मकान की योजना बनाई। अभी तक देशभर में चार करोड़ से अधिक लोगों को पक्का मकान मिल चुका है, लेकिन छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार अड़ंगा डाल रही है। मैं आज आपको वादा करता हूं, छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनने के बाद प्रधानमंत्री आवास के काम को और तेज किया जाएगा।

मोदी ने कहा कि भाजपा सरकार ने बीते सालों में जन औषधि केंद्र खोले हैं, ताकि गरीब को सस्ती दवाएं मिल सके। उन्होंने कहा कि गंगाजी की झूठी कसम कांग्रेस के लोग ही खा सकते हैं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनने पर डॉक्टर, इंजीनियर की पढ़ाई मातृ भाषा में होगी। इससे आदिवासी समाज के बेटे-बेटियां भी डॉक्टर, इंजीनियर बन सकते हैं।

## मुक्त व्यापार समझौते पर भारत को मिलेगा पुर्तगाल का साथ : जयशंकर

**एजेंसी। नई दिल्ली**



दिल्ली में चल रही मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) वार्ता में भारत को पुर्तगाल का समर्थन मिलने की उम्मीद है। यह भरोसा दिलाते हुए विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत ने हमेशा ही पुर्तगाल को यूरोपीय संघ में अपने प्रमुख साझेदारों में से एक माना है। विदेश मंत्री जयशंकर ने अपने पुर्तगाली समकक्ष जोआओ गोम्स क्राविन्हो के साथ संयुक्त प्रेस वक्तव्य में कहा, मैं यह कहना चाहता हूं कि हमने हमेशा पुर्तगाल को यूरोपीय संघ में अपने प्रमुख साझेदारों में से एक माना है। पहला भारत-ईयू शिखर सम्मेलन वास्तव में पुर्तगाली अध्यक्षता के तहत 2000 में आयोजित किया गया था। और 27 में पहली बार भारत-ईयू शिखर सम्मेलन आयोजित किया गया था। पुर्तगाली राष्ट्रपति पद के तहत 2021 में नेतृत्व शिखर सम्मेलन भी आयोजित किया गया था। उस समय कोविड के कारण इसे वर्चुअल करना पड़ा था। इसलिए हम यूरोपीय संघ के साथ हमारी एफटीए वार्ता के लिए पुर्तगाली समर्थन पर बहुत अधिक भरोसा करते हैं। जयशंकर ने आगे कहा, इस बात पर भी सहमति थी कि हम एक कांसुलर संवाद तंत्र स्थापित करेंगे और इसकी पहली बैठक के लिए पुर्तगाल आकर हमें खुशी होगी। विदेश मंत्री इस समय पुर्तगाल के दौरे पर हैं।

### डीजीसीए का फरमान

## माउथवॉश व टूथ जेल का इस्तेमाल नहीं करें पायलट

**आरएनएम। नई दिल्ली**

विमानन नियामक द्वारा पायलट व क्रू मेंबर के लिए जारी नये आदेश के अनुसार, अब पायलट व क्रू मेंबर माउथवॉश व टूथ जेल या किसी भी ऐसे वस्तु का इस्तेमाल नहीं कर पाएंगे जिसमें शराब की मात्रा हो। डीजासीए के अनुसार, अल्कोहल की मात्रा वाले माउथवॉश या टूथ जेल इस्तेमाल करने से वे ब्रेथ एनलाइजर टेस्ट (सांसों के परीक्षण) में पॉजिटिव दिख सकते हैं। डीजीसीए ने कहा कि यह फैसला सुरक्षित उड़ान के लिए लिया गया है। विमान उद्योग से मिले सुझाव के बाद इन नियमों को लागू किया है। डीजीसीए के अनुसार, शुरूआत में इस सूचा में परफ्यूम भी शामिल था लेकिन आखिर में लिस्ट से इसे शामिल नहीं किया गया। डीजीसीए ने 30 अक्टूबर को जारी किए गए अपने आदेश



में कहा कि क्रू मेंबर का कोई भी सदस्य किसी भी ऐसी दवा/फॉर्मूलेशन का सेवन नहीं करेगा जिसे बनाने में अल्कोहल का इस्तेमाल होता हो। इसमें माउथवॉश/टूथ जेल शामिल हैं। ऐसी दवा लेने वाले पायलट या क्रू मेंबर को पहले कंपनी के डॉक्टर से सुझाव लेना होगा। डीजीसीए के अनुसार, ब्रेथ एनलाइजर टेस्ट को अनिवार्य कर दिया गया है। एजेंसियां इसकी निगरानी करेंगी। इसके अनुसार, पायलट और हर क्रू मेंबर को उड़ान ड्यूटी से पहले एयरपोर्ट पर सांस की जांच करनी होगी।

# नीतीश सरकार शीतकालीन सत्र में ला सकती है प्रस्ताव...

**कृष्णमोहन सिंह। नई दिल्ली**

बिहार में जाति जन गणना रिपोर्ट जारी होने के बाद आरक्षण का दायरा बढ़ाने पर चर्चा तेज हो गई है। 6 नवंबर से शुरू हो रहे बिहार विधानसभा के शीतकालीन सत्र में नीतीश सरकार सदन में जाति जन गणना रिपोर्ट को पेश करने के साथ ही आरक्षण का दायरा 50 प्रतिशत से बढ़ाकर 70 प्रतिशत करने का प्रस्ताव भी पेश कर सकती है। यह पेश व पास हो गया तो बिहार में ओबीसी व ईबीसी वर्ग के आरक्षण में बढ़ोतरी हो जाएगी। क्योंकि बीते माह जारी हुई जातीय गणना रिपोर्ट के अनुसार इन दोनों ही वर्गों की आबादी राज्य में 63 प्रतिशत है। और इस वर्ग को आरक्षण का ज्यादा लाभ मिला, तो नीतीश व उनके महागठबंधन दलों के समर्थन में इस वर्ग के लोग और एकजुट हो जाएंगे। इसको लेकर भाजपा के हुक्मरानों की नींद हराम हो गई है। सो चर्चा है कि उनकी कोशिश किसी भी तरह से बिहार विधानसभा में जाति जन गणना रिपोर्ट के आधार पर आरक्षण बढ़ाने का प्रस्ताव नहीं लाने देने , और यदि ला



**जाति जनगणना पर एक्शन की तैयारी**

दिया गया तो पास नहीं होने देने की होगी। क्योंकि नीतीश सरकार ने 6 नवंबर से शुरू हो रहे वि.स. सत्र में आरक्षण का दायरा बढ़ाने का प्रस्ताव पास करा दिया तो इसका कुछ असर पांच राज्यों (राजस्थान, मप्र, छत्तीसगढ़, तेलंगाना, मिजोरम) में हो रहे विधान सभा चुनावों पर तो पड़ेगा ही, उसके चार माह बाद होने वाले 2024 के लोकसभा चुनाव पर ज्यादा पड़ेगा। भाजपानीत केन्द्र सरकार बैकफुट पर आ जाएगी। उसके लिए इसकी काट मुश्किल हो जाएगी। इसके लिए एनडीए के सर्वोच्च सत्तावानों ने कानूनी दांव पेंच की तैयारी शुरू कर दी है। ताकि यदि नीतीश ने विधान सभा में ये विधेयक लाकर पास करा दिया तो इसे कानूनी पेंच में फंसा कर, राज्यपाल के कार्यालय में अटकवाकर, किसी भी हालत में 2024 के लोकसभा चुनाव होने तक टाला जा सके। इसके लिए झारखंड का उदाहरण दिया जा सकता है। क्योंकि झारखंड सरकार ने आरक्षण सीमा बढ़ाने की पुरजोर कोशिश की, लेकिन उसका प्रस्ताव खारिज हो चुका है। मालूम हो कि सर्वोच्च न्यायालय ने 1992 में ऐसे ही मामले में स्पष्ट किया था कि आरक्षण की सीमा 50 प्रतिशत से अधिक करना ठीक नहीं है। लेकिन कई राज्यों ने जातीय जनगणना के आधार पर आरक्षण का प्रतिशत बढ़ाकर 70 करने की मांग शुरू कर दी है। इंडिया गठबंधन दलों पर रेवड़ी बांटने का बहुत जोर शोर से आरोप लगाने वाली केन्द्रीय सत्ताधारी भाजपा ने खुद भी कुछ माह पहले तक कर्नाटक में सत्ता में रहने के दौरान विधान सभा चुनाव के समय एससी/एसटी के लिए आरक्षण 50 प्रतिशत कोटा सीमा से ऊपर बढ़ा दिया था।

### यूएपीए मामला

## 1 दिसंबर तक न्यूजक्लिक के संपादक-एचआर प्रमुख न्यायिक हिरासत में

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने गुरुवार को न्यूजक्लिक के संस्थापक-संपादक प्रबीर पुरकायस्थ और एचआर प्रमुख अमित चक्रवर्ती को गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम के प्रावधानों के तहत दर्ज मामले में 1 दिसंबर तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पुलिस हिरासत पूरी होने पर दोनों को पटियाला हाउस कोर्ट की विशेष न्यायाधीश हरदीप कौर के सामने पेश किया गया। 31 अक्टूबर को, अदालत ने पुरकायस्थ के एक आवेदन पर जवाब दाखिल करने के लिए दिल्ली पुलिस को 10 नवंबर तक का समय दिया था, जिसमें पुलिस द्वारा जब्त किए गए उनके इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस को जारी करने की मांग की गई थी। पुरकायस्थ और चक्रवर्ती दोनों ने गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम के प्रावधानों के तहत दर्ज मामले में क्रमशः पुलिस द्वारा जब्त इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस को छुड़ाने और जमानत की मांग करते हुए अदालत का रुख किया।

# अयोध्या के दीपोत्सव में रामायण के सातों अध्यायों की दिखेंगी झांकियां

**एजेंसी। अयोध्या**

रामनगरी अयोध्या में होने वाले दीपोत्सव को भव्य बनाने के लिए तेज गति से काम हो रहा है। पर्यटन विभाग रामायण के सातों अध्यायों (कांड) पर आधारित झांकियां निकालने जा रहा है। इसके अलावा पंचकोसी,14 कोसी व 84 कोसी परिक्रमा मार्ग पर स्थापित मठ मंदिरों व सामाजिक स्थलों पर विभाग सात लाख दिए जलाएगा। क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी आरपी यादव ने बताया कि तुलसीकृत राम चरित मानस के सात अध्याय बाल काण्ड,



अयोध्या काण्ड, अरण्य काण्ड, सुन्दर काण्ड, किष्किंधा काण्ड, लंका काण्ड व उत्तर काण्ड पर आधारित सात झांकियां होंगी। इसके अलावा एक राम रथ की झांकी निकाली जाएगी। ये झांकियां साकेत महाविद्यालय से प्रारंभ होकर नया घाट तक जाएंगी। झांकियों को सजाने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है।

आरपी यादव ने बताया अयोध्या की पंचकोसी, 14 कोसी व 84 कोसी परिक्रमा मार्ग पर स्थापित सभी मठ मंदिरों एवं सामाजिक स्थलों पर पर्यटन विभाग की ओर से दीपोत्सव पर दिए जलाने की व्यवस्था की जा रही है।

पर्यटन मंत्री ने जयवीर सिंह ने बताया कि 11 नवंबर को अयोध्या में भव्य दीपोत्सव का कार्यक्रम आयोजित होगा। हम हर साल नए रिकॉर्ड बनाने की कोशिश करते हैं। पिछले साल हमने 17 लाख से ज्यादा दीये जलाकर गीनीज वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड में अपना नाम नाम दर्ज करवाया था। इस बार भी हम अपना रिकॉर्ड तोड़ने का काम करेंगे।

## FILMY हलचल

### 'झलक दिखला जा' में जज के रूप में टेलीविजन पर आएंगे अरशद वारसी



**अभिनेता** अरशद वारसी 'झलक दिखला जा' में जज के रूप में टेलीविजन पर वापसी करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि कैसे नृत्य हमेशा उनके सबसे बड़े जुनून में से एक रहा है। साथ ही कहा कि उनका लक्ष्य प्रतियोगियों को दिल से नृत्य करने के लिए प्रेरित करना होगा। यह शो जीवन के विभिन्न क्षेत्रों से आपके पसंदीदा सितारों के सार्वजनिक व्यक्तित्व में एक अनूठा मोड़ जोड़ता है। वे प्रतिष्ठित ट्रॉफी के लिए प्रतिस्पर्धा करते हुए जटिल नृत्य दिनचर्या सीखने और प्रदर्शन करने की चुनौती लेते हैं। अरशद का करिश्मा और नृत्य तथा अभिनय के प्रति अद्वितीय दृष्टिकोण उन्हें निर्णायक पैनल में शामिल करने के लिए एकदम उपयुक्त बनाता है। उसी के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, नृत्य हमेशा से मेरे सबसे बड़े जुनूनों में से एक रहा है और मुझे वर्षों से इस मंच पर शानदार प्रदर्शन देखना पसंद है। मेरे मन में उन प्रतियोगियों के लिए बहुत सम्मान है जो अपने आराम की जिंदगी से बाहर निकलकर इसमें हिस्सा लेंगे। उन्होंने कहा कि इस चुनौती का सामना करें, और प्रत्येक प्रदर्शन को बेहतर बनाने में अपना दिल और आत्मा लगा दें।

### तमिल अभिनेता जूनियर बलैया का निधन



पिछले कुछ महीनों में साउथ सिनेमा इंडस्ट्री में कई दुर्भाग्यपूर्ण घटनाएं हुई हैं। दो दिनों में दो मलयालम अभिनेत्रियों का निधन हो गया। इससे पहले तमिल एक्टर विजय एंटनी की बेटी मीरा ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी थी। अब एक और एक्टर की मौत की खबर सामने आई है। अनुभवी तमिल अभिनेता रघु बलैया उर्फ जूनियर बलैया का गुरुवार को निधन हो गया। मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार जूनियर बलैया की चेन्नई के वलसरवाक्कम स्थित उनके आवास पर दम घुटने से मौत हो गई। उनकी उम्र 70 वर्ष थी। वह चार दशक से अधिक समय तक फिल्म उद्योग में सक्रिय थे। उनके निधन की खबर सामने आते ही फैंस सोशल मीडिया पर उन्हें श्रद्धांजलि दे रहे हैं। जानकारी के मुताबिक आज शाम को ही उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा।

### तीन साल की शादी में अंकिता 20 दिन से ज्यादा नहीं रहीं पति के साथ

**अंकिता** लोखंडे और विक्की जैन की शादी को भले ही तीन साल का वक्त बीत चुका है, लेकिन दोनों 20 दिन से ज्यादा कभी भी एक साथ नहीं रहे। इसलिए अब शायद गिले-शिकवे दूर करने के लिए बिग बॉस 17 का शो मददगार साबित हो सकता है। यह जोड़ी आजकल खूब सुर्खियां बटोर रही हैं। कपल जब से 'बिग बॉस 17' का हिस्सा बना है, तब से शो में अपने प्यार और तकरार से



लाइमलाइट है। हालांकि इस बारे में शायद कम लोगों को पता हो कि अक्सर शो में अपने संग रुठी हुई दिखने वाली अंकिता 'बिग बॉस 17' का हिस्सा अपने पति संग क्यों बनी हुई है। इस बारे में उन्होंने बहुत पहले ही खुलासा कर दिया था, जो अब लोगों के सामने आया है। अंकिता बिग बॉस के घर में पति संग इसलिए गई कि अंकिता ने विक्की को तीन साल डेट करने के बाद 14 दिसंबर 2021 को विक्की जैन के साथ शादी की थी। विक्की पेशे से एक बिजनेसमैन हैं। वह अक्सर अपने बिजनेस टूर की वजह से बाहर रहते हैं। ऐसे में कपल एक दूसरे को बहुत ज्यादा समय नहीं दे पाता है।


### खगोलीय घटना | आज पृथ्वी के सबसे पास होगा बृहस्पति

# ज्यादा चमकदार और बड़ा दिखाई देगा

**एजेंसी। भोपाल**

खगोल विज्ञान में रुचि रखने वालों के लिए आज (गुरुवार) रात आसमान में एक रोमांचक खगोलीय घटना होने जा रही है। सौरमंडल का सबसे विशाल ग्रह (अन्य सभी ग्रहों की तुलना में दोगुने से भी अधिक विशाल दिखाई देने वाला) बृहस्पति (जुपिटर) आज रात पृथ्वी के सबसे पास होगा। इस दौरान बृहस्पति ज्यादा चमकदार और अधिक विशाल दिखाई देगा।

नेशनल अवार्ड प्राप्त विज्ञान प्रसारक सारिका घारू ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि सूर्य की परिक्रमा करते हुये पृथ्वी और




बृहस्पति गुरुवार को इस स्थिति में पहुंच रहे हैं कि पृथ्वी से बृहस्पति की दूरी सबसे कम होगी। इस खगोलीय घटना को जुपिटर एट पेरिजी कहते हैं। इस समय यह पृथ्वी से 59 करोड़ 57 लाख 59 हजार किमी दूर रहेगा। इसके बाद यह दूरी बढ़ना आरंभ हो जाएगी।

उन्होंने बताया कि अगले दिन यानी 3 नवम्बर को भारतीय समयानुसार प्रातः 10 बजकर 25 मिनट पर जुपिटर इस स्थिति में रहेगा कि पृथ्वी से एक ओर सूर्य तथा दूसरी ओर जुपिटर होगा अर्थात यह दोनों 180 डिग्री पर होंगे। इस खगोलीय घटना को जुपिटर एट अपोजीशन कहते हैं।

सारिका ने बताया कि जुपिटर मेष तारामंडल में रहेगा और शाम को पूर्व दिशा में उदित होकर रात भर आकाश में रहकर सूर्योदय से कुछ पहले पश्चिम दिशा में अस्त होगा। उन्होंने बताया कि यह आकाश में जुपिटर को देखने का साल का सबसे अच्छा समय है, क्योंकि पास रहने से यह अपेक्षाकृत बड़ा और माइनस 2.9 मैग्निटयूड से चमकदार दिखेगा। शाम के समय पूर्व में चमकते हुए इसे देखा जा सकता है। सारिका ने बताया कि जुपिटर एट अपोजीशन की अगली घटना 8 दिसंबर 2024 को होगी।

### सारण नाव हादसे में दो शव बरामद, 7 लापता, 9 लोग बचाए गए

**सारण।** बिहार के सारण जिले के मांझी मटियार नाव हादसे में दो लोगों के शव बरामद हुए हैं। जबकि 7 लोग अबतक लापता हैं। जिलाधिकारी अमन समीर ने घटना की पुष्टि करते हुए बुधवार देर रात बताया कि नाव पर 19 लोग सवार थे। हादसे के बाद 9 लोगों को सुरक्षित बचा लिया गया, जबकि दो लोगों का शव बरामद हुआ है। वहीं, सात लोग अभी भी लापता हैं। एसडीआरएफ टीम स्थानीय लोगों की मदद से लापता लोगों को तलाश रही है। जिलाधिकारी ने बताया कि नाव दुर्घटना में प्रभावित सभी मजदूर हैं जो रोजाना सुबह दियारा क्षेत्र में सब्जी खेती करने जाया करते हैं और शाम में घर वापस लौटते हैं।

## गागर में सागर

### अचानक 2000 के नोट बदलने वालों की लगी भीड़, एजेंसी ने शुरू की जांच




**नई दिल्ली।** रिजर्व बैंक के ऑफिस के सामने हालिया कुछ दिनों से हर रोज सैकड़ों लोगों की भीड़ उमड़ रही है। ये लोग 2000 रुपये के नोट बदलवाने के लिए हर रोज रिजर्व बैंक के दफ्तर के बाहर कतारें लगा रहे हैं। यह मामला ओडिशा के भुवनेश्वर का है। 2000 रुपये के नोट को बदलवाने के लिए अचानक उमड़ी भीड़ से जांच एजेंसियां सतर्क हो गई हैं। भीड़ की रिपोर्ट सामने आने के बाद एजेंसियों ने मामले की जांच शुरू कर दी है। न्यूज एजेंसी की एक रिपोर्ट के अनुसार, रिजर्व बैंक का भुवनेश्वर स्थित ऑफिस पिछले तीन दिनों से भारी भीड़ का गवाह बन रहा है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के रीजनल डाइरेक्टर शरद प्रसन्न मोहंती ने एएनआई को बताया है कि हर रोज करीब 700 लोग 2000 रुपये के नोट को बदलवाने के लिए आ रहे हैं। उनकी मानें तो रिजर्व बैंक के ओडिशा ऑफिस ने इस दौरान हर रोज एक से डेढ़ अरब रुपये की वैल्यू के 2000 के नोटों को बदला है। एक रिपोर्ट के अनुसार, आरबीआई दफ्तर के आगे अचानक सैकड़ों लोगों के जमा होने और 2000 रुपये के नोटों को बदलवाने की खबर सामने आने के बाद जांच एजेंसियां सतर्क हो गई हैं।

### भूटान नरेश वांगचुक करेंगे भारत की यात्रा संबंधों को विस्तार देने पर होगी बात



**नयी दिल्ली।** भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक शुक्रवार से भारत की आठ दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने यह जानकारी दी। मंत्रालय के कहा कि भूटान नरेश की यह यात्रा दोनों देशों के द्विपक्षीय सहयोग के संपूर्ण आयाम की समीक्षा करने और अनुकरणीय साझेदारी को आगे बढ़ाने का अवसर प्रदान करेगी। मंत्रालय के मुताबिक, भूटान नरेश वांगचुक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात करेंगे। इस दौरान भारत-भूटान संबंधों के विभिन्न पहलुओं पर भी चर्चा होने की उम्मीद है। विदेश मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि विदेश मंत्री एस जयशंकर और सरकार के वरिष्ठ अधिकारी वांगचुक से मुलाकात करेंगे। एक बयान में कहा गया है, भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक, भूटान की राजशाही सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ तीन से दस नवंबर तक भारत की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। वे असम और महाराष्ट्र भी जाएंगे। विदेश मंत्रालय ने कहा, भारत और भूटान के बीच मित्रता और सहयोग के अनूठे संबंध हैं, जिनकी विशेषता आपसी तालमेल और परस्पर विश्वास है। बयान में कहा गया है, यह यात्रा दोनों पक्षों को द्विपक्षीय सहयोग के संपूर्ण आयाम की समीक्षा करने और विभिन्न क्षेत्रों में अनुकरणीय द्विपक्षीय साझेदारी को आगे बढ़ाने का अवसर प्रदान करेगी।

### ईडी का शिकंजा : एयरवेज के बॉस की जब्त हुई 538 करोड़ रुपये की संपत्ति



**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय ने कहा कि कथित बैंक ऋण धोखाधड़ी से जुड़ी धन शोधन जांच के तहत जेट एयरवेज के संस्थापक नरेश गोयल, उनके परिजनों और कंपनियों की लंदन, दुबई और भारत में करीब 538 करोड़ रुपये की संपत्तियां कुर्क की गई हैं। कुर्क की गई संपत्तियों में 17 फ्लैट, बंगले और वाणिज्यिक परिसर शामिल हैं। संघीय एजेंसी ने एक बयान में कहा कि लंदन, दुबई और भारत के विभिन्न शहरों में स्थित ये संपत्तियां जेट एयर प्राइवेट लिमिटेड और जेट एंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड जैसी विभिन्न कंपनियों, गोयल, उनकी पत्नी अनीता और बेटे निवान के नाम पर हैं। ईडी ने कहा कि कुर्क की कई संपत्तियों की कुल कीमत 538.05 करोड़ रुपये है। ईडी ने गोयल (74) को एक सितंबर को गिरफ्तार किया था और एजेंसी ने विगत मंगलवार को मुंबई में विशेष धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) अदालत के समक्ष उनके खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया था।

## सेटेलाइट आधारित इंटरनेट सेवा में भारतीय कंपनियों का बड़ा कमाल

# मस्क को अब मिलेगी चुनौती

**एजेंसी। नई दिल्ली**

आज इंटरनेट के बिना जीवन की कल्पना करना भी असंभव सा लगता है। हमारे रोजमर्रा के कामों के लिए हम इंटरनेट पर इतने निर्भर हो गए हैं, कि अगर इंटरनेट कुछ मिनटों या घंटों के लिए भी बंद हो जाए, तो हम लोग अपने आपको को बंधा बंधा सा महसूस करने लगते हैं, लेकिन आज भी ऐसे कई इलाके हैं जहाँ इंटरनेट तो छोड़िये, सामान्य फोन या मोबाइल सेवाएं तक भी उपलब्ध नहीं हैं। ऐसे सुदूर इलाकों में इंटरनेट सेवा मुहैया करने के लिए सैटेलाइट बेस्ड इंटरनेट सर्विस की आवश्यकता होती है। अभी तक इस क्षेत्र में एक व्यक्ति और कंपनी का एकाधिकार था, लेकिन अब भारतीय कंपनियां भी ताल से ताल मिला रही हैं। यह एक वायरलेस इंटरनेट सेवा है, जिसमें इन्टरनेट सेवा प्रदान करने के लिये अन्तरिक्ष में स्थित उपग्रहों का इस्तेमाल किया जाता है। यह सैटेलाइट



टीवी की तरह कार्य करता है, इसमें पृथ्वी की परिक्रमा करने वाले कृत्रिम सैटेलाइट के साथ संचार स्थापित करने के लिए रेडियो तरंगों का उपयोग किया जाता है। वहीं डेटा के ट्रासंमिशन के लिए एक विशेष संचार नेटवर्क का उपयोग किया जाता है। सैटेलाइट टीवी की तरह इसमें भी उपयोगकर्ता को अपने घर में सैटेलाइट डिश लगानी पड़ती है। यह व्यवस्था हमारे द्वारा उपयोग किये जाने वाली भूमि आधारित इंटरनेट सेवाओं से बहुत अलग होती है, जिसमे तारों और फाइबर के माध्यम से डेटा संचारित किया जाता है। सैटेलाइट इंटरनेट सेवा में डेटा संचरण के लिये किसी तार की आवश्यकता नहीं होगी। इसके लिए सेवा प्रदाता जियो स्टेशनरी ऑर्बिट (जीईओ) या लो-अर्थ ऑर्बिट (एलईओ) में उपस्थित सैटेलाइट का प्रयोग करते हैं। इसमें यूजर्स को फाइबर और सेल टावर के मुकाबले ज्यादा आसान कनेक्टिविटी मिलती है। इसकी मदद से उन एरिया में भी सर्विस पहुंचाई जा सकती है, जहां फाइबर और सेल टावर की सर्विस नहीं पहुंची है। अभी तक इस क्षेत्र में अमेरिकी अरबपति एलन मस्क का एकाधिकार है, जिनकी कंपनी स्टारलिंक ने कुछ ही वर्षों में 5,000 से ज्यादा सैटेलाइट लांच करके दुनिया को हैरत में डाल दिया है। मस्क इस सेवा का रणनीतिक उपयोग भी कर रहे हैं, याद कीजिये जब यूक्रेन और रूस के बीच लड़ाई चल रही थी, तब मस्क ने वहां के लोगो ने लिए स्टारलिंक इंटरनेट सेवा प्रदान कर दी थी। अभी कुछ ही दिन पहले मस्क ने गाजा के लोगो के लिए भी स्टारलिंक सेवा देने की घोषणा की है, जिसके बाद इजराइल ने इस पर आपत्ति भी जताई है। सोचिये यह कितना बड़ा सुरक्षा खतरा हो सकता है, क्योंकि ऐसे तो कोई आतंकवादी संगठन भी स्टारलिंक सेवा का उपयोग करके गैर कानूनी गतिविधि को अनजान दे सकता है।

## दो दिन की गिरावट के बाद 60,890 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंचा सोना



**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत में फेस्टिव सीजन चल रहा है। इस दौरान लोग जमकर सोने की खरीदारी करते हैं। दिवाली से पहले धनतेरस में सोना खरीदने की विशेष महत्ता है। इस साल धनतेरस का त्योहार 10 नवंबर, 2023 को मनाया जाएगा। इससे पहले गुरुवार को सोने और चांदी की कीमत में तेजी देखी जा रही है। वायदा बाजार में सोना आज 60,890 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर खुला है। इसके बाद इसकी कीमत में और तेजी देखी गई है और यह कल के मुकाबले 128 रुपये यानी 0.21 फीसदी तेजी के साथ 60,913 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बना हुआ है। कल सोना 60,785 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बंद हुआ था। सोने के अलावा चांदी की कीमत में भी आज तेजी देखी जा रही है। चांदी मार्केट खुलने के साथ ही आज 71,690 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर खुली थी। इसके बाद इसके दाम में और बढ़त दर्ज की गई है और यह फिलहाल कल के मुकाबले 533 रुपये यानी 0.75 फीसदी तक महंगी होकर 71,831 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बनी हुई है।

## लैंको यूनिट के लिए गौतम अडाणी ने दिखाई दिलचस्पी

# रेस से बाहर हुई मुकेश अंबानी की कंपनी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

अडाणी समूह की कंपनी अडाणी पावर ने दिवाला प्रक्रिया से गुजर रही कंपनी लैंको अमरकंटक पावर को खरीदने में फिर से दिलचस्पी दिखाई है। इसके लिए अडाणी पावर ने अपनी बोली बढ़ा दी है। अब अडाणी समूह की कंपनी ने 3,650 करोड़ रुपये का बढ़ा हुआ ऑफर पेश किया है। खबरों में ऐसी जानकारी दी जा रही है। ईटी की एक हालिया रिपोर्ट में मामले से जुड़े दो लोगों क हवाले से बताया गया है कि अडानी पावर ने लैंको अमरकंटक पावर को खरीदने में फिर से दिलचस्पी दिखाई है। अब कंपनी ने अपनी बोली को बढ़ाकर 3,650 करोड़ रुपये कर दिया है। इससे पहले अडानी पावर ने दिसंबर में 2,950 करोड़ रुपये का ऑफर दिया था। दिसंबर में अडाणी पावर के अलावा अन्य कंपनियों ने भी लैंको अमरकंटक पावर के लिए बोलियां पेश की थी। हालांकि तब कर्जदाताओं में ज्यादातर ने पीएफसी की अगुवाई वाले एक कंसोर्टियम की बोली के पक्ष में वोट दिया था। कंसोर्टियम का ऑफर 3,020 करोड़ रुपये का था। उसके बाद अडाणी पावर ने खुद को रेस से बाहर कर




लिया था। हालांकि अब अडानी की कंपनी ने फिर से दिलचस्पी दिखाई है। रिपोर्ट की मानें तो अडाणी के नए ऑफर पर लैंको अमरकंटक पावर की कर्जदाताओं की समिति आज ही यानी 2 नवंबर को विचार कर सकती है। लैंको अमरकंटक पावर दिवालिया होने के बाद इन्सॉल्वेंसी की प्रक्रिया से गुजर रही है। कंपनी छत्तीसगढ़ में कोरबा-चंपा हाइवे के पास कोयला आधारित थर्मल पावर प्लांट चलाती है। पहले उसे खरीदने में मुकेश अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज ने भी दिलचस्पी दिखाई थी। रिलायंस इंडस्ट्रीज का ऑफर 2,103 करोड़ रुपये का था। तीनों पक्षों यानी पीएफसी की अगुवाई वाले कंसोर्टियम, अडानी पावर और रिलायंस इंडस्ट्रीज के ऑफर पर हुई वोटिंग में सबसे ज्यादा कर्जदाताओं ने कंसोर्टियम को वोट किया था। कंसोर्टियम के पक्ष में 95 फीसदी वोट आए थे, जबकि अडानी पावर को 17 फीसदी वोट मिले थे। रिलायंस इंडस्ट्रीज के पक्ष में एक भी वोट नहीं आया था, जिसके बाद रिलायंस इंडस्ट्रीज मामले से अलग हो गई थी।

### रूसी द्वीप यूरेशिया में फटा सबसे ऊंचा

**मॉस्को ।** यूरेशिया के सबसे ऊंचे सक्रिय ज्वालामुखी में विस्फोट के बाद बुधवार को राख का विशाल गुबार फैल गया, जिसके कारण अधिकारियों ने रूस के कम आबादी वाले कामचटका द्वीप के दो शहरों में स्कूलों बंद करने का आदेश दिया। अधिकारियों ने बताया कि क्लुचेव्स्काया सोपका ज्वालामुखी में विस्फोट के बाद समुद्र तल से 13 किलोमीटर (8 मील) ऊपर तक राख फैल गई है। किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है, लेकिन अधिकारियों ने एहतियात के तौर पर उस्त-कामचत्स्क और क्लाइची में स्कूलों को बंद करने का आदेश दिया। प्रत्येक कस्बे में लगभग पांच हजार लोगों की आबादी है। ज्वालामुखी से क्लाइची की दूरी लगभग 30 किलोमीटर और उस्त-कामचत्स्क की 50 किलोमीटर है। कल 4,650 मीटर (15,255 फुट) ऊंचा यह ज्वालामुखी हाल के वर्षों में सक्रिय हुआ है और जून में इससे लावा भी निकला था।

### फेविकोल रेलम से अपने फर्नीचर में जान फूंके

**रांची।** फेविकोल रेलम के साथ, फेस्टिव सीजन में अपने फर्नीचर को नया रूप देना एक परेशानी मुक्त प्रेक्टिस बन जाता है। फेविकोल रेलम का उपयोग करके, अब आप लैमिनेट पर लैमिनेट चिपका सकते हैं और इस प्रकार फर्नीचर रेनोवेशन प्रोसेस को आसान बना सकते हैं। फेविकोल रेलम एडहैसिव कुछ घंटों में इंस्टेंट पकड़ और प्रोसेसिंग स्ट्रेंथ देता है। इसमें कोई गंध नहीं है. इसका उपयोग करना आसान है और उपयोग से पहले इसको अच्छी तरह से मिक्स करने की भी जरूरत नहीं होती है। फेविकोल रेलम यह सुनिश्चित करता है कि लैमिनेट आसानी से चिपक जाए और बिना किसी गड़बड़ी के एक प्रोफेशनल फिनिश दे। फेविकोल रेलम का उपयोग करके, कोई सीधे पुराने लैमिनेट पर नया लैमिनेट चिपका सकता है और रातों-रात पुराने फर्नीचर का लुक बदल सकता है, जिससे वे वाइब्रेंट और स्टाइलिश दिखेंगे। फेविकोल रेलम, एडहैसिव सॉल्यूशंस में एक विश्वसनीय नाम, आपके फर्नीचर को बदलने के लिए कई संभावनाएं प्रदान करता है। चाहे आप अपने पुराने किचन कैबिनेट और अलमारी को आधुनिक टच देना चाहते हों या एक थकी हुई दिखने वाली कॉफी टेबल को सजाना चाहते हों, फेविकोल रेलम एक विश्वसनीय और उपयोग में आसान सॉल्यूशन प्रदान करता है।

# सबसे अधिक आबादी वाले क्षेत्रों में बम की धमकी के बाद बंद किये गए स्कूल




**एजेंसी। ओटाव**

कनाडा के 13 प्रान्तों और राज्यक्षेत्रों में से सबसे अधिक आबादी वाले प्रान्त ओंटेरियो में बम की धमकियों के बाद टिमिंस समेत उत्तरी ओंटारियो में टेमागामी से लेकर हर्स्ट तक के स्कूल बंद कर दिए गए। उत्तर-पश्चिमी ओंटारियो में भी कुछ स्कूल बंद हो गए हैं। ओंटेरियो जिसमें देश के 38.3% लोग बसते हैं समें देश का सबसे बड़ा शहर टोरोंटो और राष्ट्रीय राजधानी ओटावा दोनों स्थित हैं। एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया कि है धमकियों के बाद वास्तविक विस्फोटक उपकरणों का कोई सबूत नहीं है। पुलिस ने कहा, एहतियात के तौर पर निशाना बनाए गए ज्यादातर स्कूल बंद कर दिए गए हैं और जांच जारी है। अधिक जानकारी के लिए अभिभावकों को अपने स्कूल या स्कूल बोर्ड से संपर्क करने के लिए कहा जा रहा है। मीडिया संबंधों के कार्यवाहक प्रबंधक बिल डिक्सन ने कहा कि पुलिस को आज सुबह उत्तरी ओंटारियो में स्कूलों में बम हमलो के खतरों के बारे में सूचित किया गया था।

## पेज एक के शेष

### भारत ने कोरिया...

हार के साथ नौ अंक लेकर लीग चरण का समापन किया। थाईलैंड को पांच मैचों में एक में भी जीत नसीब नहीं हुई और पांचों में उसे हार का सामना करना पड़ा।

मलेशिया पांच मैचों में एक जीत, एक ड्रॉ और तीन हार के साथ चार अंक लेकर पांचवें नंबर के साथ लीग चरण का समापन किया। मलेशिया और थाईलैंड सेमीफाइनल में जगह नहीं पाई और बाहर हो गई। राउंड रॉबिन लीग चरण के आधार पर खेले जा रहे इस टूर्नामेंट में कुल छह टीमें भाग ले रही हैं। इनमें मेजबान भारत के अलावा चीन, जापान, कोरिया, मलेशिया और थाईलैंड की टीमें शामिल हैं। लीग चरण के बाद अंकतालिका की टॉप-4 टीमें सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी। भारत को साल 2016 के बाद से अपनी पहली खिताब की तलाश है। भारतीय टीम 2013 और 2018 में रजत पदक जीत चुकी है।

### कोल्ड स्टोरेज किसानों के...

देने का फर्क आया कि अब ढाई लाख लीटर दूध उत्पादन राज्य में हो रहा। दूध की कमाई, बोनस से उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव आने लगा है। 58 लाख बिरसा किसानों के जीवन में बेहतरी के लिए दूसरे विभागों के समन्वय के साथ प्रयास हो रहे हैं। बादल ने कहा कि हर पैरामीटर, बिंदुओं के आधार पर सुखाड़ संबंधी रिपोर्ट केंद्र को पिछले साल दी गई। 9600 करोड़ राहत के तौर पर मांगे गए। केंद्र से टीम भी यहां आयी। आश्वासन मिला लेकिन अंततः निराशा ही हाथ लगी। इस बार भी सुखाड़ की स्थिति है। 158 प्रखंडों में स्थिति कठिन है। विभाग की ओर से रिपोर्ट तैयार है। आपदा प्रबंधन विभाग से इसे शेयर करने के अलावा कैबिनेट में भी लाया जाएगा। इस मौके पर विभागीय सचिव अबू बकर सिद्दीख सहित अन्य मौजूद थे।

### रिम्स हॉस्टल के ...

छात्र की मौत हो गयी। मामले की जानकारी मिलने के बाद सिटी एसपी राज कुमार गुप्ता, सदर डीएसपी दीपक बरवार, बरियातू प्रभारी हसनैन अंसारी के अलावा रिम्स प्रबंधन के लोग मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव की पहचान कराने के बाद अपने कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए रिम्स में रखा गया है। इधर, छात्र की मौत के मामले में पुलिस हत्या और आत्महत्या के बिंदु पर जांच शुरू कर दी है। वहीं पुलिस ने छात्र के परिजनों को भी घटना की जानकारी दी है।

**जांच के लिए फुट प्रिंट के निशान ले गयी पुलिस :** मामले की जानकारी मिलने के बाद एफएसएल की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस की ओर से छत की फोटोग्राफी व वीडियोग्राफी करायी। साथ ही टीम ने हॉस्टल की छत पर पसरे पेट्रोलियम पदार्थ के अंश और फुटप्रिंट की फोटो अपने साथ जांच के लिए ले गयी। इसके अलावा टीम ने घटना स्थल से कई अन्य चीजें भी जब्त की है। वहीं मामले की तफ्तीश के लिए डॉग स्क्वायड की टीम भी पहुंचकर जांच की। पुलिस का कहना है कि एफएसएल की रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**मदन का कमरा खुला था :** पीजी के छात्र डॉ मदन गुरुवार सुबह से ही गायब था। उसका कमरा भी खुला हुआ था और मोबाइल कमरे में ही पड़ा था। इसी बीच ड्यूटी में जाने के लिए सहपाठी श्रीदेव ने मदन को कई बार फोन किया था। लेकिन मदन ने उसका फोन रीसिव नहीं किया।

### बिहार के बालू घोटाले को...

ले लिया है। हालांकि, इसकी आधिकारिक तौर पर पुष्टि नहीं की गई है। बता दें कि इससे पहले बीते पांच जून को ईडी ने झारखंड के धनबाद और हजारीबाग में छापेमारी की थी। तब, हजारीबाग में मणिपुर कैडर के एक आईपीएस के भाई और झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन के पूर्व सचिव संजय सिंह, धनबाद में ब्रॉडसन कमोडिटी प्राइवेट लिमिटेड व मोर मुकुट प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक पुंज सिंह, कंपनी के पार्टनर सुरेंद्र जिंदल, जगनारायण सिंह और मिथिलेश सिंह, बिल्डर रितेश कुमार शर्मा के यहां दबिश दी गई थी। इस मामले में जगनारायण सिंह उर्फ जगन सिंह और उनके पुत्र जेल में हैं। ईडी की छापेमारी जहां भी चल रही है, उन सभी का संबंध ब्रॉडसन कमोडिटी प्राइवेट लिमिटेड से है। यह वही कंपनी है जिसने बिहार के पांच जिलों (पटना, भोजपुर, रोहतास, छपरा, औरंगाबाद) में बालू उठाव का काम लिया था। इस कंपनी का संचालन डॉ. अशोक कुमार, जगनारायण सिंह, मिथिलेश कुमार सिंह, अशोक जिंदल और पुंज कुमार सिंह करते थे। ये सभी कंपनी के पार्टनर थे। बताया जा रहा है कि बिहार में 1,000 करोड़ से अधिक के अवैध बालू का खनन कर खुले बाजार में बेचा गया है।

### सुप्रीम कोर्ट ने ...

इस पर चीफ जस्टिस ने पूछा था कि इसका इलेक्टोरल बांड से कोई मतलब नहीं है। पहले राजनीतिक दलों को कारपोरेट चंदे की सीमा थी, लेकिन अब ये सीमा नहीं है। इसके लिए कई संशोधन किए गए। पहले कारपोरेट को इसका खुलासा करना होता था कि उसने किसे चंदा दिया। अब कारपोरेट ने किसे चंदा दिया ये खुलासा नहीं करना है, बल्कि कुछ चंदे का खुलासा करना है।

इलेक्टोरल बांड को चुनौती देने से संबंधित याचिकाओं के मामले पर अटार्नी जनरल आर वेंकटरमणी ने 30 अक्टूबर को सुप्रीम कोर्ट में अपना हलफनामा दाखिल किया। अटार्नी जनरल ने कहा है कि ये मुद्दा न्यायिक समीक्षा का नहीं है और न ही ये ऐसा विषय है जिस पर कोर्ट दिशानिर्देश जारी करे। इस मसले पर संसद में बहस होनी चाहिए। इलेक्टोरल बांड किसी भी मौजूदा अधिकार का उल्लंघन नहीं करता और यह योजना खुद ही गोपनीयता प्रदान करती है। इलेक्टोरल बांड संविधान के अनुच्छेद 19(2) के तहत जायज है। इस अनुच्छेद में केंद्र सरकार मौलिक अधिकारों पर कुछ प्रतिबंध लगा सकती है। पांच सदस्यीय संविधान बेंच में चीफ जस्टिस के अलावा जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा शामिल हैं।

जिला अभियंता का कार्यालय,
जिला परिषद, खूँटी
(अभियंत्रण शाखा)

शुद्धि पत्र

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय द्वारा अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 24/2023-24 PR No- 310090 (District) 23-24D के द्वारा प्रकाशित विज्ञापन को अपरिहार्य कारणवश स्थगित/रद्द किया जाता है।

ह०/–
जिला अभियंता,
जिला परिषद, खूँटी

PR 310429 District(23-24).D

कार्यालय : जिला स्वास्थ्य समिति, रामगढ़।

डी०एम०एफ०टी के तहत अनुबंध के आधार पर विभिन्न स्वीकृत पदों पर चयन करने हेतु अभ्यार्थियों के लिए आवश्यक सूचना

रामगढ़ जिलांतर्गत डी०एम०एफ०टी के तहत अनुबंध के आधार पर विभिन्न स्वीकृत पदों पर चयन करने हेतु प्रकाशित विज्ञापन संख्या 09/2023 के आलोक में झारखण्ड के स्थानीय अभ्यार्थियों से आवेदन आमंत्रित किये गये है, प्राप्त आवेदनो को स्क्रूटनी समिति द्वारा दिनांक 26.10.2023 को स्क्रूटनी की गई, तत्पश्चात सभी अभ्यार्थियों को समाचार पत्र के माध्यम से सूचित किया जाता है कि जिन अभ्यार्थियो को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो दिनांक 06.11.2023 संध्या 05:00 बजे तक कार्यालय अवधि में अपनी आपत्ति जमा करेगें या सिविल सर्जन कार्यालय के ई–मेल (csramgarh@yahoo.co.in) पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेगें। तदुपरान्त कोई दावा आपत्ति स्वीकार एवं मान्य नहीं होगा।

सभी अभ्यार्थियों की सूची रामगढ़ जिले के बेबसाईट www.ramgarh.nic.in पर दिनांक 01.11.2023 के अपराहन् में अपलोड कर दिया गया है।

ह०/–
सिविल सर्जन
रामगढ़

PR 310414 (Health Med Edu and Family Welfare) 23-24 (D)

झारखण्ड सरकार
कृषि पशुपालन, एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग)
कार्यालय– जिला कृषि पदाधिकारी, सिमडेगा

अल्पकालिन निविदा आमंत्रण संबंधी सूचना
निविदा प्राप्ति का स्थान–जिला कृषि कार्यालय,सिमडेगा
निविदा प्राप्ति की तिथि–02.11.2023 से 16.11.2023 तक कार्यालय अवधि तक

वित्तीय वर्ष 2023–24 में सचिव, कृषि पशुपालन, एवं सहकारिता विभाग झारखण्ड, राँची के राज्यादेश संख्या –02 दिनांक 27.04.2023 के अनुपालन में राज्य योजनान्तर्गत कृषि प्रयोगशाला स्थापना एवं सुदृढ़ीकरण योजना के कार्यान्वयन हेतु निम्न लिखित उपस्करों की आपूर्ति हेतु मोहरबंद सील लिफाफे में निविदाएँ आमंत्रित की जाती है।

| Sl. No. | Particulars | No |
|---|---|---|
| 1 | Computer desktop (All-in-one 12th Gen intel core i5-24inch(60.5cm) FHD desktop(8Gb RAM/512GB SSD/win 11/wireless keyboard and mouse /MSO/IR Privacy Camera ) | One |
| 2 | Computer table Material : particle board Colour:Black, Brown Overall dimension:80Lx45Wx75Hcm CPU Stand Size: 24Wx38Dx43Hcm Left shelf Size:39.5Lx24Dx23.6Hcm Keyboard tray size:63Lx30Dcm Weight capacity 20 kg | One |
| 3 | Inverter+battry 2050 VA 180 AH DOBBLE tubular Battery with Trolly and Installation | One |
| 4 | Office almirah ISI MARKA 22 GAZE | One |
| 5 | Ups 1 KVA DOBBLE BATTERY | One |
| 6 | One scanner cum xerox machine (colored) duty cycle-1000000/monthly A3 SIZE 40 PPM /WiFi | One |
| 7 | Printer colored print/copy scan/colour/b&w/wiFi | One |
| 8 | Glossy paper 130 gsm | 20 packets |
| 9 | Extension power connector 5pin socket / 5metter wire | One |
| 10 | Pen drives 64 gb | Two |
| 11 | Hard disk 1tb external | One |
| 12 | Speakers 70 watt 2.1 usb | One set |

जिला कृषि पदाधिकारी, सिमडेगा।

PR 310490 Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department(23-24)D






# श्रीलंका को 302 रनों से रौंदकर सेमीफाइनल में पहुंची टीम इंडिया

**एजेंसी। मुंबई**

भारत के बल्लेबाजों ने वानखेड़े स्टेडियम की पिच पर ढेरों रन बटोरे तो गेंदबाजों ने भी कहर बरपाया जिससे मेजबान टीम ने गुरुवार को यहां आईसीसी विश्व कप मुकाबले में श्रीलंका को 302 रन से रौंदकर लगातार सातवीं जीत के साथ सेमीफाइनल में जगह पक्की की। यह रनों के लिहाज से विश्व कप की दूसरी सबसे बड़ी और भारत की विश्व कप इतिहास की सबसे बड़ी जीत है।

श्रीलंका का यह स्कोर उसका संयुक्त रूप से तीसरा न्यूनतम और विश्व कप का चौथा न्यूनतम स्कोर है। भारत के 358 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए श्रीलंका की टीम मोहम्मद शमी (18 रन पर पांच विकेट) के करियर के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन और मोहम्मद सिराज (16 रन पर तीन विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने 19.4 ओवर में 55 रन पर ढेर हो गई। जसप्रीत बुमराह और रविंद्र जडेजा ने एक-एक विकेट चटकाया। श्रीलंका की ओर कासुन रजिता (14), महीश तीक्षणा (नाबाद 12) और एंजेलो मैथ्यूज (12) ही दोहरे अंक में पहुंच पाए।

तीक्षणा और रजिता ने नौवें विकेट के लिए 20 रन जोड़े जो पारी की सबसे बड़ी साझेदारी रही। श्रीलंका के पांच बल्लेबाज खाता भी नहीं खोल पाए। श्रीलंका को 17 सितंबर 2023 को एशिया कप के फाइनल में 50 रन पर ढेर करने के 45 दिन बाद भारत इस साल तीसरी बार इस टीम को 100 रन के आंकड़े को भी नहीं छूने दिया। भारत ने इसी साल जनवरी में तिरूवनंतपुरम में भी श्रीलंका को 73 रन पर आउट किया था। इस जीत से भारत सात मैच में सात जीत से 14 अंक के साथ शीर्ष पर पहुंच गया। श्रीलंका के सात मैच से सिर्फ चार अंक हैं और वह सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो गया है। भारत ने इससे पहले शुभमन गिल (92 रन, 92 गेंद, 11 चौके, दो छक्के), विराट कोहली (88 रन, 94 गेंद, 11 चौके) और श्रेयस अय्यर (82 रन, 56 गेंद, छह छक्के, तीन चौके) के अर्धशतक से आठ विकेट पर 357 रन बनाए।



## वर्ल्ड कप 2023 पॉइंट्स टेबल

| टीम | मैच | जीत | हार | नेट प्वाइंट्स | नेट प्वाइंट्स |
|---|---|---|---|---|---|
| भारत | 7 | 7 | 0 | 14 | +2.102 |
| सा. अफ्रीका | 7 | 6 | 1 | 12 | +2.290 |
| ऑस्ट्रेलिया | 6 | 4 | 2 | 8 | +0.970 |
| न्यूजीलैंड | 7 | 4 | 3 | 6 | +0.484 |
| पाकिस्तान | 7 | 3 | 4 | 6 | -0.024 |
| अफगानिस्तान | 6 | 3 | 3 | 6 | -0.718 |
| श्रीलंका | 7 | 2 | 5 | 4 | -1.162 |
| नीदरलैंड्स | 6 | 2 | 4 | 4 | -1.277 |
| बांग्लादेश | 7 | 1 | 6 | 2 | -1.446 |
| इंग्लैंड | 6 | 1 | 5 | 2 | -1.652 |

## स्कोर बोर्ड

| भारत | रन | बॉल | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रोहित शर्मा | 4 | 2 | 1 | 0 |
| शुभमन गिल | 92 | 92 | 11 | 2 |
| विराट कोहली | 88 | 94 | 11 | 0 |
| श्रेयस अय्यर | 82 | 56 | 3 | 6 |
| के एल राहुल | 21 | 19 | 2 | 0 |
| सूर्यकुमार यादव | 12 | 9 | 2 | 0 |
| रवींद्र जाडेजा | 35 | 24 | 1 | 1 |
| मोहम्मद शमी | 2 | 4 | 0 | 0 |
| जसप्रीत बुमराह | 1 | 1 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त :** 20, **कुल :** 357/8 (50 ओवर)
**विकेट पतन:** 1-4, 2-193, 3-196, 4-256, 5-276, 6-333, 7-355, 8-357 . डीआरएस
**गेंदबाजी :** दिलशान मदुशंका 10-0-80-5, दुश्मांता चमीरा 10-2-71-1, कसुन रजिता 9-0-65-0, एंजलो मैथ्यूज 3-0-11-0, महीश थीक्षणा 10-0-67-0, दुशान हेमंता 8-0-52-0

| श्रीलंका | रन | बॉल | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| पथुम निसंका | 0 | 1 | 0 | 0 |
| दिमुथ करुणारत्ने | 0 | 1 | 0 | 0 |
| कुसल मेंडिस | 1 | 10 | 0 | 0 |
| सदीरा समराविक्रमा | 0 | 4 | 0 | 0 |
| चरिथ असलंका | 1 | 24 | 0 | 0 |
| एंजलो मैथ्यूज | 12 | 25 | 1 | 0 |
| दुशान हेमंता | 0 | 1 | 0 | 0 |
| दुश्मांता चमीरा | 0 | 6 | 0 | 0 |
| महीश थीक्षणा | 12 | 23 | 2 | 0 |
| कसुन रजिता | 14 | 17 | 2 | 0 |
| दिलशान मदुशंका | 5 | 6 | 1 | 0 |

**अतिरिक्त :** 10, **कुल :** 55/10 (19.4 ओवर)
**विकेट पतन:** 1-0, 2-2, 3-2, 4-3, 5-14, 6-14, 7-22, 8-29, 9-49, 10-55 . डीआरएस
**गेंदबाजी :** जसप्रीत बुमराह 5-1-8-1, मोहम्मद सिराज 7-2-16-3, मोहम्मद शमी 5-1-18-5, कुलदीप यादव 2-0-3-0, रवींद्र जाडेजा 0.4-0-4-1

# विराट कोहली ने एक कैलेंडर वर्ष में सर्वाधिक 1000 वनडे रन के तेंदुलकर के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा





**एजेंसी। मुंबई**

स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने एक कैलेंडर वर्ष में 1000 से अधिक वनडे रन बनाने के महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। स्टाइलिश भारतीय बल्लेबाज ने गुरुवार को वानखेड़े स्टेडियम में श्रीलंका के खिलाफ विश्व कप-2023 मैच के दौरान यह उपलब्धि हासिल की। कोहली ने अब तक आठ बार एक कैलेंडर वर्ष में 1000 से अधिक वनडे रन बनाए हैं और तेंदुलकर के सात बार एक कैलेंडर वर्ष में 1000 से अधिक वनडे रन के पिछले रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है।

वनडे क्रिकेट में कोहली की चमक 2017 में वापस आई जब उन्होंने 26 पारियों में 1460 रन बनाए। लगातार चार वर्षों 2011, 2012, 2013 और 2014 में 1000+ रन के साथ, कोहली बल्ले से अभूतपूर्व प्रदर्शन के बाद 2017, 2018 और 2019 में तेंदुलकर के रिकॉर्ड की बराबरी करने में सफल रहे। साल 2020, 2021 और 2022 में बल्ले से संघर्ष करने के बाद कोहली अब श्रीलंका के खिलाफ 82 रन की पारी के साथ एक कैलेंडर वर्ष में सबसे ज्यादा 1000 प्लस वनडे रन बनाने के रिकॉर्ड धारक बन गए हैं। कोहली ने 94 गेंदों में 11 चौकों और बिना किसी छक्के की मदद से 88 रनों की बेहतरीन पारी खेली। कोहली अब 48 वनडे शतकों के साथ तेंदुलकर के एक और वनडे शतक के रिकॉर्ड का इंतजार कर रहे हैं। तेंदुलकर, जिन्होंने 49 एकदिवसीय शतक बनाए हैं, सर्वाधिक एकदिवसीय शतकों के रिकॉर्ड में शीर्ष पर हैं।



## 37वे राष्ट्रीय खेल में भाग लेने के लिए प्रदेश योगासन दल रवाना



**रांची।** गोआ में आयोजित किये जा रहे 37वे राष्ट्रीय खेल में भाग लेने के लिए झारखंड योगासन टीम आज गोआ के लिये रवाना हो गयी। ज्ञातव्य है कि इस राष्ट्रीय खेल में झारखंड की योगासन टीम ने क्वालीफाई किया है। झारखंड दल मे रोहित कुमार, करण प्रजापति, संजय कुमार, करण कुमार रेंजर कुमार सरदार, रिया सेन, बेबी कुमारी, अंजु कुमारी, दीपशिखा दान झारखंड दल के साथ उसकी कोच रजनी बक्शी मैनेजर संजय सिंह एवं टेक्निकल ऑफीसर विपिन कुमार पांडे भी रवाना हो रहे है।

## इयोन मोर्गन ने इंग्लैंड का कोच बनने की अफवाहों को किया खारिज

**एजेंसी। पुणे**

2019 विश्व कप विजेता कप्तान इयोन मोर्गन ने सफेद गेंद वाले क्रिकेट में इंग्लैंड का कोच बनने की अफवाहों को खारिज कर दिया है। टीम के वर्तमान कोच मैथ्यू मॉट पर अपनी भूमिका पर बने रहने का दबाव है, क्योंकि इंग्लैंड छह में से पांच मैच हार चुका है और अंक तालिका में सबसे नीचे है। इयोन मोर्गन ने स्काई स्पोर्ट्स से कहा, चेंजिंग रूम में कप्तान या कोच या कोई भी खिलाड़ी यह नहीं बता सकता कि वे किस स्थिति में हैं। लेकिन मैं बहुत खुश हूं और जानता हूं कि मैं भविष्य में क्या करने जा रहा हूं। अब मैं अपने युवा परिवार के साथ घर पर ज्यादा समय बिता रहा हूं, जो बहुत अच्छा है और मुझे ऐसा करना बहुत पसंद है। पूर्व बाएं हाथ के बल्लेबाज का यह भी मानना है कि टीम के शीर्ष पर मॉट जैसे लोगों की जगह लेना एक बुरा विचार है और पिछले संस्करणों में इंग्लैंड के शानदार प्रदर्शन को देखते हुए उन्हें सफेद गेंद वाली टीम में चीजों को सही करने के लिए समय दिया जाना चाहिए। इयोन मोर्गन ने कहा, इंग्लैंड दो बार विश्व चैंपियन रही है, वे किसी भी तरह से खराब टीम नहीं हैं। मैथ्यू मॉट इस समय अपने इंग्लैंड कोचिंग करियर की सबसे बड़ी चुनौती से गुजर रहे हैं और यह एक ऐसी चुनौती है जिसे ठीक करने के लिए उन्हें समय दिया जाना चाहिए।



# नीदरलैंड के खिलाफ शानदार स्पिन आक्रमण से दावेदार होगा अफगान

**एजेंसी। लखनऊ**

अफगानिस्तान की टीम अपने बेहतरीन स्पिन आक्रमण की बदौलत शुक्रवार को नीदरलैंड के खिलाफ होने वाले विश्व कप मुकाबले में इकाना की पेचीदा पिच पर प्रबल दावेदार होगी और वह इस मैच में दो महत्वपूर्ण अंक हासिल करने के साथ अपना नेट रन रेट भी बढ़ाने का प्रयास करेगी।

अफगानिस्तान के छह अंक हैं जबकि हालैंड के चार अंक हैं जिससे सेमीफाइनल की दौड़ में बने रहने के लिए वह बड़ी जीत दर्ज करना चाहेगी ताकि उसके नेट रन रेट में इजाफा हो।

अफगानिस्तान के शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों ने जिस तरह से पाकिस्तान और श्रीलंका जैसी टीमों को मात देने में अहम भूमिका निभायी, उससे दिखता है कि गत चैम्पियन इंग्लैंड के खिलाफ उसकी जीत महज तुक्का नहीं थी। एशेज जीतने वाली इंग्लैंड टीम का हिस्सा रहे जोनाथन ट्रॉट अफगानिस्तान के कोच हैं और उन्होंने टीम के खिलाड़ियों में वैसा ही जज्बा भर दिया है जैसा वह अपने खेल के दिनों में दिखाया करते थे।

अफगानिस्तान ने अपने पद्धतिगत दृष्टिकोण और शानदार जज्बे से सभी का ध्यान आकर्षित किया है। जिस तरह कीनिया ने 2003 विश्व कप के सेमीफाइनल में प्रवेश किया था, वैसे ही अफगानिस्तान की टीम भी उम्मीद कर रही होगी कि हालैंड के खिलाफ नतीजा उनके पक्ष में जाये। क्योंकि इस मैच के बाद उन्हें सात नवंबर को आस्ट्रेलिया और फिर 10 नवंबर को दक्षिण अफ्रीका से भिड़ना है जिसके नतीजों से ही तय होगा कि वे विश्व कप के अगले स्तर (सेमीफाइनल) में पहुंचने की काबिलियत रखते हैं या नहीं। एक हार से सब खत्म हो जाएगा।

### टीमें इस प्रकार हैं

**अफगानिस्तान :** हशमतुल्लाह शाहिदी (कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज (विकेटकीपर), इब्राहिम जदरान, रियाज हसन, रहमत शाह, नजीबुल्लाह जदरान, मोहम्मद नबी, इकराम अलीखिल (विकेटकीपर), अजमतुल्लाह उमरजई, राशिद खान, मुजीबुर रहमान, नूर अहमद, फजलहक फारूकी, अब्दुल रहमान और नवीनुल हक।

**नीदरलैंड :** स्कॉट एडवर्ड्स (कप्तान और विकेटकीपर), कोलिन एकरमैन, वेस्ले बारेसी (विकेटकीपर), बास डी लीडे, आर्यन दत्त, साइब्रांड एंगेलब्रेक्ट, रेयान क्लेन, तेजा निदामानुरु, मैक्स ओडोड, साकिब जुल्फिकार, शारिज अहमद, लोगान वान बीक, रोल्फ वान डर मर्वे, पॉल वान मीकेरेन और विक्रमजीत सिंह।



## हॉकी खिलाड़ी रोपनी कुमारी को रेलवे में नौकरी का ऑफर



**रांची।** दक्षिण पूर्व रेलवे (एसईआर) ने अब हॉकी खिलाड़ी और जूनियर भारतीय महिला हॉकी टीम की सदस्य झारखंड की रोपनी कुमारी को नौकरी का ऑफर दिया है। रोपनी अभी जूनियर वर्ल्ड कप के लिए बेंगलुरु में चल रहे भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम के राष्ट्रीय कैंप में शामिल हैं। उन्हें दक्षिण पूर्व रेलवे रांची में नौकरी का ऑफर दिया है। हॉकी झारखंड के मनोज कोनबेगी ने इसे प्रशंसनीय बताया कि यह किसी भी खिलाड़ी के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है। इससे उनका मनोबल बढ़ेगा। किसी बड़े प्रतियोगिता हॉकी कैंप से पहले इस तरह का ऑफर आने से खिलाड़ी को अपने भविष्य के लिए निश्चितता दिखती है। काफी मनोबल बढ़ता है। इसका जरूर लाभ मिलेगा।

# भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम 11वें सुल्तान जोहोर कप के सेमीफाइनल में जर्मनी से भिड़ेगी


**एजेंसी। मलेशिया**

भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम शुक्रवार को 11वें सुल्तान जोहोर कप 2023 के सेमीफाइनल में विश्व नंबर 2 जर्मनी के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करने के लिए तैयार है। मौजूदा चैंपियन भारत ने पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया और अजेय रही है। अपने पड़ोसी प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ अपने पहले मैच में भारत 3-3 से रोमांचक ड्रॉ हासिल करने में सफल रहा। मैच के बारे में बात करते हुए भारत के कप्तान उत्तम ने कहा कि इसने टीम को बाकी प्रतियोगिता के लिए अच्छी स्थिति में ला दिया है।



**एशियाई शूटिंग चैम्पियनशिप**

## भारत के 22 पदकों ने पेरिस ओलंपिक के लिए तैयार किया एक बेहतरीन मंच



**एजेंसी। नई दिल्ली**

मनु भाकर पहली भारतीय निशानेबाज बनीं जिन्होंने टोक्यो ओलंपिक में हिस्सा लिया और फिर पेरिस ओलंपिक कोटा स्थान भी पक्का किया, जबकि 15 वर्षीय तिलोत्तमा सेन ने विश्व चैंपियनशिप में मिली निराशा को पीछे छोड़ते हुए एशियाई शूटिंग चैंपियनशिप में भारत की महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में कोटा हासिल किया। एशियाई शूटिंग चैंपियनशिप में भारत ने 22 पदक जीते और छह पेरिस ओलंपिक कोटा स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता का प्राथमिक उद्देश्य अगले साल के पेरिस ओलंपिक के लिए ओलंपिक कोटा स्थान जीतना था और उस मोर्चे पर भारत ने अच्छा प्रदर्शन किया। इन छह कोटा को मिलाकर अगले साल के खेलों के लिए भारत के पास अब 13 स्थान सुरक्षित हैं, जीते गए कोटा की संख्या में भारत केवल चीन और संयुक्त राज्य अमेरिका से पीछे हैं और दक्षिण कोरिया के साथ संयुक्त तीसरे स्थान पर हैं। बता दें कि कोटा देश को जाता है, निशानेबाज को नहीं, इसलिए पेरिस में वास्तव में कौन पहुंचेगा, इसका फैसला अगले साल चयन परीक्षणों में किया जाएगा। ये कोटा न केवल जीते गए पदकों पर निर्भर करते हैं।

## स्वर्ण पदक जीतकर अपने दिवंगत पिता को श्रद्धांजलि देना चाहती हैं निहारिका



**पणजी।** बॉक्सिंग के दीवानों के लिए निहारिका गोनेला एक जाना-पहचाना नाम है। निहारिका को पिछले साल गुजरात में हुए 36वें राष्ट्रीय खेलों में 2017 की जूनियर विश्व चैंपियन असम की अंकुशिता बोरा के खिलाफ हार का मुंह देखना पड़ा था और इसके बाद उनके गालों पर बहते आंसू हर किसी के दिमाग में ताजा हैं। 37वें राष्ट्रीय खेलों में गोवा का प्रतिनिधित्व कर रहीं निहारिका ने 60 किग्रा वर्ग में असम की बार्बी गोगोई को एकतरफा अंदाज में 5-0 से हराकर इन खेलों में अपने अभियान की विजयी शुरूआत की है। बिलासपुर में हाल में आयोजित रेलवे राष्ट्रीय चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाली निहारिका को अपने उसी प्रदर्शन को यहां पेडम स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में भी दोहराने की उम्मीद है।

**विचार**

## सचिन ने वानखेड़े में अपनी प्रतिमा के अनावरण पर जताई खुशी, कहा-

# जीवन वास्तव में पूर्ण चक्र में आ गया है

**एजेंसी। नई दिल्ली**

महान भारतीय क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने गुरुवार को वानखेड़े स्टेडियम में अपनी प्रतिमा के अनावरण पर खुशी व्यक्त की। उन्होंने बचपन के उन दिनों को याद करते हुए, जब वह स्टेडियम में छिपकर प्रवेश करते थे, कहा कि उनके लिए जीवन पूर्ण चक्र में आ गया है। उन्होंने यह प्रतिमा उन सभी लोगों को समर्पित की जो एक क्रिकेटर के रूप में उनकी यात्रा का हिस्सा थे। सचिन ने एक्स पर लिखा, इस तस्वीर का मेरे दिल में बहुत खास स्थान है। 25 उत्सुक प्रशंसकों के लिए केवल 24 टिकटों के साथ नॉर्थ स्टैंड में प्रवेश करने वाले 10 वर्षीय लड़के से लेकर, प्रतिष्ठित वानखेड़े में मेरी प्रतिमा का अनावरण होने तक, जीवन वास्तव में पूर्ण चक्र में आ गया है।

मुझे अभी भी हमारे खुशी भरे नारे, उस समूह का सौहार्द और वर्षों से नॉर्थ स्टैंड गैंग का जबरदस्त समर्थन याद है। मैंने पहली बार एक प्रशंसक के रूप में वानखेड़े में कदम रखा था, फिर '87 विश्व कप में बॉल बॉय बना, 2011 विश्व कप जीता, और अपना आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच यहीं खेला - यह एक ऐसी यात्रा है जिसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। यह मूर्ति सिर्फ मेरी नहीं है। यह प्रत्येक नॉन-स्ट्राइकर, मेरे क्रिकेट नायकों, प्रत्येक टीम के साथी, प्रत्येक सहकर्मी के प्रति समर्पण है, जो मेरे साथ खड़े रहे, क्योंकि उनके बिना यह यात्रा संभव नहीं होती। वानखेड़े, और क्रिकेट, यू हैव बिन वेरी काइंड।

बुधवार को श्रीलंका के खिलाफ भारत के विश्व कप मुकाबले की पूर्व संध्या पर वानखेड़े स्टेडियम में सचिन तेंदुलकर की आदमकद प्रतिमा का अनावरण किया गया।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, बीसीसीआई के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला, मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) के अध्यक्ष अमोल काले, राज्यसभा सदस्य शरद पवार और सचिन की पत्नी अंजलि तेंदुलकर, बेटी सारा तेंदुलकर और भाई अजीत तेंदुलकर प्रतिमा के अनावरण के दौरान मौजूद थे। यह प्रतिमा तेंदुलकर के जीवन के 50 वर्षों को समर्पित है और इसे एमसीए द्वारा स्टेडियम में सचिन तेंदुलकर स्टैंड के पास स्थापित किया गया है। 664 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 48.52 की औसत से 34,357 रन के साथ, सचिन अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सर्वाधिक 100 शतक और 164 अर्धशतक बनाए हैं। वह शतकों का शतक लगाने वाले एकमात्र खिलाड़ी हैं।

वनडे में 18,426 रन और टेस्ट में 15,921 रन के साथ, सचिन के पास दोनों प्रारूपों में सबसे ज्यादा रन भी हैं। वह वनडे में दोहरा शतक लगाने वाले और 200 टेस्ट मैच खेलने वाले पहले खिलाड़ी हैं। सचिन के नाम पर 201 अंतरराष्ट्रीय विकेट भी हैं। कुल 664 अंतरराष्ट्रीय मैचों के साथ, वह सर्वकालिक सर्वाधिक कैप्ड खिलाड़ी हैं। वह 2011 में आईसीसी क्रिकेट विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा हैं। सचिन ने 2008-2013 तक छह आईपीएल सीजन खेले हैं (सभी मुंबई इंडियंस के लिए), जहां उन्होंने 78 मैचों में 34.84 की औसत से कुल 2334 रन बनाए हैं। सचिन के नाम 13 अर्द्धशतक और एक शतक है, उन्होंने 119.82 की स्ट्राइक रेट के साथ 29 छक्के और 295 चौके लगाए हैं। उन्होंने एक खिलाड़ी के रूप में फ्रेंचाइजी के साथ टूर्नामेंट का 2013 संस्करण जीता। सचिन का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन आईपीएल 2010 में आया। उन्होंने 15 मैचों में 47.53 की औसत और 132.61 की स्ट्राइक रेट से 618 रन बनाए। उन्होंने उस सीजन में पांच अर्द्धशतक बनाए और उनका सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत स्कोर 89* था। उन्होंने उस सीजन में 'ऑरेंज कैप' जीती थी। एमआई उस सीजन में उपविजेता रही थी।

